RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 12 अंक 38
नई दिल्ली, मंगलवार, 12 दिसंबर, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

पायनियर

भारत की जैव अर्थव्यवस्था 80 अरब अमेरिकी डॉलर हुई

राष्ट्रीय-11

www.dailypioneer.com

अनुच्छेद 370 हटाना संवैधानिक रूप से वैध : सीजेआई

- मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली पांच सदस्यीय पीठ ने सुनाया ऐतिहासिक फैसला
- चुनाव आयोग को सितंबर 2024 से पहले राज्य में चुनाव प्रक्रिया पूर्ण करने को कहा

भाषा। नई दिल्ली



उच्चतम न्यायालय ने पूर्ववर्ती जम्मू-कश्मीर राज्य को विशेष दर्जा देने वाले संविधान के अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को निरस्त करने के केंद्र सरकार के फैसले को सोमवार को सर्वसम्मति से बरकरार रखा और केंद्र शासित प्रदेश (जम्मू कश्मीर) का राज्य का दर्जा जल्द से जल्द बहाल किए जाने एवं अगले साल 30 सितंबर तक विधानसभा चुनाव कराने का निर्देश दिया। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने दशकों पुरानी बहस पर विराम लगाते हुए तीन अलग-अलग लेकिन सर्वसम्मति वाले फैसले सुनाए, जिनमें 1947 में भारत संघ में शामिल होने पर जम्मू- कश्मीर को विशेष दर्जा प्रदान करने वाली संवैधानिक व्यवस्था को निरस्त करने के फैसले को बरकरार रखा गया।

प्रधान न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने अपने और न्यायमूर्ति बी आर गवई एवं न्यायमूर्ति सूर्यकांत की ओर से फैसला सुनाते हुए कहा कि संविधान का अनुच्छेद 370 एक अस्थाई प्रावधान था और राष्ट्रपति के पास तत्कालीन राज्य की संविधान सभा की गैरमौजूदगी में इसे रद्द करने की शक्ति है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अनुच्छेद 370 के ज्यादातर प्रावधानों को निरस्त करने संबंधी सरकार के फैसले को बरकरार रखने के न्यायालय के निर्णय को ऐतिहासिक करार दिया और कहा कि यह जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के लोगों के लिए आशा, प्रगति और एकता की शानदार घोषणा है। न्यायमूर्ति संजय किशन कौल और न्यायमूर्ति संजीव खन्ना ने इस मामले पर अलग-अलग, किंतु सर्वसम्मत फैसले लिखे। शीर्ष अदालत ने 5 अगस्त, 2019 को जम्मू और कश्मीर से केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख को अलग करने के फैसले की वैधता को भी बरकरार रखा। केंद्र सरकार ने इसी दिन अनुच्छेद 370 को निरस्त कर दिया था और पूर्ववर्ती जम्मू-कश्मीर राज्य को दो केंद्रशासित प्रदेशों- जम्मू-कश्मीर एवं लद्दाख में विभाजित कर दिया था। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता के इस बयान का जिक्र किया कि केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख के गठन को छोड़कर, जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल किया जाएगा। उन्होंने कहा, इस बयान के मद्देनजर हमें यह निर्धारित करना आवश्यक नहीं लगता कि जम्मू-कश्मीर राज्य का दो केंद्र शासित प्रदेशों-लद्दाख और जम्मू-कश्मीर में पुनर्गठन अनुच्छेद तीन के तहत स्वीकार्य है या नहीं।

न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा, हम स्पष्टीकरण एक के साथ अनुच्छेद तीन (ए) को पढ़े जाने के मद्देनजर लद्दाख को केंद्र शासित प्रदेश बनाने के निर्णय की वैधता को बरकरार रखते हैं, जो किसी भी राज्य से एक क्षेत्र को अलग करके केंद्र शासित प्रदेश बनाने की अनुमति देता है।

संबंधित घटनाक्रम

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

20 दिसंबर 2018: जम्मू कश्मीर में संविधान के अनुच्छेद 356 के तहत प्रदत्त शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए राष्ट्रपति शासन लागू किया गया। इसे तीन जुलाई 2019 तक के लिए बढ़ाया गया।

पांच अगस्त 2019: केंद्र ने पूर्ववर्ती राज्य जम्मू कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को निरस्त कर दिया।

छह अगस्त 2019: जम्मू कश्मीर के वकील शाकिर शबीर के साथ शामिल हुए एक अन्य वकील एम एल शर्मा ने अनुच्छेद 370 को हटाए जाने के राष्ट्रपति के आदेश को चुनौती देते हुए पहली याचिका दायर की।

10 अगस्त 2019: जम्मू कश्मीर के एक प्रमुख राजनीतिक दल नेशनल कांफ्रेंस (नेकां) ने एक याचिका दायर करते हुए कहा कि राज्य के दर्जे में किए गए बदलावों ने उसके नागरिकों के जनादेश के बिना उनके अधिकार छीन लिए हैं।

24 अगस्त 2019 : भारतीय प्रेस परिषद ने संचार पर प्रतिबंध लगाने के केंद्र और जम्मू कश्मीर प्रशासन के फैसले का समर्थन करते हुए उच्चतम न्यायालय का रुख किया।

28 अगस्त 2019: उच्चतम न्यायालय ने पत्रकारों पर लागू प्रतिबंधों को हटाने के लिए कश्मीर टाइम्स के संपादक की याचिका पर केंद्र सरकार, जम्मू कश्मीर प्रशासन को नोटिस जारी किया।

28 अगस्त 2019: तत्कालीन प्रधान न्यायाधीश रंजन गोगोई की अगुवाई वाली पीठ ने मामले को पांच सदस्ईय संविधान पीठ को भेजा।

19 सितंबर 2019: उच्चतम न्यायालय ने अनुच्छेद 370 को निरस्त किए जाने को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई के लिए पांच सदस्यीय संविधान पीठ का गठन किया।

दो मार्च 2020: उच्चतम न्यायालय ने अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को निरस्त करने के केंद्र के फैसले की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाएं सात सदस्ईय वृहद पीठ को भेजी।

25 अप्रैल 2022: जम्मू कश्मीर में परिसीमन की कार्यवाही किए जाने के मद्देनजर एक याचिकाकर्ता के तत्काल सुनवाई का अनुरोध करने के बाद अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के केंद्र के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं को गर्मियों की छुट्टियों के बाद सूचीबद्ध करने पर सहमति जताई। (शेष पेज 9)

फैसले को पीएम मोदी और शाह ने सराहा

- कहा, ऐतिहासिक फैसले से जम्मू कश्मीर, लद्दाख के लिए आशा, प्रगति और एकता का संदेश

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पूर्ववर्ती जम्मू-कश्मीर राज्य को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 को निरस्त करने संबंधी सरकार के फैसले को बरकरार रखने के उच्चतम न्यायालय के निर्णय को सोमवार को ऐतिहासिक करार दिया और कहा कि यह सिर्फ एक कानूनी फैसला नहीं है बल्कि उम्मीद की किरण तथा एक मजबूत एवं अधिक एकजुट भारत के निर्माण के सामूहिक संकल्प का प्रमाण है। वहीं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने फैसले को उच्चतम न्यायालय द्वारा बरकरार रखे जाने के निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि इससे साबित हो गया कि केंद्र सरकार का निर्णय पूरी तरह से संवैधानिक था।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सर्वोच्च न्यायालय के फैसले को जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के लोगों के लिए आशा, प्रगति और एकता की शानदार घोषणा भी बताया। उन्होंने शीर्ष अदालत के फैसले के बाद एक्स पर कहा, अनुच्छेद 370 को निरस्त करने पर उच्चतम न्यायालय का आज का फैसला ऐतिहासिक है और संवैधानिक रूप से 5 अगस्त 2019 को भारत की संसद द्वारा लिए गए निर्णय को बरकरार रखने वाला है। साथ ही उन्होंने हैशटैग नया जम्मू कश्मीर लिखा। यह जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में हमारी बहनों और भाइयों के लिए आशा, प्रगति और एकता की एक शानदार घोषणा है। न्यायालय ने अपने गहन विवेक से एकता के उस सार को मजबूत किया है जिसे हम भारतीय होने के नाते सबसे ऊपर मानते हैं। प्रधानमंत्री ने जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के लोगों को आश्वस्त करते हुए कहा कि उनके सपनों को पूरा करने की उनकी सरकार की प्रतिबद्धता अटूट है।

वह यह सुनिश्चित करने के लिए दृढ़ हैं कि प्रगति का फल न केवल उनके तक पहुंचे, बल्कि समाज के सबसे कमजोर और हाशिए वाले वर्गों तक भी उनका लाभ पहुंचे, जो अनुच्छेद 370 के कारण पीड़ित थे। आज का फैसला सिर्फ एक कानूनी फैसला नहीं है, यह उम्मीद की किरण है, उज्ज्वल भविष्य का वादा है और एक मजबूत, अधिक एकजुट भारत के निर्माण के हमारे सामूहिक संकल्प का प्रमाण है। (शेष पेज 9)

सुप्रीम कोर्ट के फैसले से राज्य की जनता में उत्साह

- लोकतंत्र का मंच तैयार होने पर लोगों ने कहा यह चुनाव के लिए जुटने का समय

मोहित कंधारी। जम्मू

जम्मू-कश्मीर की प्रतिक्रिया

शीर्ष अदालत द्वारा सोमवार को अनुच्छेद 370 को निरस्त करने और सितंबर 2024 तक विधानसभा चुनाव कराने के लिए मंच तैयार करने का फैसला सुनाए जाने के बाद जम्मू-कश्मीर की आम जनता ने अपना उत्साह और प्रसन्नता सड़कों पर उतर कर दिखायी। हालांकि आम लोगों ने धारा 370 हटाने के मुद्दे पर केंद्रित राजनीति पर चर्चा करने से परहेज किया। लेकिन वे राज्य में लोकतंत्र के इच्छुक दिखे। शीर्ष अदालत के फैसले पर अपनी राय साझा करते हुए आम आदमी ने कहा, यह चुनाव की तैयारी करने और शून्य को भरने के लिए अपने प्रतिनिधियों को चुनने का समय है।

वरिष्ठ वकील शेख शकील ने इसे ऐतिहासिक फैसला बताते हुए पायनियर से कहा, शीर्ष न्यायालय ने जम्मू-कश्मीर में लोकतंत्र बहाल करने का मार्ग प्रशस्त किया है। भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने केंद्र को जम्मू को राज्य का दर्जा बहाल करने का भी निर्देश दिया है। इसके साथ कश्मीर में लंबे समय से लंबित विधानसभा चुनावों के लिए मंच तैयार किया जा रहा है।

वंचित वाल्मिकी समाज के वरिष्ठ प्रतिनिधि घारू भट्टी और पश्चिमी पाक शरणार्थी संयुक्त कार्रवाई समिति के अध्यक्ष लाभ राम गांधी ने भी ऐतिहासिक फैसले का स्वागत किया। सर्वोच्च न्यायालय ने हमारे बच्चों को अपने सपनों को साकार करने और कड़ी मेहनत करने की अनुमति देने वाली सभी बाधाओं को दूर कर दिया है। राज्य में आने वाली सरकारों ने हमें हमारे बुनियादी मौलिक अधिकारों से वंचित कर दिया। हम 70 वर्षों की लंबी अवधि तक पिंजरे में कैद रहे और अमानवीय परिस्थितियों में रहे। अनुच्छेद 370 हटने के बाद हमें मतदान का अधिकार दिया गया। हमें जम्मू-कश्मीर की नागरिकता दी गई और हमारे बच्चों को प्रतियोगी परीक्षाओं में बैठने की अनुमति दी गई। अब वे व्यावसायिक कॉलेजों में दाखिला ले चुके हैं और प्रशासनिक परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं। जम्मू के नानक नगर इलाके में एक प्रोविजन स्टोर चलाने वाले स्थानीय व्यवसायी अशोक कुमार ने कहा, यह मिठाई बांटने और आगामी विधानसभा चुनावों की तैयारी करने का समय है। शीर्ष अदालत ने केंद्र को जल्द से जल्द राज्य का दर्जा बहाल करने का भी निर्देश दिया है। जम्मू और कश्मीर दोनों क्षेत्रों में राजनीतिक दलों ने अलग-अलग प्रतिक्रिया व्यक्त की। जम्मू में, जम्मू-कश्मीर इकाई के प्रमुख रविंदर रैना ने अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के सुप्रीम कोर्ट के फैसले की सराहना करते हुए कहा, हम फैसले का अक्षरश: सम्मान करते हैं। (शेष पेज 9)

मोहन यादव होंगे मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री

- उज्जैन से तीन बार के विधायक हैं नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री
- राजस्थान पर आज हो सकता है फैसला

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

छत्तीसगढ़ के बाद, भाजपा ने सोमवार को तीन बार के पार्टी विधायक व अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के नेता और मोहन यादव (58) को मध्य प्रदेश का नया मुख्यमंत्री घोषित कर सबको चौंका दिया है। वहीं तीसरे विजयी राज्य राजस्थान को लेकर सस्पेंस बरकरार है। यहां मंगलवार दोपहर तक मुख्यमंत्री के नाम की घोषणा होने की संभावना है। मोहन यादव उज्जैन दक्षिण से विधायक हैं। उन्होंने वर्ष 2023 का विधानसभा चुनाव 13,000 से अधिक मतों के अंतर से जीता है। वह निवर्तमान शिवराज सिंह चौहान सरकार में उच्च शिक्षा मंत्री थे। यादव को राज्य विधायक दल का नेता चुने जाने के बाद शिवराज सिंह चौहान ने राज्यपाल को अपना इस्तीफा सौंप दिया है, इसके साथ ही मध्य प्रदेश के अगले मुख्यमंत्री के रूप में यादव के कार्यभार संभालने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। यादव ने सरकार बनाने का दावा पेश कर दिया है और शपथ समारोह के लिए पार्टी एक दिन में फैसला करेगी।

यादव ने सोमवार शाम को राज्यपाल मंगूभाई पटेल से मुलाकात की और अगली सरकार बनाने का दावा करते हुए समर्थन पत्र सौंपा। यादव के साथ निवर्तमान मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, राज्य पार्टी प्रमुख वीडी शर्मा और तीनों केंद्रीय पर्यवेक्षक राजभवन गए थे। भाजपा नेताओं के अनुसार, केंद्रीय पर्यवेक्षकों की मौजूदगी में भोपाल में एक बैठक में यादव को मध्य प्रदेश में भाजपा विधायक दल का नेता चुना गया। चौहान ने शाम को पार्टी के केंद्रीय पर्यवेक्षकों की मौजूदगी में भोपाल में नवनिर्वाचित विधायकों की बैठक में शीर्ष पद के लिए यादव का नाम प्रस्तावित किया। बैठक के दौरान, हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर, भाजपा ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष के लक्ष्मण और राष्ट्रीय सचिव आशा लाकड़ा सहित भाजपा पर्यवेक्षकों ने विजयी विधायकों के नामों पर चर्चा की। पूर्व केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर अगले विधानसभा अध्यक्ष होंगे, जिन्हें हाल ही में हुए राज्य के चुनावी मैदान में उतारा गया था। भाजपा के मुताबिक, निवर्तमान वित्त मंत्री और मंदसौर से दो बार के विधायक जगदीश देवड़ा और रीवा से निवर्तमान जनसंपर्क मंत्री विधायक राजेंद्र शुक्ला को उपमुख्यमंत्री चुना गया है। देवदा मल्हागढ़ से लगभग 60,000 वोटों से और शुक्ला रीवा से लगभग 21,000 वोटों से चुने गए। नियुक्तियों से उन राज्यों के तीन मुख्यमंत्रियों में से दो की पहचान पर सस्पेंस खत्म हो गया है, जहां भाजपा ने 3 दिसंबर को जीत हासिल की थी, क्योंकि आदिवासी नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री विष्णु देव साय को रविवार को छत्तीसगढ़ का मुख्यमंत्री नामित किया गया। यादव ने निर्वाचित मुख्यमंत्री के रूप में नामित होने के बाद कहा, मैं पार्टी का एक छोटा कार्यकर्ता हूं, मैं आप सभी को, प्रदेश नेतृत्व को, केन्द्रीय नेतृत्व को धन्यवाद देता हूँ। आपके प्यार और समर्थन से, मैं अपनी जिम्मेदारियों को पूरा करने की कोशिश करूंगा। (शेष पेज 9)

क्विक न्यूज

राज्यसभा ने जम्मू कश्मीर से जुड़े दो अहम विधेयकों को मंजूरी दी

नई दिल्ली। राज्यसभा ने सोमवार को जम्मू कश्मीर से जुड़े दो अहम विधेयकों को मंजूरी प्रदान कर दी, जिनमें अनुसूचित जाति एवं जनजाति तथा अन्य सामाजिक और शैक्षणिक रूप से पिछड़े वर्गों के लोगों को नौकरियों में आरक्षण के साथ ही विधानसभा सीटों की संख्या में वृद्धि के प्रावधान है। उच्च सदन ने जम्मू कश्मीर आरक्षण (संशोधन) विधेयक, 2023 और जम्मू कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) विधेयक, 2023 को चर्चा के बाद ध्वनिमत से मंजूरी प्रदान कर दी। दोनों विधेयकों पर एक साथ चर्चा हुई। लोकसभा इन विधेयकों को पहले ही पारित कर चुकी है। गृह मंत्री अमित शाह के जवाब से असंतुष्ट विपक्ष के कई सदस्यों ने सदन से बहिर्गमन किया। गृह मंत्री शाह ने अपने जवाब में कहा कि संविधान के अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के केंद्र के निर्णय पर उच्चतम न्यायालय का फैसला विपक्षी दलों की बड़ी हार है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर (पीओके) भारत का है और उसे हमसे कोई छीन नहीं सकता।

अकेले अपनी राह पर आगे बढ़ते साहसिक मोदी

अद्वैता काला

वैश्विक नेतृत्व की जटिलताओं के बावजूद भारत के 14वें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कुछ धागे अनोखे ढंग से बुने हैं। गुजरात की धूल भरी चाय की दुकान से राजधानी दिल्ली के भव्य सत्ता के गलियारों तक मोदी की यात्रा सिर्फ राजनीतिक उत्थान की कहानी नहीं है, बल्कि 'साहस के साथ एकांत पथ पर चलना' एक प्रमाण है जिसे अक्सर राजनीति की दुनिया में नजरअंदाज या खारिज कर दिया जाता है। मोदी की नेतृत्व शैली के केंद्र में एकांत में निर्णय लेने की क्षमता और जनता के साथ गहरा जुड़ाव का विशिष्ट मिश्रण है। वह ऐसे राजनेता हैं जो लोगों को एक समुदाय के रूप में देखते हैं। इसी आधार पर पीएम मोदी एक उत्कृष्ट समुदाय निर्माता हैं। वह एक ऐसे नेता हैं जो सलाहकारों और समर्थकों से घिरे रहने के बावजूद अक्सर अपनी ही बनाई राह पर चलते नजर आते हैं। सार्वजनिक जीवन में उनका एकांत में लिया गया निर्णय एक वैचारिक और भावनात्मक स्थिति है, जहां किसी का विश्वास इतना मजबूत होता है कि वे अक्सर प्रचलित मानदंडों के बिल्कुल विपरीत होते हैं। उनके निर्णय अक्सर हम सभी को आश्चर्यचकित करता है, इसलिए नहीं कि वह जो करते हैं वह अलोकप्रिय है, बल्कि इसलिए क्योंकि वह जो करते हैं उसे पहले आए लोग लोगों द्वारा अकल्पनीय कहकर खारिज कर दिया गया है जो उससे पहले आए थे।

मोदी का साहस उनके साहसिक नीतिगत निर्णयों में स्पष्ट है। विमुद्रीकरण की पहल, उस समय विवादास्पद होने के बावजूद, भ्रष्टाचार के खिलाफ कठोर कदम उठाने की उनकी इच्छाशक्ति को उजागर करती थी। इसी तरह, वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) का कार्यान्वयन, हालांकि शुरुआत में विघटनकारी होने के बावजूद एकीकृत बाजार के दीर्घकालिक दृष्टिकोण के लिए पहचाना गया है। अनिश्चितता और विरोध के बीच लिए ये फैसले एक नेता को अकेले चलने का उदाहरण है जिसका मतलब उस दिशा में चलना है जिसे वह अपने देश के लिए सही मानता है।

मोदी के अकेले साहस का एक और पहलू उनकी अंतरराष्ट्रीय कूटनीति में दिखता है। ऐसे में जब विश्व मंच पर निष्ठाएं रेत की तरह बदलती रहती हैं, मोदी ने भारत को एक वैश्विक खिलाड़ी के रूप में स्थापित करने का प्रयास किया है, जो भारत के हितों के लिए महत्वपूर्ण मुद्दों पर एक अलग रुख बनाए रखते हुए पश्चिमी और पूर्वी दोनों शक्तियों के साथ संबंध बनाए हैं। कूटनीतिक आकर्षण और मुखरता के मिश्रण के साथ अपनाया गया यह नाजुक संतुलन, अपने देश के लिए जगह बनाने के लिए वैश्विक मंच पर अकेले खड़े होने के इच्छुक नेता के कार्य को रेखांकित करता है।

लेकिन शायद मोदी के एकांतवास का सबसे मार्मिक पहलू उनकी व्यक्तिगत जीवन में मिलता है। सादगी और तपस्वी अनुशासन वाली उनकी जीवनशैली उन्हें उनके कई साथियों से अलग करती है। यह व्यक्तिगत एकांत, उनके राजनीतिक पथ को प्रतिबिंबित करता है, एक ऐसे नेता की बात करता है जिसका जीवन उसके मिशन से अटूट रूप से जुड़ा हुआ है, एक ऐसा मिशन जिसे वह एक विशेष फोकस के साथ अपनाते हैं, जिसके लिए अक्सर कम चलने वाले रास्ते पर चलने की आवश्यकता होती है। जैसा कि अनुच्छेद 370 को इतिहास को पीछे छोड़ते हुए पीएम मोदी अपने अगले मिशन पर जुट गए हैं, वे उत्साह के साथ आगे बढ़ते हैं।

नरेंद्र मोदी का अकेला साहस केवल उनके द्वारा लिए गए निर्णयों या उनके द्वारा लागू की गई नीतियों के बारे में नहीं है। यह उनकी जिम्मेदारी की गहन भावना एक अरब से अधिक लोगों के राष्ट्र के प्रति एक जिम्मेदारी के बारे में है। जहां प्रत्येक की अपनी आशाएं और सपने हैं। यह उनके दृढ़ विश्वास में पुनर्जीवित भारत की दृष्टि के प्रति अटूट रूप से प्रतिबद्ध रहने के बारे में है। (शेष पेज 9)

ज्ञानवापी सर्वेक्षण रिपोर्ट पेश करने के लिए एएसआई को एक सप्ताह का और समय दिया

वाराणसी (भाषा)। वाराणसी की जिला अदालत ने सोमवार को भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) को यहां ज्ञानवापी मस्जिद परिसर की वैज्ञानिक सर्वेक्षण रिपोर्ट पूरी करने और उसे जमा करने के लिए एक सप्ताह का और समय दिया है। विवाद में हिंदू पक्ष के वकील मदन मोहन यादव ने कहा कि मामले की सुनवाई करते हुए जिला न्यायाधीश एके विश्वेश ने एएसआई को सर्वेक्षण पूरा करने और अपनी रिपोर्ट सौंपने के लिए एक सप्ताह का अतिरिक्त समय दिया। अदालत ने मामले में सुनवाई की अगली तारीख 18 दिसंबर तय की है। हिंदू पक्ष के वकील मदन मोहन यादव ने कहा कि एएसआई ने अपने आवेदन में अपने अधीक्षण पुरातत्वविद अविनाश मोहंती के खराब स्वास्थ्य, रक्तचाप में अचानक वृद्धि और अदालत में उपस्थित होने में असमर्थता का हवाला देते हुए सोमवार को रिपोर्ट पेश करने में असमर्थता जताई। (शेष पेज 9)

जेवर एयरपोर्ट के आसपास बनेंगे अस्पताल

यीडा ने संस्थागत भूखंडों की योजना घोषित की, स्कीम 1 जनवरी 2024 तक खुली रहेगी

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा शहर की बगल में विकसित हो रहे यमुना सिटी के क्षेत्र में जल्दी ही प्राइवेट अस्पताल तथा नर्सिंगहोम बनेंगे। यमुना सिटी में ही देश का सबसे बड़ा हवाई अडडा जेवर एयरपोर्ट बन रहा है।

जेवर एयरपोर्ट के आसपास यमुना के क्षेत्र में अस्पताल, नर्सिंग होम, कॉर्पोरेट ऑफिस तथा स्कूल खोलने के लिए यमुना औद्योगिक विकास प्राधिकरण ने संस्थागत भूखंडों की स्कीम घोषित की है। आपको बता दें कि यीडा ने सोमवार 11 दिसंबर 2023 को संस्थागत भूखंडों की एक योजना घोषित की है।

इस योजना के तहत जेवर एयरपोर्ट के आसपास के क्षेत्र में प्राइवेट अस्पताल तथा नर्सिंगहोम खोलने के लिए भूखंड आवंटित किए जांएगे। नर्सिंगहोम के लिए भूखंड एक हजार वर्ग मीटर साइज का घोषित किया गया है। अस्पताल के लिए आवंटित किए जाने वाले भूखंड का साइज 10900 वर्ग मीटर रखा गया है। नर्सिंगहोम तथा अस्पताल बनाने के इच्छुक नागरिकों तथा डाक्टरों को भूखंड प्लॉट आवंटित किए जाएंगे। जेवर एयरपोर्ट के पास बनने वाले नर्सिंग होम तथा अस्पताल के लिए जमीन का रेट 1265 रूपए प्रति वर्ग मीटर रखा गया है। नर्सिंगहोम तथा अस्पताल बनाने के साथ ही साथ जेवर एयरपोर्ट के पास कॉर्पोरेट ऑफिस बनाने के लिए भी स्कीम निकाली गई है। कॉर्पोरेट ऑफिस बनाने के लिए दो हजार वर्ग मीटर तक के भूखंड आवंटित किए जाएंगे। कॉर्पोरेट ऑफिस के लिए भूखंड के रेट 23770 रूपए प्रति वर्ग मीटर निर्धारित किए गए हैं। इसी प्रकार जेवर एयरपोर्ट के आसपास सीनियर सेक्रेण्ड्री स्कूल खोलने के लिए भी भूखंड आवंटित करने के लिए स्कीम में व्यवस्था की गयी है। स्कूल खोलने के लिए 1015 वर्ग मीटर का भूखंड आवंटित किया जाएगा।

स्कूल के लिए आंवटित किए जाने वाले भूखंड का रेट बेहद सस्ता रखा गया है। 13151 रूपए प्रति वर्ग मीटर के रेट पर स्कूल के लिए भूखंड आवंटित किया जाएगा। यीडा ने जेवर एयरपोर्ट के पास अस्पताल, नर्सिंगहोम तथा स्कूल बनाने के लिए भूखंडों की स्कीम 11 दिसंबर 2023 को घोषित कर दी है।

यह स्कीम 1 जनवरी 2024 तक खुली रहेगी। अगले 20 दिनों में कोई भी नागरिक जेवर एयरपोर्ट के पास अपना संस्थान स्थपित करने के लिए भूखंड लेने के मकसद से यीडा के निर्धारित फार्म पर आवेदन कर सकता है। अरूणवीर सिंह ने बताया कि जल्दी ही जेवर एयरपोर्ट के पास कुछ और महत्वपूर्ण योजनाएं घोषित की जाएंगी। इन दिनों यीडा के क्षेत्र में दुनिया भर के निवेशक रूचि ले रहे हैं।

स्कोडा कार ने ऑटो को मारी टक्कर, महिला की मौत

नोएडा। नोएडा के थाना सेक्टर-63 क्षेत्र के छिजारसी गांव के पास तेज गति में आ रही स्कोडा कार ने ऑटो में टक्कर मार दी। कार की टक्कर से ऑटो में सवार महिला की मौत हो गई, जबकि एक बच्ची घायल हो गई।

नोएडा के सेक्टर-45 में रहने वाले हरवीर की 25 वर्षीय पत्नी सुमन रविवार को ऑटो से जा रही थी। नोएडा की छिजारसी कॉलोनी के पास तेज गति में आ रही स्कोडा कार ने ऑटो में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से ऑटो क्षतिग्रस्त हो गया और सुमन गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे की जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंची थाना सेक्टर-63 पुलिस घायल सुमन को पास के ही एसजेएम अस्पताल लेकर पहुंची, जहां उपचार के दौरान सुमन ने दम तोड़ दिया। थाना प्रभारी के मुताबिक शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और कार चालक के खिलाफमुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

डेढ़ करोड़ लूटने वाले बदमाशों की पुलिस से मुठभेड़, गिरफ्तार

● मामले में एक आरोपी के पैर में लगी गोली

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

5 दिसंबर को इंदिरापुरम थाना क्षेत्र की एटीएस सोसाइटी में रहने वाले निशांत सरवैया नामक कारोबारी को अगवा करके उससे एक करोड़ पचास लाख से अधिक की रकम व कार लूटने वाले बदमाशों के गैंग से कविनगर थाने के एसएचओ योगेंद्र सिंह मलिक की टीम व क्राइम ब्रांच प्रभारी अब्दुल रहमान सिद्दीकी की टीम के साथ मुठभेड़ हो गई।

बुलंदशहर औद्योगिक क्षेत्र में स्थित श्यामाप्रसाद मुखर्जी पार्क के पास हुई इस मुठभेड़ के दौरान पुलिस की गोली लगने पर नितिन शर्मा नामक बदमाश गोली लगने से घायल हो गया वहीं उसके साथ पुलिस ने कारोबारी के साथी सौरभ सिरोही निवासी साबई हाफिजुपर हापुड़ को भी गिरफ्तार कर लिया। मुठभेड़ के समय पुलिस ने घायल बदमाश नितिन शर्मा व सौरभ सिरोही के पास से लूटी गई कम में से 32 लाख 50 हजार रुपयेए तमंचे च बाइक बरामद हुई। यह जनकारी देते हुए एडीसीपी क्राइम सच्चिदान्नद ने बताया कि उनकी टीम को मुखबिर से सूचना मिली थी कि पांच दिसंबर को कविनगर थाना क्षेत्र में कारोबारी से लूट करने वाला गैंग गाजियाबाद में आने वाला है। उन्होंने बताया कि इस महत्वपूर्ण सूचना के मिलते ही पुलिस ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी पार्क के पास चेकिंग करनी शुरू कर दी। चेकिंग के दौरान पुलिस ने जब बाइक पर आ रहे बदमाशों को जांच के रोकने का प्रयास किया तो उन्होंने पुलिस पार्टी पर फायर करके भागने का प्रयास किया। पुलिस के द्वारा जवाबी कार्रवाई में नितिन शर्मा नामक बदमाश लंगड़ा हो गया। उन्होंने बताया कि उक्त लूट में शामिल अन्य लुटेरों को भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

तोड़ा नियम तो गंवाना पड़ जाएगा ड्राइविंग लाइसेंस, सस्पेंड हो चुके हैं हजारों डीएल

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

● यातायात पुलिस चला रही सघन अभियान

नोएडा का परिवहन विभाग नियम तोड़कर वाहन चलाने वालों के विरूद्ध बेहद सख्ती बरत रहा है। नोएडा गौतमबुद्धनगरद्ध में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 1032 चालकों के ड्राईविंग लाइसेंस निलंबित कर दिए गए हैं। अगला नम्बर आपका भी हो सकता है।

आपको बता दें कि निर्धारित गति से अधिक तेज गाड़ी चलाने पर डीएल को तुरन्त निलंबित करने का प्रावधान है। इसके साथ ही लाल बत्ती पार करने, वाहन को ओवरलोड करके चलाने, गलत दिशा में वाहन चलाने तथा नशे में ड्राईविंग करने पर डीएल को निलंबित कर दिया जाता है। अलग.अलग गलती करने पर डीएल को 45 दिन से लेकर 90 दिन तक सस्पेंड किया जाता है।

दो बार से अधिक डीएल सस्पेंड होने पर डीएल को स्थाई रूप से रदद किया जा सकता है। आज से आप भी सावधान हो जाएं। नोएडा, ग्रेटर नोएडा तथा इसके आसपास सख्त नजर आपके ऊपर है। आपका डीएल किसी भी वक्त सस्पेंड किया जा सकता है। यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर डीएल सस्पेंड करने का नियम पूरे भारत में एक समान है। नोएडा गौतमबुद्धनगर का परिवहन विभाग डीएल निलंबित करने के मामले में तेजी से कदम उठा रहा है। मिले आंकड़ों के मुताबिक नोएडा में यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर वर्ष-2023 में अब तक 800 डीएल निलंबित किए गए हैं।

वर्ष-2022 में 232 डीएल निलंबित किए गए थे। आप समझ ही सकते हैं कि वर्ष-2022 के मुकाबले 2023 में चार गुना डीएल सस्पेंड करने का सीधा कारण परिवहन विभाग की सख्ती ही है।

नोएडा प्राधिकरण के खिलाफ किसानों का हल्ला बोल, किया घेराव

● 10 प्रतिशत आबादी के भूखंड, 64.7 प्रतिशत मुआवजा देने की मांग

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

किसानों ने 10 प्रतिशत आबादी के भूखंड, 64.7 प्रतिशत मुआवजा देने सहित कई मांगों को लेकर एक बार फिर नोएडा प्राधिकरण के खिलाफ हल्ला बोल दिया है।

नोएडा के तमाम गांवों के किसान नोएडा के सेक्टर-5 स्थित बारातघर पर इकट्ठा होकर पैदल मार्च करते नोएडा प्राधिकरण कार्यालय पहुंचे और धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। किसानों का कहना है कि उनकी मांग प्राधिकरण पूरी नहीं कर रहा है। दूसरी तरफ किसानों की भीड़ को देखते हुए गौतमबुद्धनगर पुलिस कमिश्नरेट की ओर से भारी फोर्स तैनात की गई है। मौके पर ज्वाइंट सीपी आनंद कुलकर्णी समेत कई थानों की पुलिस तैनात है। आपको बता दें कि किसानों के इस प्रदर्शन में बडी संख्या में महिलाए भी शामिल रही। इन किसानों का कहना है कि वें कई बार धरना प्रदर्शन कर चुके हैं। लेकिन, हर बार उन्हें सिर्फ कोरे आश्वासन की घुट्टी ही मिली है। किसानों की मांगें अब तक पूरी नहीं हुईं। आंदोलन की अगुआई कर रहे सुखबीर खलीफा ने कहा कि किसानों को 10 प्रतिशत आबादी के भूखंड, 64.7 प्रतिशत मुआवजा देने सहित कई मांगों के लिए लगातार संघर्ष किया जा रहा है। जब तक हमारा हक दिया नहीं जाएगा, तब तक लड़ाई जारी रहेगी। हमें केवल झूठे वादे नहीं चाहिए। अब हमें ठोस कार्रवाई चाहिए। तत्काल प्रभाव से हमारा मुआवजा चाहिए।

किसान नेता सुखबीर खलीफा का कहना था कि भूमि अधिग्रहण के 50 साल बाद भी किसानों को उनका हक नहीं दिया गया है। किसान अपनी मांगों को लेकर काफी सालों से लड़ाई लड़ रहे हैं। इसके बावजूद इंसाफ की रोशनी कहीं भी दिखाई नहीं दे रही है। जिसकी वजह से किसान दोबारा प्राधिकरण पर धरना देने को मजबूर हैं। हमारी मांगें नहीं मानी गईं तो नोएडा प्राधिकरण में परमानेंट ताला जड़ देंगे।

इस बार किसानों को जीत दिलवाकर ही दम लेंगे। आपको बता दें कि किसानों ने वर्ष-2021 में 4 माह और वर्ष-2023 में 3 माह नोएडा प्राधिकरण पर धरना दिया था। लेकिन, अंत में अथॉरिटी से समझौते के बाद धरना समाप्त कर दिया गया था। इस बार किसानों की भीड़ को देखते हुए गौतमबुद्ध नगर पुलिस कमिश्नरेट की ओर से भारी फोर्स तैनात की गई है। मौके पर ज्वाइंट सीपी आनंद कुलकर्णी समेत कई थानों की पुलिस तैनात है।

संक्षिप्त समाचार

राज्य स्तर पर स्वर्ण पदक जीतने वाले जिम्नास्टिक चैंपियन।

जिम्नास्टिक में आठ स्वर्ण समेत जीते 19 पदक

नोएडा। ग्रेटर नोएडा के पैसिफिक वर्ल्ड स्कूल के चार जिम्नास्टों ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में आठ स्वर्ण, सात रजत और चार कांस्य पदक जीतकर प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता में अपना स्थान पक्का कर लिया है। जनवरी 2024 में यूपी राज्य स्तरीय जिम्नास्टिक चैंपियनशिप का आयोजन होगा। जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन 9 दिसंबर और 10 दिसंबर को विजय श्री अकादमी, सेक्टर 141, नोएडा में आयोजित जिला स्तरीय जिम्नास्टिक प्रतियोगिता ने जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में आठवीं की छात्रा आन्या गोयल ने अंडर 15 श्रेणी में पांच स्वर्ण, जजवीन कौर ने पांच रजत, छठी कक्षा की होनेशा चौधरी ने अंडर 12 में दो स्वर्ण व दो रजत और दीया जैन ने एक स्वर्ण और चार कांस्य पदक जीते। गौरी अस्थाना, परिधि भारद्वाज, माही अरोरा, अवनि और साक्षी ने भी अच्छा प्रदर्शन किया। स्कूल की प्रिंसिपल पूजा बोस ने सभी छात्राओं ने बेहतरीन प्रदर्शन के लिए बधाई व शुभकामनाएं दी।

तंत्र-मंत्र के नाम पर ठगी करने वाले चार गिरफ्तार

नोएडा। नोएडा के थाना फेस-1 पुलिस ने आम लोगों को बहला फुसलाकर धोखाधड़ी करके पैसे लेने वाले 4 टप्पेबाजों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से तन्त्र मंत्र का सामान, माला, कपड़ा, मूर्ति आदि व 50,110 रूपये, घटना में प्रयुक्त एक कार व 2 चाकू बरामद हुआ है। दरअसल 2 दिसम्बर को एक व्यक्ति द्वारा शिकायत दी गई की उसकी पत्नी को कुछ लोगों ने बहला फुसलाकर कर धोखाधड़ी करके एक लाख रुपए लेकर फरार हो गए हैं। पुलिस ने इस मामले में अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया और जांच में जुट गई। लोकल इंटेलिजेंस और गोपनीय सूचना के आधार पर पुलिस ने सेक्टर 10 के बिजली घर के गेट के पास से चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया। इस दौरान पुलिस ने दिल्ली निवासी विजय, सहरून, शेर मोहम्मद और मिथुन को गिरफ्तार किया। इनमें से दो आरोपी शेर मोहम्मद व मिथुन उस महिला से मन्दिर का पता पूछते हुए उससे बाते करने लगे। उसको परिवारिक समस्या कठिनाई बताकर उसे कठिनाईयों से निजात दिलाने की बात कर देवी माता की मूर्ति दिखाई और रूद्राक्ष माला सिन्दूर आदि दिखाया।

दनकौर में बाउंसर की मौत का मामला उलझा

नोएडा। दनकौर कोतवाली क्षेत्र के अस्तौली गांव निवासी बाउंसर सोहित भाटी की करीब 7 दिन पहले संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई थी। जिसका शव कनारसी गांव के नजदीक मिला था। एक तरफजहां मृतक के परिजन हत्या का आरोप लगा रहे हैं, तो पुलिस अभी तक की जांच में मामले को हादसे का बता रही है। जिसकी मौत की गुत्थी को सुलझाने के लिए अब क्राइम सीन रीक्रिएट करने के लिए लखनऊ से टीम बुलाई गई है। जल्द ही टीम मौके पर पहुंचकर सीन रीक्रिएट करेगी। जिसके बाद ही इस मामले की गुत्थी सुलझ पाएगी। सोहित भाटी 22 ग्रेटर नोएडा में स्थित हॉस्टल में बाउंसर का काम करते थे। जो रोजाना बाइक पर सवार होकर अपने घर को रात को बाइक पर सवार होकर पहुंचते थे।

कलह और आर्थिक तंगी ने ली दो युवकों की जान

नोएडा। पारिवारिक कलह और आर्थिक परेशानी के चलते दो युवकों ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मौके से ग्रेटर नोएडा पुलिस को कोई सुसाइड नोट नहीं मिले हैं। प्रारंभिक जांच में कलह की वजह से आत्महत्या की बात सामने आई है। थाना ईकोटेक-1 क्षेत्र के अमरपुर गांव के जंगल में एक युवक का शव फंदे पर लटका देखकर किसी व्यक्ति ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से नीचे उतार कर उसकी पहचान कराई तो मृतक की शिनाख्त रियाजुद्दीन के रूप में हुई।

नोएडा में खुलेगा विभाग का नया डाक मंडल

● पिछले दिनों सांसद महेश शर्मा ने लिखा था सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्वनी वैष्णव को पत्र

पायनिय समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा शहर में जल्दी ही डाक-तार विभाग का नया दफ्तर खोला जाएगा। यह नया दफ्तर डाक मंडल सर्किल ऑफिस होगा।

अभी तक नोएडा गौतमबुद्धनगर जिला का डाक मंडल कार्यालय गाजियाबाद में है। नोएडा गौतमबुद्धनगर के सांसद डॉ महेश शर्मा की सिफारिश पर भारत सरकार ने नोएडा में डाक मंडल बनाने का फैसला किया है। आपको बता दें कि नोएडा गौतमबुद्धनगर के सांसद डॉ महेश शर्मा ने केन्द्रीय संचार व सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्वनी वैष्णव को पत्र लिखकर नोएडा में डाक.तार विभाग का डाक मंडल पद स्थापित करने की मांग की थी।

अपने पत्र में नोएडा के सांसद डॉ महेश शर्मा ने लिखा था कि.नोएडा जिला गौतमबुद्धनगर व्यवसाय की दृष्टि से अति महत्वपूर्ण एवं सर्वाधिक आय प्रदान करने वाला विकसित जनपद है। जिसमें बहुत से उच्च प्रशासनिक अधिकारी एवं सेवानिवृत वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारीगण एवं उच्च शिक्षित वर्ग के नागरिकों के साथ.साथ ग्रामीण परिक्षेत्र भी सम्मिलित है। गौतमबुद्धनगर जिला दिल्ली एनसीआर, गाजियाबाद, हापुड एवं बुलन्दहर जिलों की सीमाओं से लगा हुआ है एवं यहाँ बड़े. बड़े ओद्योगिक प्रतिष्ठान, शिक्षण संस्थान, चिकित्सा संस्थान के साथ.साथ पुलिस कमिश्नरेट की स्थापना भी की जा चुकी है। जिला गौतमबुद्धनगर में अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट की स्थापना का कार्य भी प्रगति पर है। जिला गौतमबुद्धनगर दिन रात लगातार बहुमुखी विकास के पथ पर अग्रसर है एवं दिन रात क्षेत्रफल एवं घनत्व की दृष्टि से विस्तार कर रहा है। वर्तमान परिपेक्ष में गौतमबुद्धनगर में डाक विभाग की सेवाएं एवं प्रशासनिक नियन्त्रण गाजियाबाद मण्डल के प्रवर अधीक्षक डाकघर द्वारा किया जा रहा है।

गौतमबुद्धनगर में रॉटविलर नस्ल के कुत्ते ने बच्चे को काटा

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

गौतमबुद्ध नगर के दनकौर कस्बे में घर के पास खेल रहे एक बच्चे को रविवार शाम पड़ोस के रॉटविलर नस्ल के एक कुत्ते ने काटकर घायल कर दिया। घायल बच्चे का पास के अस्पताल में इलाज चल रहा है।

इस संबंध में पीड़ित परिवार ने आरोपी कुत्ता मालिक के खिलाफ पुलिस से शिकायत की है। जिसके चलते पुलिस ने मलिक को हिरासत में ले लिया है। कस्बा निवासी राजेंद्र ने बताया कि उनका कोतवाली के नजदीक घर है। जिनका 10 वर्ष का बेटा निशांत रविवार की रात अन्य बच्चों के साथ घर के बाहर गली में खेल रहा था। तभी इसी दौरान पड़ोस के एक व्यक्ति के रॉटविलर नस्ल के कुत्ते ने आकर उसकी जांघ में काट दिया। इस घटना में बच्चा लहूलुहान हो गया। जिसको वहां मौजूद अन्य लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद कुत्ते के चंगुल से बचाया।

घायल बच्चे को अस्पताल पहुंचाया गया है। पीड़ित परिवार का कहना है कि आरोपी मालिक कुत्ते को खुला छोड़ देता है।

हिंडन-एयरबेस की दीवार के पास के सुरंग को भरा गया

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

गाजियाबाद हिंडन एयरबेस की सुरक्षा में सेंध की कोशिश की गई थी। एयरबेस की बाउंड्री वॉल के पास 4 फीट गहरी सुरंग खोदी गयी थी। स्थानीय लोगों ने इस मामले सूचना पुलिस को दी थी।

गाजियाबाद के थाना टीला मोड़ क्षेत्र में हुई एक चोरी ने देश के खिलाफ रची जा रही साजिश की पोल खोल दी। गाजियाबाद के इरशाद कॉलोनी में रहने वाले अनु चौधरी के मुताबिक कॉलोनी में एक चोरी हुई थी। जिसमें शक जाहिर किया गया था कि यह चोरी ऐसे आसामाजिक तत्वों ने अंजाम दी है, जो यहां बेकारण आकर बैठे रहते हैं और नशा करते हैं। इसके लिए एक मीटिंग रखी गई थी। इसी दौरान मीटिंग में आते समय कुछ लोगों ने बेहद संवेदनशील और महत्वपूर्ण हिंडन एयरबेस की दीवार के पास एक गड्ढा देखा जो देखने से ऐसा लग रहा था कि इसमें सुरंग बनाई जा रही है। इसकी सूचना लोगों ने स्थानीय पुलिस को दी।

पुलिस मौके पर पहुंची साथ ही एयरफोर्स के लोग भी मौजूद रहे। अब इस गड्ढे को मिट्टी से भर दिया गया है। डीएसपी ट्रांस इंडियन शुभम पटेल ने बताया कि एयरफोर्स की तरफ से दी गई तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

गैंगस्टर एक्ट में सुदेश और टिल्लू की जमीन जब्त

● कई थानों में दस मुकदमें थे दर्ज

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्ध नगर में कुख्यात माफिया और बदमाशों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई जारी है। इसी कड़ी में बिसरख पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के आरोपी सुदेश और टिल्लू की जमीन को जप्त कर लिया। इस जमीन की कीमत करीब 86 लाख रुपए बताई जा रही है।

गैंगस्टर एक्ट के तहत पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्ध नगर में माफिया और बदमाशों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई लगातार जारी है। इसी कड़ी पुलिस ने गैंगस्टर कार्रवाई की है। बादलपुर पुलिस द्वारा सुदेश पर गैंगस्टर की कार्रवाई की गई थी। गैंगस्टर की विवेचना बिसरख पुलिस द्वारा की जा रही है।

इसी मामले में गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई करते हुए बिसरख पुलिस सुदेश उर्फ टिल्लू के जिला हापुड़ थाना बहादुरगढ़ गांव चांदनेर पहुंची और वहां पर उसकी अचल संपत्ति 0.6070 हेक्टेयर कृषि भूमि को कुर्क कर लिया गया। इस कृषि भूमि की कीमत 86 लाख 87 हजार 500 रुपये बताई जा रही है। नोएडा पुलिस द्वारा जानकारी दी गई की आरोपी सुदेश सुपर टिल्लू ने पोजी स्कीम चलाकर लोगों को धन दुगना करने का झांसा देकर ठगी की घटना को अंजाम दिया था।

इस मामले में सुदेश और टिल्लू को बादलपुर पुलिस ने गिरफ्तार किया था । बादलपुर पुलिस द्वारा ही इस मामले में उसके खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई हुई।

आरोपी सुदेश के खिलाफ बादलपुर, नोएडा के थाना सेक्टर 20, थाना फेस वन और हापुड़ के थाना बहादुरगढ़ में 10 मुकदमे दर्ज हैं। बताया गया कि विशेष न्यायालय पुलिस आयुक्त गौतमबुद्ध नगर के आदेश धारा 14/1 गैंगस्टर एक्ट के अंतर्गत यह कार्रवाई की गई। आगे भी बदमाशों के खिलाफइस तरह की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

एलिवेटेड रोड पर रील बनाने वालों की खैर नहीं

● नौ स्थानों पर लगाये जाएंगे सीसीटीवी

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा के एलिवेटिड रोड पर स्टंट करते हुए रील बनाने वालों पर लगाम कसने के लिए नोएडा प्राधिकरण एक बड़ा काम करने जा रहा है।

नोएडा के एलिवेटिड रोड पर 9 ऐसे स्थानों पर सीसी टीवी कैमरे लगाए जाएंगे, जहां पर बिगडैल रईसजादे स्टंट करते हुए रील बनाते हैं। आपको बता दें कि कार को सड़क किनारे रोककर बोनट पर केक काटकर जश्न मनाते हैं।

एलिवेटेड रोड पर काफी लोग आए दिन रील बनाते हैं। इससे हादसे की संभावना बनती है। ऐसे वाहनों पर निगरानी रखने के लिए तेज रफ्तार से वाहन चलाने वालों पर सख्ती बरतने के लिए कैमरों की संख्या बढ़ाने का निर्णय लिया है। ट्रैफिक पुलिस के अधिकारियों का कहना है कि इस माह के अंत तक कैमरे लगाने का काम शुरू हो जाएगा।

नोएडा के सेक्टर. 28 विश्वभारती पब्लिक स्कूल से लेकर नोएडा के सेक्टर-61 तक बने नोएडा के सबसे पहले एलीवेटिड रोड़ पर अब अत्याधुनिक सीसीटीवी कैमरों की संख्या बढ़ाई जाएगी। इस 4.8 किलोमीटर लंबे एलिवेटेड रोड पर अभी तक सिर्फइस्कॉन टेंपल के पास ही कैमरे लगे थे, लेकिन अब 9 स्थानों पर 20 कैमरे लगाए जाएंगे।

नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि अभी तक यहां पर एक स्थान पर लगे कैमरे से सिर्फ यातायात में गति सीमा तोड़ने वाले वाहनों पर ही नियंत्रण व चालान होता था। लेकिन अब हाईटेक सर्विलांस सीसीटीवी कैमरे लग जाने के बाद आपराधिक वारदात करके भाग रहे बदमाशों पर भी शिकंजा कसा जा सकेगा। उन्होंने बताया कि नोएडा के सबसे पहले बने इस एलिवेटेड रोड पर रोजाना तकरीबन 2 लाख वाहन गुजरते हैं। यहां से नोएडा, ग्रेटर नोएडा, दिल्ली तथा गाजियाबाद के लिए वाहनों का आवागमन होता है। इस लिहाज से इस एलिवेटेड रोड पर सुरक्षा के चाकचौबंद इंतजाम करना आवश्यक है। इसी के तहत प्राधिकरण यहां पर अत्याधुनिक कैमरे लगाने जा रहा है। उन्होंने बताया कि इसी माह सभी कैमरे लगा दिए जाएंगे। टेंडर की सभी प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। इन कैमरों के लगने के बाद से यह एलिवेटेड रोड और भी ज्यादा सुरक्षित हो जाएगा।

शादी समारोह में विवादित बोल वाले गीत पर लगाई गई रोक

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

● खाप पंचायत ने सुनाया फरमान

ग्रेटर नोएडा के नजदीक स्थित दनकौर कोतवाली क्षेत्र के गांव मकनपुर बांगर में पिछले चार पांच दिनों से शादी समारोह में एक विशेष प्रकार के गीत को चलाने को लेकर एक जाति विशेष के लोगों द्वारा आपत्ति जताई जा रही है।

पिछले गुरुवार को जाति विशेष पर टिप्पणी करने वाले इस गीत को डीजे पर चलाए जाने के बाद दो पक्षों में विवाद हो गया था। हालात यह हो गए थे कि पुलिस सुरक्षा में गांव की दो बेटियों की शादी हुई थी। बेटियों की विदाई तक गांव में पुलिस फोर्स रही थी। इसके बाद गांव मकनपुर बांगर में शनिवार को आई एक अन्य बारात में फिर से वही विवादित गाना चला दिया गया तो तनाव की स्थिति बन गई। ऐन मौके पर पहुंचकर पुलिस ने हालात को काबू किए। गांव की दो बिरादरियों के बीच गीत के विवादित बोल को लेकर होने वाले विवाद को निपटाने के लिए रविवार को ग्रेटर नोएडा के मकनपुर गांव में पंचायत का आयोजन किया गया। पंचायत ने फैसला सुनाया है कि विवादित शब्द वाला गीत बारात व सार्वजनिक स्थलों पर नहीं बजाया जाएगा। रविवार को आयोजित इस पंचायत में मकनपुर बांगर समेत आसपास के आधा दर्जन गांवों के लोगों पंचायत में भाग लिया।

पांच सालों में दिसंबर की हवा सबसे साफ

प्रदूषण से राहत

राजधानी के आठ इलाकों का एक्यूआई 300 के नीचे खराब श्रेणी में दर्ज

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

सर्दियों की शुरुआत दिल्ली के लिए प्रदूषण की एक बड़ी समस्या लेकर आती है। यहां ठंड के साथ ही स्मॉग भी पैर पसारने लगता है लेकिन इस साल दिसंबर के महीने में दिल्ली वालों को कुछ राहत मिली है। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने दावा किया है कि दिसंबर में पिछले 5 सालों की तुलना में वर्ष 2023 में सबसे कम सबसे कम दैनिक औसत वायु गुणवत्ता दर्ज किया है।

वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग के मुताबिक इस साल दिसंबर के पहले दस दिनों की अवधि में दिल्ली ने पिछले पांच सालों की इसी अविध की तुलना में वर्ष 2023 में अपना सबसे कम दैनिक औसत एक्यूआई दर्ज किया गया है। वहीं इस अवधि में एक दिन भी वायु गुणवत्ता सूचकांक गंभर श्रेणी में नहीं पहुंचा है।

एक के बाद एक लगातार आ रहे पश्चिमी विक्षोभ और अन्य मौसमी गतिविधियों के चलते हवा की रफ्तार में तेजी दर्ज की गई है। यही वजह है कि दिल्ली वालों को प्रषण से कुछ राहत मिली है। दिल्ली में इन दिनों हवा की गुणवत्ता बेहद खराब श्रेणी में दर्ज की जा रही है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली का सोमवार को शाम छह बजे औसल वायुगुणवत्ता सूचकांक 314 दर्ज रहा है, जो खराब श्रेणी में आता है। लेकिन दिल्ली के अन्य इलाकों डीटीयू- 282, मंदिर मार्ग-297, आया नगर-284, लोधी रोड- 278, सीआरआरआई मथुरा रोड 277, पुसा- 246, नजफगढ़- 289, दिलशाद गार्डन में वायु गुणवत्ता सूचकांक 246 (खराब श्रेणी) रहा। इसके अलावा पड़ोसी राज्यों के शहरों नोएडा-292, ग्रेटर नोएडा- 284, फरिदाबाद- 269, गुरुग्राम- 262, गाजियाबाद-256 रहा। जिसे खराब श्रेणी में माना जाता है।

मौसम का सबसे ठंडा दिन रहा सोमवार

नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली में सोमवार को इस मौसम की सबसे ठंडी सुबह रही। यहां न्यूनतम तापमान 6.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। यह मौसम के औसत से तीन डिग्री कम है। दिल्ली में पिछले कुछ दिनों से तापमान सामान्य से नीचे चल रहा है। शनिवार को शहर का न्यूनतम तापमान 8.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि रविवार को न्यूनतम तापमान 8.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। आईएमडी ने 12 से 17 दिसंबर के बीच के लिए पूर्वानुमान बताता है कि न्यूनतम तापमान 6 डिग्री सेल्सियस और 7 डिग्री सेल्सियस के बीच रहेगा। रविवार को 20 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने से आसमान साफ रहा और तापमान में गिरावट आई। हालांकि, मौसम विभाग को उम्मीद है कि सोमवार को हवा की गति कम हो जाएगी। भारत मौसम विज्ञान विभाग के वैज्ञानिक कुलदीप श्रीवास्तव ने बताया कि रविवार को शहर में 20 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से उत्तर पश्चिमी हवाएं चलीं। उत्तर-पश्चिम दिशाओं से 4-8 किमी प्रति घंटे की गति से हवाएं आ रही हैं।

अच्छी शिक्षा के बिना देश का विकास नहीं हो सकता : सीएम

- बोले- यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि देश में दो तरह की शिक्षा प्रणाली है, पैसे वाले प्राइवेट में और गरीब सरकारी स्कूल में पढ़ने को हैं मजबूर

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

डॉ बीआर अंबेडकर स्कूल ऑफ स्पेशलाइज्ड एक्सीलेंस में अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस नवनिर्मित ऑडिटोरियम के उद्घाटन करते मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि अगर किसी देश में इस तरह का माहौल हो कि केवल पैसे वालों को ही अच्छी शिक्षा मिलेगी और गरीब को शिक्षा नहीं मिलेगी तो फिर देश कभी तरक्की नहीं कर सकता है। देश में बहुत सारे गरीब और मध्यम वर्गीय परिवार रहते हैं।

ये लोग कहां से पैसा लाकर इतनी महंगी शिक्षा अपने बच्चों को दे पाएंगे। अगर गुणवत्ता युक्त शिक्षा चाहिए तो पैसे चाहिए और लोगों के पास पैसे नहीं हैं। केजरीवाल ने दावा किया कि उन्होंने पिछले 8 साल के अंदर इस धारणा को बदला है। अरिवंद केजरीवाल ने बात सोमवार को राज निवास मार्ग स्थित डॉ बीआर अंबेडकर स्कूल ऑफ स्पेशलाइज्ड एक्सीलेंस में अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस नवनिर्मित ऑडिटोरियम के उद्घाटन अवसर पर कही।

अरविंद केजरीवाल ने कहा कि उनकी सरकार की कोशिश है कि हर तबके के बच्चे को एक समान और अच्छी शिक्षा मिले। उन्होंने कहा कि ऐसा नहीं है कि सरकारी स्कूल हमेशा खराब होते थे। आजादी के बाद का 20-25 साल का सफर उठाकर देखे तो उस वक्त के आईएएस, आईपीएस या नेता सब सरकारी स्कूलों से पढ़कर आया करते थे। आजादी के बाद देश में गिने-चुने प्राइवेट स्कूल होते थे। लेकिन इन 75 सालों के अंदर ऐसा क्या हुआ कि धीरे-धीरे सरकारी स्कूल खराब होते गए और निजी स्कूल बढ़ते गए। हालत ये हो गई कि जिनके पास पैसा है, वो हर आदमी पैसा बचाकर अपने बच्चों को सरकारी की जगह प्राइवेट स्कूलों में पढ़ने लगा। इसके साथ ही सरकारी स्कूलों का तेजी से पतन होता गया।

ऑडीटोरियम की विशेषता

यह पूरी तरह से एयरकंडीशंड है। 416 वर्ग मीटर के फ्लोर एरिया वाले इस ऑडिटोरियम में एक साथ 335 लोगों के बैठने की क्षमता है। बिजली की खपत कम करने के लिए वीआरवी एयर कंडीशनिंग सिस्टम लगाया गया है। यहां एक ग्रीन रूम, मेडिकल रूम, वॉशरूम और स्टोर सुविधाएं हैं। इसके अलावा इसमें थिएटर स्टाइल में पुश बैक कुर्सियां भी लगाई गई हैं। एनर्जी एफीशिएंट स्टेज लाइटनिंग और पर्दे स्टेज परफॉर्मेंस को बेहतर बनाते हैं। नया स्पीकर सिस्टम, सब-वूफर, स्टेज मॉनिटरिंग सिस्ट आदि सुविधाएं हॉल में मौजूद हैं।

इस स्कूल में परफॉर्मिंग एंड विजुअल आर्ट्स शुरू होने से बच्चों को हाई टेक मंच पर परफॉर्म करने का मौका मिलेगा।

इस ऑडीटोरियम का इस्तेमाल सरकार के अन्य स्कूलों, खासतौर से दिल्ली के उत्तरी और सेंट्रल रीजन के स्कूलों द्वारा सांस्कृतिक और साहित्यिक एक्टीविटी के लिए भी किया जा सकता है।

- सीएम ने सोमवार को राज निवास मार्ग स्थित डॉ. बी.आर. अंबेडकर स्कूल ऑफ स्पेशलाइज्ड एक्सीलेंस में अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस नवनिर्मित ऑडिटोरियम का उद्घाटन किया

आबकारी मामला: संजय सिंह को विशेषाधिकार समिति के सामने पेश होने की मिली अनुमति

- जमानत याचिका पर आज हो सकती है सुनवाई

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली की एक अदालत ने सोमवार को कथित दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से संबंधित धनशोधन मामले में गिरफ्तार आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह को विशेषाधिकार हनन के मामले में अपनी दलीलें देने के लिए संसदीय समिति के समक्ष पेश होने की अनुमति दे दी। विशेष न्यायाधीश एम.के. नागपाल ने सिंह के वकील द्वारा दायर एक आवेदन पर यह अनुमति दी गई, जिन्होंने दावा किया था कि सांसद होने के नाते आरोपी को कार्यवाही में शामिल होने की आवश्यकता है। न्यायाधीश ने जेल अधीक्षक को निर्देश दिया कि वह आरोपी को सत्र के किसी भी कार्य दिवस पर संसद ले जाएं ताकि वह राज्यसभा की विशेषाधिकार समिति के समक्ष अपनी दलीलें पेश कर सकें। हालांकि, न्यायाधीश ने कहा कि सिंह को अपने सहयोगियों, समर्थकों और मीडियाकर्मियों से मिलने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

इस बीच, गवाह की सुरक्षा की मांग करने वाला ईडी का आवेदन एक अन्य अदालत में लंबित होने के मद्देनजर न्यायाधीश ने मौजूदा मामले में सिंह के खिलाफ आरोपपत्र पर संज्ञान लेने या नहीं लेने पर आदेश स्थगित कर दिया। अदालत मंगलवार को सिंह की जमानत याचिका पर सुनवाई कर सकती है, जो फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं। प्रवर्तन निदेशालय ने सिंह को चार अक्टूबर को गिरफ्तार किया था।

आरआरटीएस परियोजना के लिए अलग बजट मद बनाएगी दिल्ली सरकार

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली सरकार आरआरटीएस परियोजना के लिए एनसीआरटीसी को धन आवंटित करने के लिए अपने बजट अनुमान में एक अलग मद बनाएगी। एक अधिकारी के अनुसार, दिल्ली सरकार के परिवहन विभाग ने 2023-24 में किसी भी बजट मद के तहत परियोजना के लिए धन आवंटित नहीं किया था।

दिल्ली सरकार को आरआरटीएस के प्रस्तावित दिल्ली-पानीपत और दिल्ली-एसएनबी (शाहजहांपुर-नीमराना-बहरोड़) कॉरिडोर के लिए अभी भी 150 करोड़ रुपये का भुगतान करना है। अधिकारी ने कहा, वित्त विभाग ने परिवहन विभाग से वित्तीय वर्ष 2023-24 के संशोधित अनुमान और अगले वित्तीय वर्ष के बजट अनुमान में आरआरटीएस परियोजना के लिए एक अलग बजट प्रमुख का उल्लेख करने के लिए कहा है। ज्ञात हो कि आरआरटीएस परियोजना में दिल्ली को उत्तर प्रदेश में मेरठ, अलवर और पानीपत से जोड़ने वाले स्पीड रेल कॉरिडोर का निर्माण शामिल है।

आयुष्मान योजना का लाभ उठाएं दिल्ली वाले: बिधूड़ी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

- केंद्र सरकार के अस्पतालों में इलाज के लिए भरे फार्म: नेता प्रतिपक्ष

दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा है कि केजरीवाल सरकार ने भले ही आयुष्मान भारत योजना से दिल्लीवालों को वंचित रखा हुआ है लेकिन राजधानी में केंद्र सरकार के अस्पतालों में यह योजना लागू है। योजना के अंतर्गत इन अस्पतालों में लोग 5 लाख रुपए तक का इलाज मुफ्त करा सकते हैं। बिधूड़ी ने बताया कि राजधानी में इन दिनों विकसित भारत संकल्प यात्रा की वैन जहां भी जा रही है, इस योजना का लाभ पहुंचाने के लिए फॉर्म भरे जा रहे हैं। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि वे 5 लाख रुपए तक का मुफ्त इलाज कराने के लिए यात्रा के दौरान अपना फॉर्म जरूर भरें।

बिधूड़ी ने यह बात तिमारपुर में मोदी सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का संदेश लेकर पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा के मौके पर दी। उन्होंने बताया कि दिल्ली सरकार ने घोषणा के बावजूद इस योजना को राजधानी में लागू नहीं किया जिससे दिल्ली वालों को अस्पतालों में मुफ्त इलाज नहीं मिल पा रहा।

जो लोग यह कार्ड बनवा लेंगे वे इसका लाभ दिल्ली में केंद्र सरकार के अस्पतालों के अलावा देश के बाकी हिस्सों में भी उठा सकते हैं। कैंप में उज्जवला योजना के अंतर्गत महिलाओं को मुफ्त रसोई गैस कनेक्शन और सिलेंडर देने के फार्म भी भरवाए गए।

जेएनयू के शैक्षणिक इमारतों के पास प्रदर्शनों पर रोक

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

- नियम का उल्लंघन करने पर लगेगा 20 हजार तक का जुर्माना

जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) द्वारा जारी नई नियमावली के मुताबिक शैक्षणिक इमारतों के 100 मीटर के दायरे में पोस्टर चस्पा करना और धरना प्रदर्शन करने पर 20 हजार रुपए तक का जुर्माना लगाया जा सकता है या दोषी को संस्थान से निष्कासित किया जा सकता है जबकि राष्ट्र विरोधी गतिविधि पर 10 हजार रुपए का जुर्माना लगाया जा सकता है। शैक्षणिक इमारतों में कक्षाओं और प्रयोगशालाओं के अलावा विभिन्न स्कूलों के अध्यक्षों के कार्यालय, डीन और अन्य पदाधिकारियों के कार्यालय को शामिल किया गया है।

इससे पहले उच्च न्यायालय के आदेश पर प्रशासनिक इमारत जिसमें कुलपति, रजिस्ट्रार, प्रॉक्टर सहित शीर्ष अधिकारियों के कार्यालय हैं उसके 100 मीटर के दायरे में प्रदर्शन पर रोक लगाई गई थी। हालांकि, अब चीफ प्रॉक्टर कार्यालय (सीपीओ) की संशोधित नियमावली के मुताबिक, विश्वविद्यालय ने कक्षाओं के स्थानों के साथ-साथ शैक्षणिक इमारतों के 100 मीटर के दायरे में प्रदर्शन पर रोक लगा दी है। संशोधित नियमावली के मुताबिक, किसी धार्म, जाति या समुदाय के प्रति असहिष्णुता को भड़काने या राष्ट्र विरोधी गतिविधि के लिए 10 हजार रुपए का जुर्माना लगाया जा सकता है। यह घटनाक्रम अक्टूबर में जेएनयू में भाषा अध्ययन संस्थान की इमारत की दीवार पर राष्ट्र-विरोधी नारा लिखे जाने के बाद आया है। उक्त घटना के बाद प्रशासन ने परिसर में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति पर विचार करने के लिए एक समिति गठित करने की घोषणा की थी। जेएनयू छात्र संघ ने नई नियमावली का विरोध किया है और इसे विरोधी विचारों को दबाने की कोशिश करार दिया है। 0जेएनयू रजिस्ट्रार रविकेश को फोन और लिखित संदेश भेजकर प्रतिक्रिया मांगी गई लेकिन उनकी ओर से कोई जवाब नहीं आया।

कश्मीर के लोग विकास की धारा से जुड़ेंगे: सचदेवा

- भाजपा अध्यक्ष ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले का किया स्वागत

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है कि दिल्ली भाजपा धारा 370 खत्म करने के केन्द्र सरकार के निर्णय पर सर्वोच्च न्यायालय के पुष्टी आदेश का स्वागत करती है।

सचदेवा ने कहा है की धारा 370 के मामले में सर्वोच्च न्यायालय का फैसला कश्मीर के लोगों को प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी की दूरदृष्टि के अनुरूप विकास की मुख्य धारा से जोड़ेगा। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा है की भारतीय जनसंघ के संस्थापक डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने 1951-52 में कहा था की कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है।

सचदेवा ने कहा कांग्रेस ने कश्मीर के लोगों को भारत में विलय का भय दिखाया पर 2019 में धारा 370 हटने के बाद जिस तरह कश्मीर के लोग देश की आर्थिक एवं विकास की मुख्य धारा से जुड़े हैं ने उसने आम कश्मीरियों के जीवन को खुशियों से भर दिया है।

दिल्ली नगर निगम स्कूलों में घटी छात्रों की नई भर्ती: भाजपा

नई दिल्ली। *दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है की दिल्ली नगर निगम के आयुक्त के बजट भाषण ने शिक्षा मंत्री आतिशी एवं महापौर डा. शैली ओबरॉय के नगर निगम के स्कूलों मे सुधार के बड़े बड़े दावों की पोल खोल दी है। गत दस माह से शिक्षा मंत्री एवं महापौर लगातार दिल्ली सरकार के स्कूलों में शिक्षा क्रांति का दावा करते हुए उसी शिक्षा क्रांति को लाकर दिल्ली नगर निगम के स्कूलों में अमूलचूल सुधार का दावा करती रही हैं पर नगर निगम के बजट ने सब पोल खोल दी है। निगम स्कूलों में सुधार के महापौर के दावों के विपरीत निगम बजट से पोल खुली है की इस वर्ष निगम स्कूलों में कुल छात्रों की संख्या में लगभग 110000 की कमी हुई है तो वहीं इस साल नई भर्ती में भी लगभग 86000 की कमी आई है। गत वर्ष नगर निगम के 1535 स्कूलों में कुल 8.74 लाख छात्र पढ़ते थे जो इस वर्ष घट कर 7.88 लाख रह गये हैं। सचदेवा ने कहा है की निगम स्कूल बदहाल हैं, बच्चों को वर्दी एवं पुस्तके उपलब्ध नही हो रहीं ना ही मिड डे मील की स्थिती संतोषजनक है और छात्र फंड तक पूरा नहीं आ रहा।*

नेपाल सीमा पर बांध बनाए या फिर पैकेज दे केंद्र सरकार: संजय झा

मिथिला महोत्सव में मैलोरंग नाटय समूह ने पेश किए गीत और नृत्य, देर रात तक झूमते रहे दर्शक

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

बिहार के जल संसाधन एवं जनसंपर्क मंत्री संजय झा ने कहा है कि केंद्र सरकार उत्तर बिहार में आने वाली बाढ़ रोकने के लिए नेपाल सीमा पर बांध बनाएं या फिर उससे बचाव के लिए कोई पैकेज दे।

उन्होंने मैथिल पत्रकार ग्रुप की ओर से प्रेस क्लब ऑफ इंडिया दिल्ली में आयोजित मिथिला महोत्सव-7 और मिथिला लिटरेचर फेस्टिवल-4 के लिए प्रेषित अपने संबोधन में कहा कि इसके लिए दोनों देश के बीच करार भी है, लेकिन डीपीआर बनाने के लिए कोई पहल नहीं की जा रही है। मिथिला महोत्सव के अंत में रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मंच-संचालन प्रतिभा ज्योति और प्रकाश झा ने किया। इस दौरान मैलोरंग नाटय समूह की ओर से गीत और नृत्य के कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिस पर उपस्थित लोग देर रात तक झूमते रहे। इस दौरान मैथिल पत्रकार ग्रुप ने अगला कार्यक्रम मिथिला हाट झंझारपुर मधुबनी में करने का भी ऐलान किया। इसके लिए बिहार सरकार के जनसंपर्क विभाग ने भी मैथिल पत्रकार ग्रुप को आमंत्रित किया है। झा ने अपने संबोधन में बिहार में भाजपा के साथ जदयू की लड़ाई के मुद्दों को लेकर भी संकेत दिये। उन्होंने कहा कि मां सीता के जन्म स्थान पुनौरा धाम का पुनरुद्धार कार्य इसी साल दिसंबर में शुरू कर दिया जाएगा, जबकि अगले साल तक इस कार्य को पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। यह माना जा रहा है कि अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाली भगवान राम की मूर्ति प्रतिष्ठा कार्यक्रम से पहले बिहार सरकार इस कार्य को शुरू कर धार्मिक बिंदु पर भी भाजपा से दो-दो हाथ करने की तैयारी कर रही है, उन्होंने इसके साथ ही उत्तर बिहार में आस्था के केंद्र सिमरिया धाम में सुविधाओं को विकसित करने का भी इरादा व्यक्त किया। इस अवसर पर भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉक्टर अजय आलोक ने कहा कि मिथिला की भाषा और सभ्यता दुनिया में सबसे मीठी भाषा में शामिल होती है। यह क्षेत्र प्राचीन काल से ही ज्ञान, सभ्यता, संस्कृति और इतिहास का केंद्र रहा है. एक तरफ मां गंगा, एक तरफ कोसी, एक तरफ गंडक नदी और एक तरफ हिमालय से घिरा हुआ यह क्षेत्र अपने बौद्धिक क्षमताओं के लिए प्राचीन काल से ही पहचान बनाए हुए है।

इस अवसर पर मिथिला के उद्योगपति आरसी चौधरी और अरविंद झा ने भी अपने विचार व्यक्त किए। मिथिला महोत्सव के पहले चरण में मिथिला लिटरेचर फेस्टिवल-4 का आयोजन किया गया जिसमें मिथिला में उद्योग और रोजगार नहीं होने और उनके निदान को लेकर आरसी चौधरी और अरविंद झा ने अपने विचार व्यक्त किए। इससे पहले एक अन्य सत्र में भागलपुर मूल के दिवंगत पत्रकार संदीप ठाकुर की स्मृति में एक व्याख्यानमाला का आयोजन प्रेस एसोसिएशन और प्रेस क्लब के सहयोग से किया गया।

कार्यक्रम में पत्रकार धनंजय, दिनेश वत्स, गुलशन राय खत्री, राकेश कुमार सिंह, नरेंद्र भल्ला, इंद्र वशिष्ठ, सुजीत ठाकुर, प्रेस क्लब के महासचिव नीरज ठाकुर के साथ ही मैथिल पत्रकार समूह के अध्यक्ष और प्रेस एसोसिएशन के महासचिव संतोष ठाकुर ने संदीप ठाकुर को लेकर अपने अनुभव साझा किये।

संक्षिप्त समाचार

लोधी गार्डन में 'गज़ेबो' की रखी आधारशिला

नई दिल्ली। एक महत्वपूर्ण विकास में, नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) के उपाध्यक्ष सतीश उपाध्याय ने लोधी गार्डन में एक गज़ेबो की आधारशिला 'रोज गार्डन एसोसिएशन' के सम्मानित सदस्यों, लोधी गार्डन के उत्साही आगंतुकों और एनडीएमसी के सिविल इंजीनियरिंग, बागवानी और सार्वजनिक स्वास्थ्य विभागों के प्रमुख अधिकारियों की उपस्थिति में की । उपाध्याय ने लोधी गार्डन में नए जुड़ाव के बारे में उत्साह व्यक्त करते हुए कहा कि यह पहल पार्क के दैनिक आगंतुकों और उत्साही पार्क उत्साही लोगों की मांग से प्रेरित थी। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि गज़ेबो का निर्माण अगले तीन महीनों के भीतर पूरा होने की उम्मीद है। एक बार पूरा होने पर, गज़ेबो में सात 3-सीटर बेंचें होंगी, जो आगंतुकों को आराम करने और लोधी गार्डन की सुंदरता का आनंद लेने के लिए एक शांत और आरामदायक स्थान प्रदान करेंगी। लोधी गार्डन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए उपाध्याय ने एक प्रमुख पार्क के रूप में इसकी स्थिति पर जोर दिया, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में पर्यटक आते हैं।

धीरज साहू मुद्दे पर कांग्रेस नेतृत्व से मांगा जबाव

नई दिल्ली। कांग्रेस सांसद के नकद घोटाले के मुद्दे पर कांग्रेस नेतृत्व का बयान लेने के लिए दिल्ली भाजपा जिला इकाइयों ने दिल्ली के सभी जिलों के प्रमुख 14 स्थानों पर विरोध प्रदर्शन किया। केशवापुरम जिले के ब्रिटानिया चौक शकरपुर मेन रोड पर, उत्तर पश्चिम जिले ने मधुबन चौक, रोहिणी पर, पश्चिमी दिल्ली जिले ने राजा गार्डन चौक पर, उत्तर पूर्वी जिले ने खजूरी चौक पर, नवीन शाहदरा ने दुर्गापुरी चौक पर, शाहदरा जिले ने मधुबन चौक लक्ष्मीनगर में, महरौली जिले ने भुलभुलैया चौक बस स्टैंड के पास, मयूर विहार जिले ने सुपरफाइन चौक मयूर विहार - 2 में, करोल बाग जिले ने पटेल नगर थाने के सामने, चांदनी चौक जिला ने मुल्तानी डांढा चौक रामनगर में, बाहरी दिल्ली जिले ने विश्राम चौक सेक्टर 3 रोहिणी में, नजफगढ़ जिले ने द्वारका मोड़ पर और दक्षिणी दिल्ली जिले ने बत्रा अस्पताल के सामने भाजपा के विभिन्न जिला अध्यक्षों के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन किया गया।

50वीं वर्षगांठ पर रंग दे कोरिया का आयोजन

नई दिल्ली। कोरियाई सांस्कृतिक केंद्र भारत (केसीसीआई) ने कोरिया और भारत के बीच राजनयिक संबंधों की 50 वीं वर्षगांठ पर राजधानी के अंसल प्लाजा में 'रंग दे कोरिया' उत्सव का आयोजन किया गया। भारत के सबसे बड़े इस कोरियाई उत्सव की मेजबानी कोरिया के संस्कृति, खेल और पर्यटन मंत्रालय द्वारा की गई। इसे कोरियाई दूतावास, कोरियाई सांस्कृतिक केंद्र भारत और कोरियाई फाउंडेशन फॉर इंटरनेशनल कल्चरल एक्सचेंज द्वारा आयोजित किया गया था। इस अवसर पर भारत में दक्षिण कोरिया के राजदूत चांग जे-बोक ने विदेश मंत्रालय के पूर्वी एशिया सचिव सौरभ कुमार की गरिमामयी उपस्थिति में इस कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर राजदूत चांग जे-बोक ने कहा, इस स्वर्ण जयंती ने हमारे दूतावास को इस साल की शुरुआत में तीन प्रमुख लक्ष्य निर्धारित करने के लिए प्रेरित किया।

गीता सभी धर्मों से ऊपर एक आध्यात्मिक ग्रंथ है: महंत बंसीपुरी

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

तीन दिवसीय अखिल भारतीय भगवद गीता महासम्मेलन का हुआ समापन

परमात्मा शिव ही वास्तव में इस सृष्टि के अधिष्ठाता हैं। सभी वेद, शास्त्रों का उद्गम शिव की वाणी से हुआ। गीता एक आध्यात्मिक ग्रंथ है। यह विचार हरियाणा साधु समाज के प्रदेश अध्यक्ष महंत बंसी पुरी ने ब्रह्माकुमारीज के ओम शान्ति रिट्रीट सेंटर में आयोजित अखिल भारतीय श्रीमद् भगवद गीता महासम्मेलन में उन्होंने ये बात कही।

कार्यक्रम के समापन सत्र में बोलते हुए उन्होंने कहा कि शिव और शक्ति एक दूसरे के पर्याय हैं। गीता सिर्फ पाठ करने का विषय नहीं, बल्कि जीवन में उतारने का विषय है। झज्जर से महामंडलेश्वरी साध्वी ऋतंभरा अनिता ने कहा कि गीता मात्र एक ग्रंथ नहीं बल्कि जीवन शैली है।

परमात्मा के द्वारा गीता में सिखाए योग को जीवन में आत्मसात करने की आवश्यकता है। योग से हम मन को स्वस्थ रख सकते हैं। एक स्वस्थ मन ही स्वस्थ शरीर का आधार है। उन्होंने कहा कि बीमारियों का मूल कारण मन का विचलन है। योग का अभ्यास ही मन को स्थिरता प्रदान कर सकता है। ब्रह्माकुमारीज के अतिरिक्त महासचिव बीके बृजमोहन ने कार्यक्रम के विषय को स्पष्ट किया। उन्होंने कहा कि योग का एक मात्र शास्त्र भगवद्गीता है। जिससे सिद्ध होता है कि योग की शिक्षा स्वयं परमात्मा ने दी। ईश्वर को सर्वव्यापक समझने से योग सिद्ध नहीं होता। परमात्मा से योग यही दर्शाता है कि वो एक स्वतंत्र सत्ता है। यदि परमात्मा सबमें व्यापक हो तो योग लगाने की जरूरत ही नहीं है।

अखिल भारतीय भगवद गीता महासम्मेलन में बोलते महंत बंसी पुरी।

उन्होंने कहा कि गीता में परमात्मा ने स्पष्ट कहा है कि वो इस प्रकृति की दुनिया से परे परमधाम के रहने वाले हैं। जहां सूर्य और चंद्रमा का प्रकाश भी नहीं पहुंच सकता। ओआरसी की निदेशिका राजयोगिनी आशा दीदी ने कहा कि योग का वास्तविक अर्थ याद है। उन्होंने कहा कि परमात्मा से स्नेह के कारण लोगों ने उन्हें सर्वव्यापी समझ लिया। राजयोग के अभ्यास से ही आत्मा शक्तिशाली बन सकती है। स्व चिंतन और स्वाध्याय के आधार से ही परिवर्तन संभव है। उन्होंने कहा कि हम जैसा सोचते हैं वैसा ही बन जाते हैं। भगवद गीता हमें श्रेष्ठ चिंतन प्रदान करती है।

संस्था के मुख्यालय माउंट आबू से राजयोगिनी बीके उषा ने राजयोग के अभ्यास से सबको शान्ति की गहन अनुभूति कराई। मथुरा से बीके विनोद एवं चंडीगढ़ से बीके जय गोपाल ने ईश्वरीय स्मृति के गीतों द्वारा सबको भाव विभोर कर दिया। कार्यक्रम में विद्वानों ने भगवद गीता के अनेक रहस्यों पर चर्चा की।

अनुच्छेद 370 पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला ऐतिहासिक : गोयल

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

धारा 370 हटने के बाद जम्मू-कश्मीर विकास के पथ पर चल पड़ा है

कश्मीर में जी-20 की बैठक कराकर पीएम मोदी ने दुनिया को दिखाई थी कश्मीर की खूबसूरती

पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा के प्रमुख एवं एक भारत श्रेष्ठ भारत कमेटी के प्रदेश सह-संयोजक नवीन गोयल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन में गृह मंत्री अमित शाह द्वारा 5 अगस्त 2019 को संसद में ऐतिहासिक फैसला लेते हुए जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 का हटाया जाना पूरी तरह से संवैधानिक था। इस फैसले पर अब सुप्रीम कोर्ट ने भी अपना निर्णय देते हुए इसे संवैधानिक करार दिया है। इससे देश में खुशी की लहर है।

नवीन गोयल ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट की संवैधानिक पीठ द्वारा इस फैसले पर सुनवाई की गई। गहनता के साथ सरकार के फैसले का रिव्यू करके सुप्रीम कोर्ट भी इस पर तस्वीर साफ कर दी। कोर्ट द्वारा कहा गया है कि अनुच्छेद 370 हटाने का निर्णय पूरी तरह से संवैधानिक था। इसमें किसी तरह की दुर्भावना नहीं थी। सभी जरूरी संवैधानिक प्रक्रियाओं का इस फैसले को लेने के दौरान पालन किया गया। यह फैसला भारत देश विशेषकर जम्मू-कश्मीर के लोगों के हित में है। नवीन गोयल ने कहा कि धारा 370 के चलते जम्मू-कश्मीर कभी भी भारत देश से नहीं जुड़ पाया। वह हमेशा अलग-थलग रहा। वहां राजनीतिक दल पीडीपी, कांग्रेस

नवीन गोयल।

जैसे राजनीतिक दलों ने अपने परिवारों का हित साधने के लिए राजनीति की गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह ने जम्मू-कश्मीर के लोगों के दर्द को समझा। उन्हें उनके हक-हकूक दिलाने के लिए धारा 370 हटाने की तैयारी की गई। नवीन गोयल ने कहा कि जिस धारा को हटाने पर खून-खराबा होने की बातें कही जाती रही, उस धारा को जब गृह मंत्री ने ऐतिहासिक फैसला लेते हुए संसद में प्रमुखता से रखते हुए हटाया तो जम्मू-कश्मीर समेत पूरे देश में शांति रही। शांति के साथ देश की जनता ने इस फैसले की सराहना की। जम्मू-कश्मीर के विकास के नए रास्ते खुले। उन राजनीतिक दलों के चेहरों को भी बेनकाब किया गया, जिन्होंने वहां की जनता को हमेशा दबाकर रखा। धारा 370 हटने के बाद जम्मू-कश्मीर विकास के पथ पर चल पड़ा है।

नवीन गोयल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जी-20 सम्मेलन की बैठक कश्मीर में करवाकर यह दिखा दिया कि अब वहां आतंकवाद और उपद्रव नहीं बल्कि शांति की बहाली हो चुकी है। लोग फिर से उसी दौर में लौट रहे हैं जब वहां की वादियां बाहें खोलकर स्वागत करती थी। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले से विपक्ष के झूठ का भी पर्दाफाश हो चुका है। जम्मू-कश्मीर की जनता अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह के इस ठोस निर्णय को खुलकर समर्थन दे रही है।

दरिंदगी...नाबालिग नौकरानी को कुत्तों से कटवाती थी मालकिन

तेजाब डालकर जलाने की भी कोशिश

लोहे की रॉड व हथोड़ी से चोटिल करने के भी आरोप

गुरुग्राम। यहां एक सोसायटी में मालकिन पर 13 साल की नाबालिग नौकरानी को कुत्तों से कटवाने, तेजाब डालकर जलाने की कोशिश, लोहे की रॉड व हथोड़ी से चोटिल करने के आरोप लगे हैं। इन आरोपों के बाद पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है।

पीड़ित बच्ची की मां ने सेक्टर-57 में रहने वाले परिवार द्वारा अपनी बेटी के साथ किए गए कृत्य की शिकायत सेक्अर-51 महिला थाना पुलिस को दी। उन्होंने कहा है कि परिवार की आर्थिक हालत ठीक नहीं होने के कारण जून-2023 में उसकी 13 वर्षीय बेटी को सेक्टर-57 में रहने वाली शशि शर्मा नामक महिला के घर में मेड रखवाया था। उन्होंने 2 महीने तक पैसे दिए। इसके बाद पैसे देने बंद कर दिये। घर की मालकिन

अस्पताल में उपचाराधीन बच्ची।

और उसके बेटों द्वारा उसकी बेटी को बंधक बना के टॉर्चर किया गया। उसके बेटों द्वारा अश्लील छेड़छाड़ की गई। शिकायत में यह भी कहा गया है कि उसकी बेटी के कपड़े उतरवाकर फर्श पर सुलाया जाता था।

उसके बेटों ने बच्ची को कुत्तों से कटवाया। उसके हाथों को तेजाब से जलाने की कोशिश की। लोहे की रॉड व हथोड़ी से उसे चोटिल किया गया। ऐसे ही गंभीर आरोपों के तहत सेक्टर-51 महिला पुलिस थाने में मामला दर्ज किया गया। गुरुग्राम पुलिस ने नाबालिग पीड़ित बच्ची की मां की शिकायत पर धारा-279, 323, 34, 344, 506, 509 और पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

संक्षिप्त समाचार

विश्व मुक्केबाजी प्रतियोगिता के लिए रूपेश रवाना

सोहना। स्थानीय राजकीय संस्कृत मार्डल सीनियर सेकेंडरी स्कूल का छात्र रुपेश सैनी चीन और कजाकिस्तान में अपने मुक्केबाजी के पंचों से विरोधियों को मात देने के लिए रवाना हो गया है। रूपेश सैनी हरियाणा शिक्षा विभाग की स्कूल टीम की तरफ से मुक्केबाजी में अपनी ताकत दिखाने के लिए रवाना हो गया है। स्थानीय राजकीय संस्कृत मार्डल सीनियर सैकेंडरी की कक्षा 12वीं में पढ़ने वाला छात्र रूपेश सैनी मुक्केबाजी करने के लिए चीन गया है। सैनी 7 दिसंबर को भारत से अपनी पूरी टीम के साथ रवाना हुआ है। वह 11 से 20 दिसम्बर तक चीन में प्रशिक्षण लेने के साथ-साथ वहा पर होने वाली अंतरराष्ट्रीय बॉक्सिंग मुक्केबाजी में भाग लेगा। स्कूल के प्रधानाचार्य सुरेंद्र वर्मा ने बताया कि सैनी चीन के साथ-साथ कजाकिस्तान भी होने वाले विश्व स्तरीय मुक्केबाजी प्रतियोगिता में भाग लेगा। रुपेश सैनी को खंड शिक्षा अधिकारी से लेकर जिला खेल अधिकारी और चंडीगढ़ से शिक्षा विभाग हरियाणा के डब्ल्यू/एसीएस ने भी शुभकामनाएं दी है। वहीं स्कूल प्रशासन से लेकर परिजनों को सैनी पर गर्व है। वह अपने विरोधियों को मात देकर स्कूल, खंड से लेकर जिला ही नहीं देश का नाम रोशन करके ही वापस लौटेंगा।

सतीश नगर निगम मानेसर के अतिरिक्त आयुक्त बने

गुरुग्राम। हरियाणा सिविल सेवा के अधिकारी सतीश यादव ने सोमवार को आयुक्त अशोक कुमार गर्ग से औपचारिक मुलाकात के बाद मानेसर नगर निगम के अतिरिक्त आयुक्त का पदभार ग्रहण किया। संयुक्त आयुक्त दिनेश कुमार ने पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत किया। इससे पूर्व सतीश यादव बादशाहपुर में एसडीएम के पद पर कार्यरत रहे हैं। सतीश यादव के लिए गुरुग्राम जिला नया नहीं है। इससे पहले वे गुरुग्राम नगर निगम में संयुक्त आयुक्त, सोहना के एसडीएम के रूप में सेवाएं दे चुके हैं। मानेसर नगर निगम में अतिरिक्त आयुक्त के रूप में पदभार संभालने के बाद उन्होंने कहा कि प्रशासनिक और विकास कार्यों में तेजी लाना उनकी प्राथमिकता है। कचरा प्रबंधन और कार्यों की गुणवत्ता पर ध्यान दिया जाएगा।

नौनिहालों को डोर टू डोर पोलियो दवा पिलाने का अभियान शुरू

सोहना। पोलियो अभियान में स्वास्थ्य विभाग ने सोमवार से डोर टू डोर दवा पिलाने का अभियान शुरु कर दिया है। दो दिन तक चलने वाले इस अभियान में करीब 3400 बच्चों को दो बूंद जिंदगी की पिलाई जाएगी। रविवार से शुरु हुआ पोलियो अभियान के पहले दिन करीब 4000 जीरो से 5 वर्ष की उम्र वाले नौनिहालों को दो बूंद जिदंगी की पिलाई गई थी। अभियान के दो दिन सोमवार व मंगलवार को गठित टीम के सदस्य डोर टू डोर जाएंगे। जहा पर पोलियो की दवा न पिलाई जाएगी। जिसकी शुरुआत सोमवार से आशा वर्कर्स और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ने शुरु कर दिया है। इस अभियान में करीब 3400 बच्चों को दवा पिलाने की कार्य होगा। सोमवार को डोर टू डोर के साथ-साथ आबादी क्षेत्र से बाहर रहने वाले परिवारों के नौनिहालों को दवा पिलाने का कार्य चलेगा।

ग्राम पंचातयों में जनसमस्याओं का समाधान करके विकसित बनाया जाएगा: संजय सिंह

सोहना। सोमवार को खंड की दो ग्राम पंचायतों में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन हुआ। ग्राम पंचायत हरियाहेड़ा में विधायक ने पहुंच ग्रामीणों को गांव सुधार को लेकर समस्याओं का समाधान जल्द से जल्द कराने का आश्वासन दिया।

सोहना के गांव चमनपुरा में देश को विकसित बनाने की शपथ लेते हुए ग्रामीण।

सोमवार को खंड की ग्राम पंचायत हरियाहेड़ा और चमनपुरा में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत कार्यक्रम हुए। जिनमें 12 से 15 प्रदेश और केन्द्र सरकार की जनकल्याण योजनाओं को लेकर स्टाल लगाई गई। स्टालों में स्वास्थ्य विभाग से लेकर कृषि, बाल विकास एवं महिला परियोजना, सीएससी सेंटर आदि सामूहिक समस्याओं के निदान और सरकारों की योजनाओं को लाभ लेने और के तरीके बताएं गए। इस अवसर पर ग्रामीणों को भारत को विकसित बनाने की शपथ भी दिलाई गई। देश सेवा में हर नागरिक अपना योगदान देने के लिए संकल्प ले और श्रमदान करते हुए देश के प्रति अपना कर्तव्य को पूरा करे।

विधायक संजय सिंह ने प्रत्येक स्टाल पर पहुंचकर प्रदेश व केंद्र सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के बिना भेदभाव के कराए जाने वाले विकास कार्यो को सहराया। विकास के क्षेत्र में देश के अंदर हरियाणा नबंर एक पर आता है। जबकि देश को एक बार विश्व गुरु बनाने में प्रधानमत्री नरेंद्र मोदी कोई कमी नहीं छोड़ रहे है। भारत विकास के क्षेत्र में विश्व में भी नंबर एक के पायदान में जल्द ही आने वाला है। विधायक ने संकल्प यात्रा में पहुंचे ग्रामीणों को सरकार की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने के लिए आगे आने की अपील की। गांवों को शहरों की तर्ज पर विकास कराने और रोजगार के संसाधान उपलब्ध कराने की बात कही।

आईआईएम कोझिकोड के एमबीए प्रोग्राम को मिली बेहतर इंटरनेशनल रैंकिंग

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट कोझिकोड (आईआईएमके) ने 2023 के लिए प्रतिष्ठित फाइनेंशियल टाइम्स (एफटी) और क्वाक्वेरेली साइमंड्स (क्यूएस) रैंकिंग में प्रभावशाली रैंकिंग के साथ मैनेजमेंट एजुकेशन में एक वैश्विक प्रमुख के रूप में अपनी स्थिति मजबूत कर ली है।

फाइनेंशियल टाइम्स मास्टर्स इन मैनेजमेंट रैंकिंग 2023 : आईआईएम कोझिकोड के प्रमुख एमबीए प्रोग्राम ने फाइनेंशियल टाइम्स मास्टर्स इन मैनेजमेंट रैंकिंग 2023 में 77वां स्थान हासिल करके वैश्विक स्तर पर अपनी शुरुआत की। यह उपलब्धि आईआईएम कोझिकोड को दुनिया भर के शीर्ष 100 बी-स्कूलों में शामिल करवाने में सफल रही है। इसके अलावा, संस्थान अपने फुलटाइम एमबीए प्रोग्राम के लिए एशियाई बी-स्कूलों में 10वें और सभी इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट (आईआईएम) में चौथे स्थान पर है।

एफटी रैंकिंग विभिन्न मानकों पर परखती है, जिसमें औसत ग्रेजुएट वेतन, वेतन प्रतिशत वृद्धि, वैल्यू फॉर मनी, कैरियर ग्रोथ, विविधता और बहुत कुछ शामिल हैं।

विविध समूह और शैक्षणिक मान्यता : आईआईएम कोझिकोड विविधता में अग्रणी है और 2013 में 50 प्रतिशत से अधिक महिला उम्मीदवारों के साथ एमबीए बैच रखने वाला पहला आईआईएम था, जब बी-स्कूलों में महिलाओं का ऐतिहासिक प्रतिशत लगभग 8-10 प्रतिशत था। 2023 में, आईआईएम कोझिकोड ने छात्रों के एक विविध समूह का स्वागत किया, जिसमें 45 प्रतिशत महिला उम्मीदवार और 58 प्रतिशत नॉन-इंजीनियरिंग स्टूडेंट थे, जो 601 स्टूडेंट्स का सबसे बड़ा समूह था। इसके अतिरिक्त, संस्थान ने छह देशों के 12 इंटरनेशनल छात्रों को अपने कार्यक्रमों में प्रवेश दिया। इस वर्ष की शैक्षणिक विविधता उल्लेखनीय है, जिसमें 58 प्रतिशत नॉन-इंजीनियरिंग बैकग्राउंड से आते हैं, जो साइंसिज, हयूमैनिटीज, आर्ट्स, कॉमर्स, मेडिकल (एमबीबीएस), और चार्टर्ड अकाउंटेंसी जैसे विषयों की एक विस्तृत सीरीज का प्रतिनिधित्व करते हैं।

ओपन-एनरोलमेंट एक्जीक्यूटिव एजुकेशन रैंकिंग : फाइनेंशियल टाइम्स ग्लोबल रैंकिंग ने आईआईएम कोझिकोड को अपने ओपन एनरोलमेंट एक्जीक्यूटिव एजुकेशन प्रोग्राम के लिए भारत के टॉप 4 स्कूलों और दुनिया भर के शीर्ष 75 स्कूलों में शामिल किया है। भारतीय बी-स्कूलों में, आईआईएम कोझिकोड टॉप प्रोवाइडर्स में से एक के रूप में खड़ा है, जो इटली के बोलोग्ना बिजनेस स्कूल, बेल्जियम के सोल्वे ब्रसेल्स स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स एंड मैनेजमेंट और यूनाइटेड के एनटीयू के नॉटिंघम बिजनेस स्कूल जैसे यूरोपीय बिजनेस स्कूलों से आगे है।

भारत में व्यावसायिक स्वास्थ्य और सुरक्षा बाजार 2030 तक 17.86 बिलियन डॉलर तक पहुंचेगा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

व्यावसायिक और औद्योगिक सुरक्षा को बढ़ावा देने के मामले में भारत का प्रदर्शन वर्षों से जारी मजबूत आर्थिक विकास के बावजूद कमजोर रहा है। लेकिन अब ऐसी कई एजेंसियां सरकार के बाहर से काम कर रही हैं जो इस क्षेत्र को मजबूती देने का काम कर रही है। यही वजह है कि भारत में व्यावसायिक स्वास्थ्य और सुरक्षा बाजार 2030 तक 17.86 बिलियन डॉलर तक पहुंच जाने का दावा किया जा रहा है।

हाल ही में इन्फॉर्मा मार्केट्स इन इंडिया द्वारा मुंबई में व्यावसायिक सुरक्षा और स्वास्थ्य एक्सपो और सम्मेलन, ओएसएच इंडिया का 11वां संस्करण आयोजित किया गया। तीन दिन तक चले इस प्रदर्शनी में वैश्विक विशेषज्ञों, औद्योगिक सुरक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र में चुनौतियों और अवसरों को एकजुट करने, नवाचार के लिए एक मंच प्रदान किया गया।

इस मौके पर यह बात भी उठी कि सभी के लिये सुरक्षित कार्यस्थल सुनिश्चित करने के लिए सुधारात्मक कार्रवाई और नीतियां तैयार करने के लिए सभी राज्यों में सुदृढ़ निगरानी (निरीक्षण) व्यवस्था और व्यापक डेटाबेस की आवश्यकता है। इसके बाद ओएसएच इंडिया के संस्करण 2024 में मुंबई, बेंगलुरु और ढाका में आयोजित करने की योजना है और 2025 में दिल्ली में आयोजित किया जाएगा। मुंबई में आयोजित ओएसएच इंडिया के 11वें संस्करण के दौरान इंफोर्मा मार्केट्स इन इंडिया के

प्रबंध निदेशक योगेश मुद्रास ने कहा कि औद्योगिक सुरक्षा और स्वास्थ्य उद्योगों के लिए बहुत जरूरी है, जो कार्यबल की सुरक्षा सुनिश्चित करते हैं और परोक्ष रूप से एक राष्ट्र की आर्थिक लचीलेपन को बढ़ाते हैं।

उन्होंने कहा कि भारत के व्यावसायिक सुरक्षा और स्वास्थ्य बाजार में वृद्धि की उम्मीद है, 2030 तक 11.1 फीसदी की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर के साथ 17.86 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है, इसलिए यह एक्सपो का आयोजन उद्योग जगत के लिए महत्वपूर्ण माना गया। मुद्रास ने कहा ओएसएच इंडिया हितधारकों के लिए अत्याधुनिक समाधानों का पता लगाने, वैश्विक विशेषज्ञों के साथ जुड़ने और जागरूकता और सर्वोत्तम प्रथाओं को बढ़ावा देने के लिए एक केंद्र के रूप में कार्य करता है। औद्योगिक सुरक्षा उपकरणों के लिए भारत का बाजार बढ़कर 841 मिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक का हो गया है, जो विभिन्न उद्योगों की मांग, सख्त कानूनों और व्यावसायिक सुरक्षा के बारे में जागरूकता में सुधार के कारण संचालित है।

फैशन उद्योग चक्रीय है, यहां उतार-चढ़ाव होता रहता है: निखिल मेहरा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

टेटे-ए-टी का विशेष सत्र प्रभा खेतान फाउंडेशन और लंबे समय से मेजबान अद्वैत काला की पहल की बदौलत व्यक्तिगत रूप से आयोजित किया गया। टेटे-ए-टी फाउंडेशन की ''इन कंवर्सेशन'' श्रृंखला के कार्यक्रमों में से एक है, जो संस्कृति और विरासत पर क्रेंद्रित है। इस कार्यक्रम के माध्यम से, दर्शकों को उल्लेखनीय लोगों के साथ बातचीत करने और विचारोत्तेजक चर्चाओं में भाग लेने का शानदार मौका मिलता है। फैशन उद्योग की एक प्रतिष्ठित हस्ती निखिल मेहरा आज की पहचान थे। कनॉट आईएचसीएल सेलेक्शंस, अद्वैत काला की कहली और दिल्ली की एहसास महिलाएं के समर्थन में, पीके एफ की एहसास महिलाओं की रूही सयाल, विन्ती कथूरिया का विशेष उल्लेख भी था और सीएसआर प्रयास के रूप में श्री सीमेंट ने इसे प्रायोजित किया।

कार्यक्रम के दौरान उद्योगों के दो अग्रणी, विश्व स्तर पर प्रसिद्ध शांतनु और निखिल इंडियन कॉउचर लेबल और संवादी अद्वैत काला की प्रसिद्ध

फैशन डिजाइनर निखिल मेहरा के साथ बातचीत हुई। द इंडियन एस्थेटिक पर गर्मजोशी से हुई इस बातचीत ने उपस्थित दर्शकों का मंत्रमुग्ध कर दिया। दोनों के बीच मजेदार नोकझोंक तब शुरू हुई जब निखिल ने कॉलेज से लेकर इंडस्ट्री तज़ के अपने सफर और सब कुछ कैसे हुआ, इस पर प्रकाश डाला। इसके बाद चर्चा पुरुषों के फैशन पर केंद्रित हो गई और निखिल और शांतनु ब्रांड ने इसे कितनी उपयुक्तता से कायम रखा है। इस विशेष खंड में उनके प्रवेश के बारे में, हमने निखिल को यह कहते हुए सुना, ''मुझे यह देखकर आश्चर्य हुआ कि कैसे पुरुष कपड़े खरीदने के लिए केवल फैब इंडिया या अन्य वैश्विक खुदरा विक्रेताओं के पास ही जाते थे। उनके साथ आम तौर पर एक महिला होती थी जो उनके लिए निर्णय लेती थी। जब कपड़ों की बात आती थी तो वे महिलाओं पर निर्भर रहने में सहज थे। इसने मुझे उस पुरुष के स्त्री पक्ष को देखने के लिए प्रेरित किया जो अन्यथा अभयारण्य के बाहर प्रभुत्व रखता था।

तब हमने सोचा कि यह तलाशने और प्रयोग करने के लिए एक अच्छा बाजार है। मैंने सोचा था कि पुरुषों की वह विशेष पीढ़ी जो कपड़ों की परवाह नहीं करती है, उसे समय निकालना है और उसकी जगह वह ले रही है जो अच्छा दिखना चाहता है। वे पुरुष जो अपना ख्याल रखना चाहते थे। मुझे लगता है कि हमारे लिए उस विशेष बाजार में प्रवेश करने का यह अच्छा समय था।

अनुच्छेद 370 पर सुप्रीम कोर्ट का ऐतिहासिक फैसला स्वागत योग्य : बोधराज सीकरी

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

हरियाणा सीएसआर ट्रस्ट के उपाध्यक्ष बोधराज सीकरी ने आर्टिकल 370 के निरस्तीकरण को सही ठहराने के सुप्रीम कोर्ट के फैसले को ऐतिहासिक बताया है। उन्होंने कहा कि निश्चित रूप से न्यायालय के इस फैसले से जम्मू-कश्मीर व लद्दाख की प्रगति को नई गति मिलेगी। इस निर्णय से लोकतंत्र की विजय हुई है। सत्य की विजय हुई है। सरकार की नीतियों की विजय हुई है। प्रधानमंत्री के निर्णायक नेतृत्व की विजय हुई है।

बोधराज सीकरी ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 हटाना नरेंद्र मोदी की सरकार का ऐतिहासिक फैसला है। चार साल पहले संसद में इसे काफी हंगामे के बीच पेश किया गया था और पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की मंजूरी के बाद यह फैसला लागू किया गया। अनुच्छेद 370 हटाए जाने से पहले जब भी इसे लेकर बात होती थी तो कश्मीर के कई नेता और स्थानीय लोग इसका विरोध करते थे। अनुच्छेद 370 का अपना इतिहास रहा है, उस दौरान कुछ परिस्थितियां कुछ ऐसी रहीं जब राज्य को विशेष दर्जा दिया गया था। भारत सरकार ने पांच अगस्त 2019 को जम्मू-कश्मीर से विशेष दर्जा खत्म कर दिया था, जम्मू

और कश्मीर केंद्र शासित प्रदेश बना दिया गया और लद्दाख को एक अलग केंद्र शासित प्रदेश बना दिया गया। सीकरी ने कहा कि कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है लेकिन पिछली सरकारों ने इसे अपने मतलब के लिए उपयोग करते हुए पिछड़ा बनाए रखा।

वर्षों से यहां ना तो कोई विकास कार्य हुआ और ना ही भारत सरकार की योजनाओं का लाभ जनता तक पहुंचा। वर्ष 2014 में पीएम मोदी की सरकार बनने के बाद जम्मू कश्मीर को प्रगति के पथ पर तेजी से आगे बढ़ाने की दिशा में कार्य किया गया और अब गृहमंत्री अमित शाह जी की नीतियों और प्रयासों के कारण जम्मू कश्मीर भी, भारत के अन्य राज्यों की तरह प्रगति की राह पर चल पड़ा है और नित नव आयाम प्राप्त कर रहा है।

फिजिक्स वाला पीडब्लू ने गुरुकुलम स्कूल लॉन्च किया

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

भारत के अग्रणी एड-टेक प्लेटफॉर्म फिजिक्स वाला (पीडब्लू) ने 10 दिसंबर 2023 को गुरुग्राम में एक प्री-लॉन्चिंग इवेंट में पीडब्लू गुरुकुलम स्कूल लॉन्च किया। इस कार्यक्रम में सह-संस्थापक प्रतीक माहेश्वरी, सीईओ ऑफलाइन अंकित गुप्ता और सीबीओ इमरान राशिद उपस्थित थे।

फिजिक्स वाला भारत का शीर्ष एड टेक प्लेटफॉर्म है। पीडब्ल्यू गुरुकुलम स्कूल पारंपरिक शिक्षा के क्षेत्र में व्यापक बदलाव की क्रांतिकारी पहल है। फिजिक्सवाला इस तरह की पहल करने वाली पहली एडटेक कंपनी है। पीडब्ल्यू ने अब तक 35 मिलियन छात्रों को यूट्यूब पर, 11 मिलियन छात्रों को पीडब्ल्यू ऐप पर सफलतापूर्वक पढ़ाया है। साथ ही जेईई/ नीट के ऑफलाइन कोचिंग के लिए 72 से अधिक विद्यापीठ खोलने और छात्रों की जरूरतों की गहरी समझ होने के बाद अब गुरुकुलम स्कूल खोलकर अपनी यात्रा में अगला कदम बढ़ाने को तैयार है। पहला गुरुकुलम स्कूल गुरुग्राम में खुलेगा। यहां पहले बैच में 400 छात्रों का नामांकन किया जाएगा। गुरुकुलम स्कूल में प्रारंभिक शिक्षा (प्ले ग्रुप से ग्रेड 7 तक) दी जाएगी और ये स्कूल

सीबीएसई बोर्ड से संबद्ध होंगे। अगले साल से इन स्कूलों में सेकेंडरी एवं हायर सेकंडरी क्लासों की पढ़ाई होगी। सभी स्कूल भविष्य को ध्यान रखकर अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी, हाईटेक लैब, तकनीक आधारित क्लासरूम, उन्नत बुनियादी ढांचा से सुसज्जित होंगे। साथ ही छात्रों को गहन सांस्कृतिक एवं वैश्विक परिवेश से भी परिचित कराया जाएगा।

पीडब्ल्यू गुरुकुलम स्कूल ऑफलाइन क्षेत्र में पीडब्ल्यू की कामयाबी और स्कूल संघटन (स्कूल एकीकरण प्रोग्राम) के तहत एक सौ से अधिक स्कूलों के साथ पार्टनरशिप का परिणाम है। इस कारण इसे ऑफलाइन शिक्षण की स्पष्ट समझ बनी है। यह पहल भविष्य की को ध्यान में रखकर निर्देशित की गई है लेकिन पारंपरिक ज्ञान से गहरे तौर पर जुड़ी हुई है। इसका लक्ष्य छात्रों को ऐसी जगह उपलब्ध कराना है जहां वे ज्ञान प्राप्त कर सकें, भविष्य के लिए तैयार हो सकें और वर्तमान शिक्षण व्यवस्था की रटन्त प्रणाली से आगे निकल सकें। यह सुनिश्चित करने के लिए छात्रों के न सिर्फ शैक्षणिक कौशल बल्कि समग्र शिक्षा पर फोकस किया जाएगा। जिसमें वित्तीय साक्षरता, उद्यमिता, रोबोटिक्स, भावनात्मक और शारीरिक स्वास्थ्य और व्यक्तित्व विकास पर भी ध्यान शामिल है।

पीडब्ल्यू के चीफ बिजनेस ऑफिसर इमरान राशिद ने कहा, ''पीडब्ल्यू स्कूल के साथ हम भारत में शिक्षा को उदार बनाने के अपने मिशन को आगे बढ़ा रहें। शिक्षा में न केवल व्यक्तिगत जीवन, बल्कि देश और अंत में पूरी मानवता के भाग्य को बदलने की शक्ति है। हम सिर्फ शिक्षा देने वाले स्कूल नहीं चाहिए, बल्कि ऐसे स्कूल चाहिए, जो छात्रों को वास्तविक दुनिया की चुनौतियों से निपटने और भविष्य में परिवर्तन लाने वाला पथ प्रदर्शक बनने के लिए तैयार करें।

लोगों को योजनाओं का लाभ देने के लिए शुरू की गई है रथ यात्रा : प्रवीण डागर

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

मुख्य अतिथियों ने संकल्प शपथ दिलाकर किया विभागों की स्टालों का अवलोकन

गांव बढा में विकसित भारत संकल्प यात्रा के स्वागत में आयोजित किए गए कार्यक्रम में विधायक प्रवीण डागर ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत कर लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि हर एक नागरिक तथा योजनाओं से वंचित रहे लोगों को केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदान करने के मकसद से इस यात्रा की शुरूआत की गई है। उन्होंने कहा कि इस रथ यात्रा में सरकार के विभिन्न विभागों द्वारा स्टाल लगाई गई हैं, जोकि लोगों को योजनाओं की जानकारी के साथ-साथ पात्र लोगों को लाभान्वित भी कर रहे हैं। इसके अलावा यदि किसी व्यक्ति की कोई समस्या है तो उसे भी दूर करने का कार्य किया जा रहा है।

विधायक प्रवीण डागर ने कहा कि लोगों को अपनी शिकायत का समाधान करवाने के लिए कहीं जाने की आवश्यकता नहीं है। ग्रामीणों की समस्याओं को दूर करने के लिए सरकार ने इस रथ यात्रा जनसंवाद कार्यक्रम के माध्यम से घर द्वार पर ही अधिकारियों को भेजा है, ताकि ग्रामीणों की सभी समस्याओं को दूर किया जा सके। इस अवसर पर विधायक ने विभिन्न स्टालों का अवलोकन किया और उज्ज्वला योजना की पात्र महिलाओं को गैस चूल्हे भी भेंट किए।

इसी क्रम में महेशपुर, भुर्जा व मंदपुरी गांव में भी रथ यात्रा के स्वागत में कार्यक्रम आयोजित किए गए। गांव महेशपुर में खंड शिक्षा अधिकारी मामराज रावत तथा भुर्जा व मंदपुरी में बीडीपीओ प्रवीण कुमार ने कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत कर उपस्थिति को संकल्प शपथ दिलाकर स्टालों का अवलोकन किया तथा उज्ज्वला योजना की लाभार्थी महिलाओं को गैस चूल्हे भेंट किए।

कार्यक्रमों में मुख्य अतिथियों ने नमो दीदी ड्रोन की कार्य प्रणाली का भी परीक्षण किया। विकसित भारत संकल्प जनसंवाद यात्रा कार्यक्रम के तहत उत्कृष्ट कार्य करने वाले खिलाड़ियों, कलाकारों, बच्चों को पुरस्कृत भी किया गया। इस अवसर पर महेशपुर के सरपंच सुंदर डागर, बढा से वेद, भुर्जा के सरपंच चंद्रपाल, मंदपुरी के सरपंच आजाद सहित गांवों के युवा, महिलाएं, बच्चे, विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

फरीदाबाद में करोड़ों की लागत से बनाई जाएगी डिजिटल लाइब्रेरी

पंचकूला के बाद फरीदाबाद बनेगा डिजिटल लाइब्रेरी की सुविधा देने वाला जिला

राकेश चंद शर्मा। फरीदाबाद

फरीदाबाद के युवाओं व पुस्तक प्रेमियों को सभी प्रकार की आधुनिक सुविधाएं देने के लिए चार करोड़ रुपये की लागत से सेक्टर-12 के टाउन पार्क में डिजिटल लाइब्रेरी का निर्माण किया जाएगा। लाइब्रेरी बनने के बाद क्षेत्र के युवा इस हर प्रकार के ज्ञान की पुस्तकें प्राप्त कर सकेंगे। इससे वे सिविल सर्विस, विज्ञान, इतिहास, जनरल नॉलेज आदि में ज्ञान प्राप्त करके आगे बढ़ सकेंगे। लाइब्रेरी के लिए दो करोड़ रुपये की लागत से भवन बनकर तैयार हो चुका है। आगे अब डिजिटल लाइब्रेरी के लिए और दो करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे।

फरीदाबाद के युवाओं को सभी फील्ड में आगे बढ़ाने के लिए सेक्टर-12 में डिजिटल लाइब्रेरी का निर्माण कार्य हुडा विभाग की तरफ से किया जा रहा है। पंचकूला के बाद फरीदाबाद पहला शहर है, जिसमें विभाग की तरफ से इस डिजिटल लाइब्रेरी का निर्माण करवाया जा रहा है। इस लाइब्रेरी में हर प्रकार की जानकारी के लिए पुस्तकें ऑनलाइन युवाओं के लिए उपलब्ध होंगीं। यहां से ऑनलाइन पुस्तकों का ज्ञान लेकर देश विदेश में क्षेत्र का नाम रोशन कर सकेंगे। डिजिटल लाइब्रेरी की सबसे बड़ी खासियत यह है कि डिजिटल वस्तुओं का एक संग्रह होगा। इसमें हर प्रकार की पुस्तकें, पत्रिकाएं, ऑडियो रिकॉर्डिंग, वीडियो रिकॉर्डिंग व अन्य दस्तावेज जो इलेक्ट्रॉनिक रूप से पहुंच योग्य हैं, उपलब्ध होंगी। यह लाइब्रेरी उपयोगकर्ताओं को दुर्लभ व आउट ऑफ प्रिंट सामग्रियों तक पहुंच प्रदान करेगी। जिन्हें भौतिक तरीके से ढूंढ़ना मुश्किल होता है, वे डिजिटल लाइब्रेरी में आसानी से उपलब्ध हो जाते हैं। डिजिटल लाइब्रेरी से क्षेत्र के युवाओं को आगे जाने के अवसर मिलेंगे। डिजिटल लाइब्रेरी का भवन बन चुका है। मार्च तक यहां पर डिजिटल लाइब्रेरी भी स्थापित हो जाएगी।

> **डिजिटल** लाइब्रेरी बनने के बाद फरीदाबाद के युवाओं को ऑनलाइन ही सभी प्रकार की जानकारी आसानी से उपलब्ध जाएगी। जिसका ज्ञान प्राप्त करके युवा आगे बढ़ सकेंगे।
> **-रामेश्वर नरवाल**

> **डिजिटल** लाइब्रेरी बनने के बाद क्षेत्र के हजारों युवाओं को आगे बढ़ने के अवसर मिलेंगे। जिससे वे अपने क्षेत्र से संबंधित तैयारी कर सकेंगे।
> **-संगीता गोयल**

> **फरीदाबाद** में डिजिटल लाइब्रेरी बनाने का कार्य जोर-शोर से जारी है। दो करोड़ रुपये की लागत से इसका भवन टाउन पार्क सेक्टर-12 में बन चुका है। दो करोड़ से डिजिटल लाइब्रेरी भी जल्द बना दी जाएगी।
> **-आजाद सैनी, कनिष्ठ अभियंता एचएसवीपी**

केसीएम पब्लिक स्कूल बंचारी में किया सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी व चित्र कला का आयोजन

पलवल। केसीएम पब्लिक स्कूल बंचारी में सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कक्षा तीसरी से आठवीं तक के बच्चों ने हिस्सा लिया। सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में नौ समूह बनाए गए। प्रत्येक समूह में दो-दो बच्चों को रखा गया। इस प्रतियोगिता में हरियाणा का सामान्य ज्ञान केबिनेट मिनिस्टर्स, करंट अफेयर्स आदि विषयों को रखा गया। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य बच्चों में सामान्य ज्ञान के प्रति ज्ञान वर्धन करना तथा जागरूक करना था। इसमें पांच राउंड रखे गए। जिसमें पहला राउंड नॉर्मल राउंड, दूसरा शो एंड टेल, तीसरा रैपिड फायर, चौथा बजर राउंड तथा पांचवां बाउल राउंड रखा गया। इस प्रश्नोत्तरी सभा में टीम-डी कक्षा सातवीं एन प्रथम, टीम-जी कक्षा आठवीं एन द्वितीय तथा टीम -बी कक्षा छठी ओ तृतीय स्थान पर रही। चित्र कला प्रतियोगिता में तीसरी से पांचवी कक्षा तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। कक्षा तीसरी के विद्यार्थियों के लिए फ्रूट बॉस्केट, कक्षा चौथी के विद्यार्थियों के लिए टर्टल (कछुआ) तथा कक्षा पांचवीं के विद्यार्थियों के लिए फ्लॉवर सीनरी बनाने के लिए विषय दिए गए। इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपनी कला का बखूबी प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में कक्षा तीसरी की दिव्यांशी प्रथम, निशि द्वितीय तथा दिव्या तीसरे स्थान पर रही। कक्षा चौथी में तनिष्का प्रथम, जानवी द्वितीय तथा यशमीत तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा पांचवीं में नव्या प्रथम, दिशा द्वितीय व मानवी तृतीय स्थान पर रही। स्कूल प्रबंधक राम नारायण भारद्वाज, देवदत्त भारद्वाज व प्रधानाचार्य सुनील आर्य ने विजेता विद्यार्थियों को बधाई दी तथा हर कसौटी पर खरे उतारने की शुभकामनाएं दीं।

नाबालिग लड़की को भगा ले गया युवक

घर से एक लाख कैश और गहने ले गई लड़की

पलवल। मुंडकटी थाना क्षेत्र के एक गांव से युवक नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर अपने साथ भगाकर ले गया। आरोपी उनके घर से एक लाख रुपए व सोने-चांदी के आभूषणों को भी चोरी करके ले गए। पुलिस ने लड़की के भाई की शिकायत पर नामजद आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

मुंडकटी थाना के जांच अधिकारी रवि कुमार के अनुसार, थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने दी शिकायत में कहा है कि उसकी 16 वर्षीय बहन को जिला अलीगढ़ यूपी के गढ़ी गांव निवासी सुनील बहला-फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया। आरोपी सुनील उनके पड़ोस में किराए के मकान में रहता था और यहां किसी कंपनी में नौकरी करता था। पड़ोस में रहने के नाते आरोपी का उनके घर आना-जाना था। जिसके चलते वह उसकी बहन को अपनी बातों में फंसाकर भगा ले गया और उनके घर में से एक लाख रुपये नकद व लाखों के सोने-चांदी के जेवरातों को भी चोरी करके ले गया। आरोप है कि उनके दो मोबाइलों को भी आरोपी अपने साथ चोरी करके ले गया है। मुंडकटी थाना पुलिस ने पीड़ित भाई की शिकायत पर आरोपी सुनील के खिलाफ केस दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। पीड़ित ने अपने परिजनों के साथ आरोपी के घर व रिश्तेदारियों में अपनी बहन की खोजबीन की, लेकिन कहीं कोई सुराग नहीं लग सका।

मुख्यमंत्री और केंद्रीय राज्यमंत्री पर बरसे विधायक नीरज शर्मा

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

अंतरराष्ट्रीय भ्रष्टाचार उन्मूलन दिवस पर दिए गए हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहरलाल के भाषण को एनआइटी के विधायक नीरज शर्मा ने पाखंड करार दिया है। मुख्यमंत्री ने पंचकूला के लोक निर्माण विश्राम गृह में हरियाणा भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो द्वारा अंतरराष्ट्रीय भ्रष्टाचार विरोधी दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में कहा कि भ्रष्टाचार एक कैंसर है और यह भाषणों से खत्म नहीं होगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सत्ता संभालने के बाद कहा था कि मेरी बिरादरी (राजनीतिज्ञों) पर एक दाग भ्रष्टाचार का है, जिसे समाप्त करना चाहता हूं। यह चुनौतीपूर्ण कार्य उन्होंने संभव करके दिखाया है। हम भी इसी दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। प्रदेश में काफी हद तक भ्रष्टाचार कम हुआ है, लेकिन अब भी जहां बचा है, उसे हम सब को मिलकर खत्म करना है। विधायक नीरज शर्मा ने इस पर तंज कसते हुए कहा कि आज तक 200 करोड़ रुपये के घोटाले में एक चूहे को भी मुख्यमंत्री जेल की सलाखों के पीछे नहीं भेज पाए हैं।

ठेकेदार और एक अफसर पर कार्रवाई करके केवल जनता की आंखों में धूल झोंकने के काम किया है, जबकि सब जानते हैं कि बिना राजनीतिक संरक्षण के इतना बड़ा घोटाला नहीं हो सकता। विधायक शर्मा ने अपने बयान में कहा कि खुद को भ्रष्टाचार का काल बताने वाले मुख्यमंत्री मनोहर लाल की सरकार में जैसा संरक्षण भ्रष्टाचारियों को मिला है, वैसा आज से पहले किसी सरकार में नहीं मिला। आप किसी भी सरकारी विभाग में चले जाएं, आपको आम जनता भ्रष्टाचार से बिलबिलाती हुई नजर आएगी। मामला चाहे प्रॉपर्टी आइडी का हो या फिर तहसीलों में व्याप्त भ्रष्टाचार का, मनोहर सरकार संगठित लूट को बढ़ावा देने का काम कर रही है।

विधायक नीरज शर्मा ने विकसित भारत संकल्प यात्रा लेकर एनआइटी विधानसभा क्षेत्र पहुंचे सांसद और केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल पर भी खूब तंज कसे। उन्होंने कहा कि जिस व्यक्ति को एनआईटी की जनता ने भारी मत देकर दो बार संसद में पहुंचाया, वह भी पिछले 10 साल में यहां की टूटी सड़कों से, ओवर फ्लो सीवर से, बिजली, पानी की समस्याओं से इस इलाके को निजात नहीं दिला पाए। पहले सबका साथ-सबका विकास का नारा देते थे, लेकिन कृष्णपाल ने विकास को सिर्फ सेक्टर-28 तक ही सिमटा कर रखा है। अब विकसित भारत संकल्प यात्रा के रूप में फिर जुमलेबाजी शुरू हो गई है। श्री शर्मा ने अपने संकल्प को दोहराते हुए कहा कि एनआईटी विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए 28 करोड़ रुपये की फाइल मुख्यमंत्री की मेज पर है, सरकार इन्हें तुरंत पास करे, अन्यथा जनता के आगामी विधानसभा सत्र में फिर वस्त्र त्यागूंगा। चाहे उनकी जान क्यों न चली जाए।

भारत पोलियो मुक्त लेकिन सुरक्षा चक्र टूट न जाए : मूलचंद शर्मा

कहा मंगलवार को घर-घर जाकर पोलियो खुराक पिलाई जाएगी

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने पोलियो मुक्त अभियान के तहत नन्हे बच्चों को पोलियो ड्रॉप की दो बूंद खुराक पिलाई। मूलचंद शर्मा ने कहा कि भारत पोलियो मुक्त, लेकिन सुरक्षा चक्र टूट न जाए, इसलिए भारत सरकार के इस अभियान में नन्हे बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जाती है। उन्होंने कहा कि तीन दिन अभियान चलेगा। पोलियो ड्राप्स फरीदाबाद के विभिन्न सरकारी बूथों व घर पर पिलाई गई है।

मंगलवार को भी घर-घर जाकर यह खुराक पिलाई जाएगी। उपायुक्त विक्रम सिंह ने कहा जिला में जीरो से पांच साल तक आयु के बच्चों को सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार स्वास्थ विभाग द्वारा जिला में पोलियो ड्राप्स अभियान के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं । डीसी ने कहा कि जीरो से पांच साल के सभी बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाई जाएगी। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य विभाग और शिक्षा विभाग की वॉलंटियर टीमों द्वारा घर-घर जाकर बच्चों को पोलियो ड्रॉप्स पिलाई गई। ताकि ऐसा एक भी जीरो से पांच वर्ष तक आयु का बच्चा जिला में पोलियो ड्रॉप्स पिए बिना न रहे।

उन्होंने कहा कि यह ड्रॉप्स बच्चों को बहुत बड़ी बीमारी से बचाव के लिए जरूरी है। पोलियो बीमारी बड़ी तेजी से एक से दूसरे बच्चों में फैलती है। इसलिए पोलियो ड्रॉप बच्चों को पिलाना अति आवश्यक है। सीएमओ डॉक्टर विनय गुप्ता ने कहा कि सरकार की हिदायतों के अनुसार बच्चों को पोलियो ड्रॉप्स पिलाना सुनिश्चित की गई है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विनय गुप्ता ने कहा कि जिला में घुमंतु जातियों के हाई रिस्क क्षेत्र हैं, जहां माईग्रेटरी अधिक है। माइग्रेटिड, स्लम, नोर्मड, ईंट भट्टों और कंस्ट्रक्शन सहित 1767 साइटें जिला में स्वास्थ्य विभाग द्वारा निर्धारित की गई थी।

वहां पर जाकर बच्चों को पोलियो ड्रॉप्स पिलाना सुनिश्चित किया गया। उन्होंने कहा कि जिस अधिकारी और कर्मचारी की जो ड्यूटी सुनिश्चित की गई थी, उन्होंने इस कार्य को गंभीरता से पूरा किया। उन्होंने कहा कि पोलियो ड्रॉप्स, ईंट भट्टों, झुग्गी झोपड़ियों सहित तमाम स्थानों पर जाकर माइग्रेट फैमिली व कंस्ट्रक्शन साइटों सहित घर-घर जाकर बच्चों को पोलियो ड्राप पिलाना सुनिश्चित किया गया है।

फरीदाबाद इंडस्ट्रीज एसोसिएशन का 70वां सलाना कार्यक्रम संपन्न

पूर्व उद्योगमंत्री विपुल गोयल, विधायक राजेश नागर सहित कई लोगों ने की कार्यक्रम में शिरकत

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

होटल ताज विवांता में फरीदाबाद इंडस्ट्रियल एसोसिएशन द्वारा अपने 70 वर्ष के सुनहरे सफर को पूरा करने पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें शहर के तमाम उद्योगपति व शहर के गणमान्य व राजनैतिक लोगों ने शिरकत की। कार्यक्रम में प्रदेश के पूर्व उद्योग मंत्री विपुल गोयल ने एसोसिएशन के प्रधान व सभी उद्योगपतियों को 70 वर्ष पूर्ण करने के अवसर पर बधाई और शुभकामनायें दीं। इस अवसर पर एफआईए के पदाधिकारियों ने पूर्व उद्योग मंत्री विपुल गोयल का बुक्के व शॉल ओढाकर स्वागत तथा मोमेंटो भेंट कर सम्मानित भी किया। इस दौरान रूप से तिगांव से विधायक राजेश नागर भी उनके साथ कार्यक्रम में मौजूद रहे।

पूर्व उद्योग मंत्री विपुल गोयल ने कहा कि फरीदाबाद शहर को औद्योगिक नगरी का तमगा दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाली फरीदाबाद इंडस्ट्रीज एसोसिएशन अपने उद्योग के अलावा हमेशा से ही अपने सामाजिक दायित्वों को भी बखूबी निभाते हुए आ रही हैं और शहर के विकास के साथ-साथ अन्य कार्यों में भी अपना पूरा योगदान दे रही है, जिसे फरीदाबाद के लोग कभी नहीं भुला सकते। इस अवसर पर विपुल गोयल ने कहा कि देश के बंटवारे के बाद अलग हुए पाकिस्तान के सिंध, पेशावर, मुल्तान आदि इलाके से आए लोगों को बसाने के लिए फरीदाबाद में न्यू इंडस्ट्रियल टाउन की स्थापना की गई थी और तब से अब तक के सफर में औद्योगिक क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाने का जो श्रेय जाता है, वह फरीदाबाद के सभी उद्योगपतियों को जाता है, जोकि हर फरीदाबादवासी के लिए बड़े गर्व की बात है। पूर्व मंत्री ने कहा कि पूरे विश्व ने देखा अब भारत ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नया इतिहास रचा और देश के हर नागरिक के लिए वो गौरवशाली क्षण था। चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग हुई, लेकिन फरीदाबाद वासियों के लिए एक और गौरव की बात थी की जो चंद्रयान-3 की एम4 फ्लाइट ने विकास इंजन और सीई 20 इंजन के जरिए सफलतापूर्वक उड़ान भरी, उसमें हमारे शहर की प्रसिद्ध कंपनी स्टार वायर इंडिया लिमिटेड और नॉर्दर्न टूल्स एंड गेजस प्राइवेट लिमिटेड कारखाने में बने पार्ट्स का उपयोग हुआ है। गोयल ने कहा कि उरी में सर्जिकल स्ट्राइक हुई तब भी जवानों ने जो बुलेट प्रूफ जैकेट पहनी थी, वो भी फरीदाबाद में तैयार हुई थी। इस अवसर पर विपुल गोयल ने कहा कि हमारे उद्योगपतियों की मेहनत और लग्न का परिणाम है, जो आज फरीदाबाद एक नया कीर्तिमान लिख चुका है। विपुल गोयल ने आगे कहा कि फरीदाबाद के उद्योगपतियों ने शहर के उत्थान और विकास मे अपने सीएसआर फंड से शहर के लिए सराहनीय कार्य किये हैं।

संक्षिप्त समाचार

खांबी में भक्तिभाव से निकली कलश यात्रा

पलवल। जिले एवं होडल विधानसभा क्षेत्र के प्रमुख गांव खांबी में विश्व हिंदू परिषद हसनपुर खंड की इकाई द्वारा प्रदान किये गए एवं श्रीराम जन्म भूमि अयोध्या से आए अक्षत से परिपूर्ण कलश के सम्मान में श्रीराम शोभा यात्रा धूमधाम से निकाली गई। जिसमें श्रद्धालुओं ने सरैया मौहल्ले में स्थापित राम मंदिर से कलश यात्रा प्रारंभ की। गांव की प्रमुख गलियों से चलते हुए कलश यात्रा पांच बिश्वा मौहल्ले में स्थापित मथुरादास बाबा मंदिर में संपन्न हुई। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं ने अक्षत कलश को छूकर प्रणाम किया एवं जय श्रीसीताराम, जय हनुमान एवं जय श्री भगवान परशुराम के जयकारे लगाकर माहौल भक्तिभाव से परिपूर्ण कर दिया। कलश यात्रा दीपक शर्मा समाजसेवक के नेतृत्व में निकाली गयी। इस मौके पर मोहनश्याम शर्मा चेयरमैन बीवीएन स्कूल खांबी ने श्रद्धालुओं का उत्साहवर्धन किया एवं नरेंद्र शर्मा, दिगंबर शर्मा, भूपेश शर्मा आदि कई लोगों ने कलश यात्रा में भाग लिया।

प्रतियोगिताओं में बीके स्कूल ने प्राप्त किये सर्वाधिक पुरस्कार

पलवल। सोमवार को शिव विहार पलवल स्थित बीके सीनियर सेकेंडरी स्कूल में पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में एमवीएन यूनिवर्सिटी के वाईस चांसलर डॉ. अरुण गर्ग थे। विद्यालय में छठी से आठवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने हाउस के आधार पर नृत्य थीम पर रंगोली बनाई। जिसमे छठी से आठवीं में लाल बहादुर शास्त्री हाउस प्रथम, सुभाषचंद्र बोस हाउस दितीय व सीवी रमण हाउस ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। नौवीं से बारहवीं में सीवी रमण हाउस प्रथम, लाल बहादुर शास्त्री हाउस द्वितीय व सुभाषचंद्र बोस हाउस तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को अतिथि द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी बाल भवन पलवल में 10 अक्टूबर 13 अक्टूबर तक चार दिवसीय विभिन्न प्रतियोगिताओं में बीके सीनिसर सेकेंडरी स्कूल ने सर्वाधिक पुरस्कार जीतकर जिले में श्रेष्ठ स्थान प्राप्त किया। मुख्य अतिथि ने अपने आशीर्वचन में सभी छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि अच्छी शिक्षा ग्रहण करते हुए संस्कारवान बनकर मात्र भूमि की सेवा करते रहना चाहिए। विद्यालय के प्राचार्य सतीश कौशिष ने बच्चों को बताया कि हमें बचपन से ही अपने माता-पिता, गुरु का सम्मान करते हुए देश भक्ति को मन में जागृत करते हुए देश के उत्थान में अपना पूर्ण सहयोग करना चाहिए। अंत में वाइस प्रेसिडेंट जितेश कौशिष ने सभी आये हुए अतिथियों व बच्चों का उत्साहवर्धन करने के लिए धन्यवाद दिया।

मंडल की बैठक बूथ मजबूत करने पर हुई चर्चा : ममता चौहान

पलवल। होडल विधानसभा के तीनों मंडल औरंगाबाद मंडल, होडल मंडल और हसनपुर मंडल की बैठक हुई। जिसमें हरियाणा के संगठन महामंत्री फणींद्रनाथ शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। होडल मंडल की मंडल पालक होने के नाते वीर ममता चौहान, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य भाजपा हरियाणा को इस बैठक में रहने का शुभ अवसर प्राप्त हुआ। इस अवसर पर किस तरह अपनी बूथ को मजबूत किया जाए और कैसे हर बूथ पर कार्यक्रम करने हैं, इस बात पर विस्तार से चर्चा की। बैठक में पलवल भाजपा के जिला प्रभारी दिनेश घिलोड, जिला अध्यक्ष चरण सिंह तेवतिया, होडल के विधायक जगदीश नायर, पूर्व जिला अध्यक्ष जवाहर सोरौत , तीनों मंडल अध्यक्ष प्रेमराज, बच्चू सिंह और जगबीर चौहान मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

विवाह के अवसर पर पौधा भेंट कर दिया संदेश

पलवल। मिशन प्रकृति बचाओ पर्यावरण सचेतक समिति पलवल द्वारा वैवाहिक शुभावसरों, जन्मोत्सव, पूर्वजों की स्मृति आदि में पौधा लगाने तथा प्रकृति पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया जा रहा है। ग्रीन एंबेसडर डॉ. आचार्य राम कुमार बघेल ने बताया कि वर-वधु अपने वैवाहिक जीवन की शुरुआत सात फेरों के साथ पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेकर कर रहे हैं। हमारी टीम हरियाणा सहित दिल्ली, उत्तरप्रदेश, राजस्थान आदि अन्य विभिन्न प्रदेशों में भी अपने साथ पंचवटी वन बेल्वपत्र, आंवला, अशोक, बरगद, पीपल आदि पौधों के साथ तुलसी, स्नेकप्लांट, अमरुद, जामुन आदि फल, फूल, औषधि तथा छायादार पौधे देकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दे रहे हैं। मास्टर मानिकचंद ने फूलों के गुलदस्ता देने के स्थान पर पौधे देना सभी प्रकार से श्रेष्ठ बताया है। मास्टर थानसिंह, मास्टर बृजेंद्र सिंह, देव, अमरपाल, गजेंद्र, ईश्वरराज, प्रमोद संचालक क्रेटिव डांस एकेडमी आदि पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं।

वंश सैनी ने इंटर स्कूल कराटे प्रतियोगिता में गोल्ड हासिल किया

फरीदाबाद। गुरुग्राम में आयोजित हुई पांचवीं इंटर स्कूल कराटे प्रतियोगिता में फरीदाबाद के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का जौहर दिखाया और गोल्ड व सिल्वर मेडल हासिल कर जिले का नाम रोशन किया गया। प्रतियोगिता के बारे में जानकारी देते हुए आरटूएफ मार्शल आर्ट एकेडमी के जनरल सेक्रेटरी दुष्यंत सैनी ने बताया कि गुरुग्राम स्थित रोज लैंड पब्लिक स्कूल में तीन दिवसीय पांचवीं इंटर स्कूल कराटे प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें एनसीआर क्षेत्र के 25 स्कूलों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में 1200 खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिसमें फरीदाबाद से 16 आयु वर्ग में वंश सैनी, लक्ष्य, स्वाती व नंदी ने गोल्ड हासिल किया, जबकि अनुज, राज, आर्यन ने सिल्वर मेडल हासिल किया। कोच दिवाकर सैनी ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि जीवन में कठिन परिश्रम से ही सफलता मिलती है। उन्होंने खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दीं।

मोदी की गारंटी

महत्वपूर्ण भूमिका

मोदी की गारंटी ने भाजपा की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, जबकि कांग्रेस अपनी प्रासांगिकता बहाल करने का प्रयास कर रही है। हालिया विधानसभा चुनाव परिणामों ने देश के मतदाताओं और राजनीतिक नब्ज पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रभाव की आशंकाओं को समाप्त कर दिया है। उल्लेखनीय सफलता ने उनका नेतृत्व पुन: स्थापित किया है जिसे अक्सर साहसी निर्णयों और गारंटियों से जोड़ा जाता है। इन गारंटियों का संबंध अनेक मामलों को संबोधित करने से है। इन गारंटियों का विस्तार आर्थिक विकास से राष्ट्रीय सुरक्षा तक है और इन्होंने भाजपा के हालिया चुनाव अभियानों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। 'मोदी की गारंटी' के नाम से लोकप्रिय इन आश्वासनों ने लगभग सभी मतदाताओं को प्रभावित किया है तथा पार्टी की सफलता में उल्लेखनीय योगदान किया है। मोदी का कहना है कि ये गारंटियां लोगों की महत्वाकांक्षाओं और सरोकारों से जुड़ती हैं तथा उनकी भावी चुनौतियों से निपटने की प्रतिबद्धता प्रकट करती हैं। इन वादों का महत्व मतदाताओं में विश्वास पैदा करना है। उन्होंने जोर दिया कि भाजपा की सफलता उसकी विश्वसनीयता का प्रमाण है। इन बयानों से संकेत मिलता है कि मतदाता मोदी की गारंटियों को केवल राजनीतिक बयानबाजी समझने के बजाय प्रगति के रोडमैप की तरह देखते हैं।

यह विश्वास भाजपा के विमर्श में केन्द्रीय स्थान पर आ गया है तथा यह जनता की समझ और चुनावी नतीजों को प्रभावित करता है। भाजपा की हालिया विजयों से जनता की राय और नतीजों को प्रभावित करने में गारंटियों का महत्व रेखांकित होता है। ऐसा नहीं है कि देश की सभी समस्याओं का समाधान हो गया है, पर लाखों लोगों का विश्वास है कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भाजपा समाधानों की ओर तेजी से आगे बढ़ रही है। प्रधानमंत्री इस बात के सारे प्रयास कर रहे हैं कि उनकी गारंटियां अधिकाधिक प्रभावी हों तथा केन्द्र व भाजपा की राज्य सरकारों की योजनाओं का लाभ सभी उपयुक्त लोगों तक पहुंचे।

इस प्रकार भाजपा ने अपना बड़ा 'लाभार्थी वोटबैंक' तैयार किया है और वह लगातार इसका विस्तार कर रही है। दूसरी ओर कांग्रेस चुनावी विफलताओं के बाद परेशान है क्योंकि उसने इन चुनावों में ज्यादा बेहतर प्रदर्शन की उम्मीदें लगा रखी थीं। देश की सबसे पुरानी पार्टी के नेतृत्व ने दो-दिवसीय चुनाव परिणामों की समीक्षा में रणनीति विफल होने के कारणों पर विचार करने के साथ ही भावी चुनावों के बारे में रणनीति भी बनाई। चुनाव परिणामों ने कांग्रेस के नेताओं और कार्यकर्ताओं में आत्मावलोकन की स्थिति पैदा की है और वे मतदाताओं को दिए जाने वाले संदेशों तथा उनके प्रभाव का पुन: आंकलन कर रहे हैं। चुनावी प्रदर्शन की गंभीर समीक्षा के साथ उसके नेता मतदाताओं से पुन: जुड़ने और खोई जमीन पुन: यथाशीघ्र प्राप्त करने के प्रयास कर रहे हैं। चुनाव समीक्षा बैठक में संदेश, नेतृत्व तथा महत्वपूर्ण नीतिगत मुद्दों पर गंभीर विचार किया गया। देखना होगा कि भविष्य में कांग्रेस चुनावों में भाजपा तथा 'मोदी की गारंटी' द्वारा प्रस्तुत चुनौतियों से कैसे निपटेगी। ऐसा लगता है कि चुनावी गारंटियां, प्रशासन तथा इनके बारे में जनता की राय आने वाले वर्षों में भारतीय राजनीति की दिशा तय करती रहेगी। पिछले आठ-दस सालों में भारत के अधिकांश युवा वर्ग में देश के भविष्य और अपनी प्रगति के प्रति दृढ़ विश्वास पैदा हुआ है। इस विश्वास ने एक 'नये भारत' को जन्म दिया है जो अब चहुंमुखी प्रगति के मार्ग पर रुकने वाला नहीं है।

सर्वोच्च न्यायालय का ऐतिहासिक निर्णय

माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने अनुच्छेद 370 और 35 (ए) को निरस्त करने पर 11 दिसंबर को ऐतिहासिक फैसला सुनाया है। माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने अपने फैसले में भारत की संप्रभुता और अखंडता को बरकरार रखा है।

नरेंद्र मोदी
(लेखक, भारत के प्रधानमंत्री हैं)

भारत के माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने अनुच्छेद 370 और 35 (ए) को निरस्त करने पर 11 दिसंबर को ऐतिहासिक फैसला सुनाया है। माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने अपने फैसले में भारत की संप्रभुता और अखंडता को बरकरार रखा है, जिसे प्रत्येक भारतीय द्वारा सदैव संजोया जाता रहा है। सुप्रीम कोर्ट का यह कहना पूरी तरह से उचित है कि 5 अगस्त 2019 को हुआ निर्णय संवैधानिक एकीकरण को बढ़ाने के उद्देश्य से लिया गया था, न कि इसका उद्देश्य विघटन था। सर्वोच्च न्यायालय ने इस तथ्य को भी भलीभांति माना है कि अनुच्छेद 370 का स्वरूप स्थायी नहीं था।

जम्मू, कश्मीर और लद्दाख की खूबसूरत और शांत वादियां, बर्फ से ढके पहाड़, पीढ़ियों से कवियों, कलाकारों और हर भारतीय के दिल को मंत्रमुग्ध करते रहे हैं। यह एक ऐसा अद्भुत क्षेत्र है जो हर दृष्टि से अभूतपूर्व है, जहां हिमालय आकाश को स्पर्श करता हुआ नजर आता है, और जहां इसकी झीलों एवं नदियों का निर्मल जल स्वर्ग का दर्पण प्रतीत होता है। लेकिन पिछले कई दशकों से जम्मू-कश्मीर के अनेक स्थानो पर ऐसी हिंसा और अस्थिरता देखी गई, जिसकी कल्पना तक नहीं की जा सकती। वहां के हालात कुछ ऐसे थे, जिससे जम्मू-कश्मीर के परिश्रमी, प्रकृति प्रेमी और स्नेह से भरे लोगों को कभी भी रू-ब-रू नहीं होना चाहिए था।

लेकिन दुर्भाग्यवश, सदियों तक उपनिवेश बने रहने, विशेषकर आर्थिक और मानसिक रूप से पराधीन रहने के कारण, तब का समाज एक प्रकार से भ्रमित हो गया। अत्यंत बुनियादी विषयों पर स्पष्ट नजरिया अपनाने के बजाय दुविधा की स्थिति बनी रही जिससे और ज्यादा भ्रम पैदा हुआ। अफसोस की बात यह है कि जम्मू-कश्मीर को इस तरह की मानसिकता से व्यापक नुकसान हुआ।

देश की आजादी के समय तब के राजनीतिक नेतृत्व के पास राष्ट्रीय एकता के लिए एक नई शुरुआत करने का विकल्प था। लेकिन तब इसके बजाय उसी भ्रमित समाज का दृष्टिकोण जारी रखने का निर्णय लिया गया, भले ही इस वजह से दीर्घकालिक राष्ट्रीय हितों की अनदेखी करनी पड़ी।

मुझे अपने जीवन के शुरुआती दौर से ही जम्मू-कश्मीर आंदोलन से जुड़े रहने का अवसर मिला है। मेरी अवधारणा सदैव ही ऐसी रही है जिसके अनुसार जम्मू-कश्मीर महज एक राजनीतिक मुद्दा नहीं था, बल्कि यह विषय समाज की आकांक्षाओं को पूरा करने के बारे में था। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को नेहरू मंत्रिमंडल में एक महत्वपूर्ण विभाग मिला हुआ था और वे काफी लंबे समय तक सरकार में बने रह सकते थे। फिर भी, उन्होंने कश्मीर मुद्दे पर मंत्रिमंडल छोड़ दिया और आगे का कठिन रास्ता चुना, भले ही इसकी कीमत उन्हें अपनी जान देकर चुकानी पड़ी। लेकिन उनके अथक प्रयासों और बलिदान से करोड़ों भारतीय कश्मीर मुद्दे से भावनात्मक रूप से जुड़ गए।

कई वर्षों बाद अटल जी ने श्रीनगर में एक सार्वजनिक बैठक में 'इंसानियत', 'जम्हूरियत' और 'कश्मीरियत' का प्रभावशाली संदेश दिया, जो सदैव ही प्रेरणा का महान स्रोत भी रहा है। मेरा हमेशा से दृढ़ विश्वास रहा है कि जम्मू-कश्मीर में जो कुछ हुआ था, वह हमारे राष्ट्र और वहां के लोगों के साथ एक बड़ा विश्वासघात था। मेरी यह भी प्रबल इच्छा थी कि मैं इस कलंक को, लोगों पर हुए इस अन्याय को मिटाने के लिए जो कुछ भी कर सकता हूँ, उसे जरूर करूं। मैं हमेशा से जम्मू-कश्मीर के लोगों की पीड़ा को कम करने के लिए काम करना चाहता था। सरल शब्दों में कहें तो, अनुच्छेद 370 और 35 (ए) जम्मू, कश्मीर और लद्दाख के सामने बड़ी बाधाओं की तरह थे। ये अनुच्छेद एक अटूट दीवार की तरह थे तथा गरीब,वंचित, दलितों-पिछड़ों-महिलाओं के लिए पीड़ादायक थे। अनुच्छेद 370 और 35(ए) के कारण जम्मू-कश्मीर के लोगों को वह अधिकार और विकास कभी नहीं मिल पाया, जो उनके साथी देशवासियों को मिला। इन अनुच्छेदों के कारण, एक ही राष्ट्र के लोगों के बीच दूरियां पैदा हो गईं। इस दूरी के कारण, हमारे देश के कई लोग, जो जम्मू-कश्मीर की समस्याओं को हल करने के लिए काम करना चाहते थे, ऐसा करने में असमर्थ थे, भले ही उन लोगों ने वहां के लोगों के दर्द को स्पष्ट रूप से महसूस किया हो।

एक कार्यकर्ता के रूप में, जिसने पिछले कई दशकों से इस मुद्दे को करीब से देखा हो, वो इस मुझे मुद्दे की बारीकियों और जटिलताओं से भली-भांति परिचित था। मैं एक बात को लेकर बिल्कुल स्पष्ट था- जम्मू-कश्मीर के लोग विकास चाहते हैं तथा वे अपनी ताकत और कौशल के आधार पर भारत के विकास में योगदान देना चाहते हैं। वे अपने बच्चों के लिए जीवन की बेहतर गुणवत्ता चाहते हैं, एक ऐसा जीवन जो हिंसा और अनिश्चितता से मुक्त हो।

इस प्रकार, जम्मू-कश्मीर के लोगों की सेवा करते समय, हमने तीन बातों को प्रमुखता दी- नागरिकों की चिंताओं को समझना, सरकार के कार्यों के माध्यम से आपसी-विश्वास का निर्माण करना तथा विकास, निरंतर विकास को प्राथमिकता देना। मुझे याद है, 2014 में, हमारे सत्ता संभालने के तुरंत बाद, जम्मू-कश्मीर में विनाशकारी बाढ़ आई थी, जिससे कश्मीर घाटी में बहुत नुकसान हुआ था। सितंबर 2014 में, मैं स्थिति का आकलन करने के लिए श्रीनगर गया और पुनर्वास के लिए विशेष सहायता के रूप में 1000 करोड़ रुपये की घोषणा भी की। इससे लोगों में ये संदेश भी गया कि संकट के दौरान हमारी सरकार वहां के लोगों की मदद के लिए कितनी संवेदनशील है। मुझे जम्मू-कश्मीर में विभिन्न क्षेत्रों के लोगों से मिलने का अवसर मिला है और इन संवादों में एक बात समान समान रूप से उभरती है - लोग न केवल विकास चाहते हैं, बल्कि वे दशकों से व्याप्त भ्रष्टाचार से भी मुक्ति चाहते हैं। उस साल मैंने जम्मू-कश्मीर में जान गंवाने वाले लोगों की याद में दीपावली नहीं मनाने का फैसला किया। मैंने दीपावली के दिन जम्मू-कश्मीर में मौजूद रहने का भी फैसला किया।

जम्मू एवं कश्मीर की विकास यात्रा को और मजबूती प्रदान करने के लिए हमने यह तय किया कि हमारी सरकार के मंत्री बार-बार वहां जायेंगे और वहां के लोगों से सीधे संवाद करेंगे। इन लगातार दौरों ने भी जम्मू एवं कश्मीर में सद्भावना कायम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मई 2014 से मार्च 2019 के दौरान 150 से अधिक मंत्रिस्तरीय दौरे हुए। यह अपने आप में एक कीर्तिमान है। वर्ष 2015 का विशेष पैकेज जम्मू एवं कश्मीर की विकास संबंधी जरूरतों को पूरा करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम था। इसमें बुनियादी ढांचे के विकास, रोजगार सृजन, पर्यटन को बढ़ावा देने और हस्तशिल्प उद्योग को सहायता प्रदान करने से जुड़ी पहल शामिल थीं। हमने खेलशक्ति में युवाओं के सपनों को साकार करने की क्षमता को पहचानते हुए जम्मू एवं कश्मीर में इसका भरपूर सदुपयोग किया। विभिन्न खेलों के माध्यम से, हमने वहां के युवाओं की आकांक्षाओं और उनके भविष्य पर खेलों से जुड़ी गतिविधियों के परिवर्तनकारी प्रभाव को देखा।

इस दौरान विभिन्न खेल स्थलों का आधुनिकीकरण किया गया, प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए और प्रशिक्षक उपलब्ध कराए गए। स्थानीय स्तर पर फुटबॉल क्लबों की स्थापना को प्रोत्साहित किया जाना इन सबमें एक सबसे अनूठी बात रही। इसके परिणाम शानदार निकले। मुझे प्रतिभाशाली फुटबॉल खिलाड़ी अफशां आशिक का नाम याद आ रहा है। वो दिसंबर 2014 में श्रीनगर में पथराव करने वाले एक समूह का हिस्सा थी, लेकिन सही प्रोत्साहन मिलने पर उसने फुटबॉल की ओर रुख किया, उसे प्रशिक्षण के लिए भेजा गया और उसने खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

मुझे 'फिट इंडिया डायलॉग्स' के एक कार्यक्रम के दौरान उसके साथ हुई बातचीत याद है, जिसमें मैंने कहा था कि अब 'बेंड इट लाइक बेकहम' से आगे बढ़ने का समय है क्योंकि अब यह 'ऐस इट लाइक अफशां' है। मुझे खुशी है कि अब तो अन्य युवाओं ने किकबॉक्सिंग, कराटे और अन्य खेलों में अपनी प्रतिभा दिखानी शुरू कर दी है।

पंचायत चुनाव भी इस क्षेत्र के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पड़ाव साबित हुआ। एक बार फिर, हमारे सामने या तो सत्ता में बने रहने या अपने सिद्धांतों पर अटल रहने का विकल्प था। हमारे लिए यह विकल्प कभी भी कठिन नहीं था और हमने सरकार को गंवाने के विकल्प को चुनकर उन आदर्शों को प्राथमिकता दी जिनके पक्ष में हम खड़े हैं। जम्मू एवं कश्मीर के लोगों की आकांक्षाएं को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। पंचायत चुनावों की सफलता ने जम्मू एवं कश्मीर के लोगों की लोकतांत्रिक प्रकृति को इंगित किया। मुझे गांवों के प्रधानों के साथ हुई एक बातचीत याद आती है। अन्य मुद्दों के अलावा, मैंने उनसे एक अनुरोध किया कि किसी भी स्थिति में स्कूलों को नहीं जलाया जाना चाहिए और स्कूलों की सुरक्षा की जानी चाहिए। मुझे यह देखकर खुशी हुई कि इसका पालन किया गया। आखिरकार, अगर स्कूल जलाए जाते हैं तो सबसे ज्यादा नुकसान छोटे बच्चों का होता है।

5 अगस्त का ऐतिहासिक दिन हर भारतीय के दिल और दिमाग में बसा हुआ है। हमारी संसद ने अनुच्छेद 370 को निरस्त करने का ऐतिहासिक निर्णय पारित किया और तब से जम्मू, कश्मीर और लद्दाख में बहुत कुछ बदलाव आया है। न्यायिक अदालत का फैसला दिसंबर 2023 में आया है, लेकिन जम्मू, कश्मीर और लद्दाख में विकास की गति को देखते हुए जनता की अदालत ने चार साल पहले अनुच्छेद 370 और 35 (ए) को निरस्त करने के संसद के फैसले का जोरदार समर्थन किया है।

राजनीतिक स्तर पर, पिछले 4 वर्षों को जमीनी स्तर पर लोकतंत्र में फिर से भरोसा जताने के रूप में देखा जाना चहिये। महिलाओं, आदिवासियों, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और समाज के वंचित वर्गों को उनका हक नहीं मिल रहा था। वहीं, लद्दाख की आकांक्षाओं को भी पूरी तरह से नजरअंदाज किया जाता था। लेकिन, 5 अगस्त 2019 ने सब कुछ बदल दिया। सभी केंद्रीय कानून अब बिना किसी डर या पक्षपात के लागू होते हैं, प्रतिनिधित्व भी पहले से अधिक व्यापक हो गया है। त्रिस्तरीय पंचायती राज प्रणाली लागू हो गई है, बीडीसी चुनाव हुए हैं, और शरणार्थी समुदाय, जिन्हें लगभग भुला दिया गया था, उन्हें भी विकास का लाभ मिलना शुरू हो गया है।

केंद्र सरकार की प्रमुख योजनाओं ने शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल किया है, ऐसी योजनाओं में समाज के सभी वर्गों को शामिल किया गया है। इनमें सौभाग्य और उज्ज्वला योजनाएं शामिल हैं। आवास, नल से जल कनेक्शन और वित्तीय समावेशन में प्रगति हुई है। लोगों के लिए बड़ी चुनौती रही स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में भी बुनियादी ढांचे का विकास किया गया है। सभी गांवों ने खुले में शौच से मुक्त-ओडीएफ प्लस का दर्जा प्राप्त कर लिया है। सरकारी रिक्तियां, जो कभी भ्रष्टाचार और पक्षपात का शिकार होती थीं, पारदर्शी और सही प्रक्रिया के तहत भरी गई हैं। आईएमआर जैसे अन्य संकेतकों में सुधार दिखा है। बुनियादी ढांचे और पर्यटन में बढ़ावा सभी देख सकते हैं। इसका श्रेय स्वाभाविक रूप से जम्मू-कश्मीर के लोगों की दृढ़ता को जाता है, जिन्होंने बार-बार दिखाया है कि वे केवल विकास चाहते हैं और इस सकारात्मक बदलाव के वाहक बनने के इच्छुक हैं। इससे पहले जम्मू, कश्मीर और लद्दाख की स्थिति पर सवालिया निशान लगा हुआ था। अब, रिकॉर्ड वृद्धि, रिकॉर्ड विकास, पर्यटकों के रिकॉर्ड आगमन के बारे में सुनकर लोगों को सुखद आश्चर्य होता है।

सुप्रीम कोर्ट ने 11 दिसंबर के अपने फैसले में एक भारत, श्रेष्ठ भारत की भावना को मजबूत किया है। इसने हमें याद दिलाया कि एकता और सुशासन के लिए साझा प्रतिबद्धता ही हमारी पहचान है। आज जम्मू, कश्मीर और लद्दाख में जन्म लेने वाले प्रत्येक बच्चे को साफ-सुथरा माहौल मिलता है, जिसमें वह जीवंत आकांक्षाओं से भरे अपने भविष्य को साकार कर सकता है। आज लोगों के सपने बीते समय के मोहताज नहीं, बल्कि भविष्य की संभावनाएं हैं। जम्मू और, कश्मीर में मोहभंग, निराशा और हताशा की जगह अब विकास, लोकतंत्र और गरिमा ने ले ली है।

जलवायु अनुकूलन का वित्तपोषण

> ग्लोबल साउथ की दिशा में विकसित दुनिया द्वारा प्रतिबद्ध वित्त पर प्रगति सालाना 1 अरब डॉलर के लक्ष्य से काफी नीचे रही है।

ईशू रतन श्रीवास्तव
(लेखक, रेलवे विभाग में इंजीनियर हैं)

जैसा कि कॉप 28 में एक वैश्विक स्टॉकटेक आयोजित किया जाता है; जलवायु वित्तपोषण जिसका उद्देश्य हाल ही में शुरू की गई हानि और क्षति निधि के साथ-साथ शमन और अनुकूलन के दोहरे स्तंभों का समर्थन करना है, पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। जबकि शमन उत्सर्जन में कमी के मार्गों को लक्षित करता है, अनुकूलन रणनीतियां समुदायों और उनके निर्मित वातावरण में जलवायु लचीलापन बनाने के इर्द-गिर्द घूमती हैं।

वैश्विक दक्षिण की ओर विकसित दुनिया द्वारा प्रतिबद्ध वित्त पर प्रगति सालाना 100 अरब डॉलर के लक्ष्य से काफी नीचे रही है और विशेष रूप से, अनुकूलन के लिए धन दुर्लभ रहा है। चीजों को परिप्रेक्ष्य में रखने के लिए, वित्त पर यूएनएफसीसीसी की स्थायी समिति का अनुमान है कि विश्व स्तर पर, अनुकूलन निधि 49 बिलियन है, जो जीवाश्म ईंधन सहित पर्यावरणीय रूप से हानिकारक सब्सिडी पर वार्षिक खर्च से 38 गुना कम है।

अनुकूलन क्यों महत्वपूर्ण है- विश्व मौसम विज्ञान संगठन की रिपोर्ट, 2023 रिकॉर्ड पर सबसे गर्म वर्ष था, अंटार्कटिक समुद्री बर्फ अपने सबसे निचले स्तर पर दर्ज की गई है, चक्रवातों की बढ़ी हुई आवृत्ति और दीर्घायु, जंगल की आग की बढ़ी हुई घटनाएं, सूखे और बाढ़ के पैटर्न में वृद्धि जब संदर्भ दिया गया वैश्विक कृषि उत्पादन में 30त्न की गिरावट, बढ़ते समुद्रों के कारण निवास स्थान की हानि, जिसकी आर्थिक दृष्टि से लागत 2050 में प्रति वर्ष लगभग 50 ट्रिलियन डॉलर हो सकती है, आईपीसीसी का अनुमान है कि वर्तमान में 3.3 से 3.6 बिलियन लोग जलवायु परिवर्तन के प्रति अत्यधिक संवेदनशील हैं और तथ्य यह है कि वर्तमान उत्सर्जन प्रक्षेप पथ 1.5 बनाता है? या एक 2? वार्मिंग सीमा - एक पाइप सपना; अनुकूलन के मोर्चे पर कार्रवाई की तात्कालिकता को स्पष्ट रूप से उजागर करें।

शमन और अनुकूलन के बीच जलवायु वित्त की तैनाती में असमानता काफी हद तक विषम है, अनुकूलन के लिए केवल 8.9 बिलियन अमरीकी डालर का समर्थन दिया जा रहा है, जबकि शमन के लिए 17.9 बिलियन अमरीकी डालर का समर्थन दिया जा रहा है। ओईसीडी डेटा से पता चलता है कि अनुकूलन वित्त मुख्य रूप से सार्वजनिक अनुदान के माध्यम से दिया जाता है और अपने आप में, यह अनुदान-प्रधान योजना केवल जलवायु वित्त ब्रह्मांड की तेजी से बढ़ती जरूरतों में सीमित सेंध लगा सकती है, क्योंकि यह निजी क्षेत्र की भागीदारी के लिए सीमित मूल्य और प्रेरणा प्रदान करती है। .मिश्रित वित्त जलवायु अनुकूलन के लिए उत्प्रेरक के रूप में कार्य कर सकता है, जब इसे वित्तीय नवाचार के रूप में पेश किया जाता है, तो सहायता से परे कथा को आगे बढ़ाने और निजी वित्त प्रवाह को अनलॉक करने में मदद मिलती है, खासकर जब जलवायु अनुकूलन के लिए प्रकृति-आधारित समाधानों की संरचना के लिए उपयोग किया जाता है। उदाहरण के तौर पर, प्रकृति के बदले ऋण स्वैप जैसा एक उपकरण प्रकृति संरक्षण में निवेश के विरुद्ध राज्य के विदेशी ऋण को समायोजित कर सकता है। 2016 में, सेशेल्स सरकार ने समुद्री संरक्षण और जलवायु अनुकूलन कार्य के लिए अपने पेरिस क्लब ऋण का 21.4 मिलियन अमेरिकी डॉलर रियायती मूल्य पर वापस खरीदा। अनुकूलन के प्रति सहभागी शासन- जलवायु की अंतर्निहित वैश्विक प्रकृति को ध्यान में रखते हुए, एक आकार-सभी के लिए उपयुक्त समाधान के बजाय, अनुकूलन मॉडल का उपयोग करके स्थानीय जरूरतों को पूरा करने की आवश्यकता है

पारंपरिक ज्ञान प्रणालियां इन मॉडलों की लाभप्रदता को समग्र रूप से प्रत्याशित नुकसान को कम करने, सामाजिक-आर्थिक कल्याण को बढ़ाने और वित्तपोषण संस्थानों को आवश्यक जोखिम आश्वासन प्रदान करने के लिए जलवायु-लचीला बुनियादी ढांचे के निर्माण में नवाचारों को चलाने के विषयों के आसपास बनाया जा सकता है। उदाहरण के तौर पर, अनुकूलन पर वैश्विक आयोग का अनुमान है कि बुनियादी ढांचे के जलवायु-प्रूफिंग में मामूली 3त्न की वृद्धि के परिणामस्वरूप मजबूत 4-1 लागत-लाभ अनुपात हो सकता है। इसी तरह, जलवायु-लचीली फसल किस्मों में अनुसंधान या प्रारंभिक चेतावनी प्रणालियों की दिशा में प्रौद्योगिकी विकास के अवसर, निजी पहल को आकर्षित करने का वादा करते हैं। भारत में सामाजिक प्रभाव मूल्यांकन ने बहुत सारी विशेषज्ञता विकसित की है क्योंकि यह अपनी लक्षित लोक कल्याण योजनाओं को संचालित करता है या राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण से सीखकर इसे व्यापक अनुप्रयोग के लिए लिया जा सकता है।

अनुकूलन में निवेश की तात्कालिकता का आह्वान स्पष्ट है, विशेष रूप से हाल ही में चरम जलवायु घटनाओं के कारण भारत में 6 बिलियन के नुकसान, तूफान डोरियन से बहामास के सकल घरेलू उत्पाद के एक चौथाई के नष्ट होने और 20 बिलियन डॉलर से अधिक के मूल्य विलुप्त होने के प्रकाश में। ऑस्ट्रेलियाई जंगल की आग से. वैश्विक समृद्धि तब तक अधर में लटकी रहेगी जब तक कि अपरिहार्य अनुकूलन निवेशों द्वारा निवेश की वित्तीय व्यवहार्यता सुनिश्चित नहीं हो जाती।

आप की बात

विपक्ष का व्यवहार

महुआ मोईत्रा का संसद सदस्यता से निष्कासन संविधान के अनुसार है। इससे पूर्व भी कांग्रेस शासन में कई सांसदों को निष्कासित किया गया था। ऐसे में महुआ के निष्कासन पर विपक्ष का शोर मचाना कोई मायने नहीं रखता। विपक्ष हर संवैधानिक कार्यवाही पर केंद्र सरकार पर पक्षपात का आरोप लगाता रहा है, चाहे वह महुआ का निष्कासन हो या ईडी के छापे या आप नेताओं को गिरफ्तारी के बाद कोर्ट से जमानत नहीं मिलने का मामला हो। यदि सरकार विपक्ष के दबाव को मान ले तो इसके मायने होंगे कि विपक्ष संविधान से खुद को ऊपर समझता है। सोशल मीडिया के व्यापक प्रचार-प्रसार और तर्क पूर्ण जानकारियां प्राप्त करने के बाद अब मतदाता खुद का अच्छी तरह फैसला करना जानता है। विडंबना है कि हाल ही में ईडी के छापे में 300 करोड़ से अधिक नगद रुपए जप्त होने के बाद भी विपक्ष और कांग्रेस उस सांसद का ही पक्ष ले रहे हैं। जो तथ्य खुलेआम सामने है उस पर भी लीपापोती करने में विपक्ष को जरा भी झिझक नहीं महसूस होती है। यह बातें ही जनता को ईमानदार और बेईमान में फर्क सिखा देती हैं। विपक्ष के ऐसे व्यवहार से जनता में मोदी की छवि और मजबूत होती है जो भ्रष्टाचारियों से पाई-पाई वसूल करने की गारंटी जनता को देते हैं।

- **सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

भारत में राजनीति

भारत में शायद संसदीय प्रणाली की जगह सरकार की राष्ट्रपति प्रणाली के लिए माहौल बन रहा है। ऐसा लगता है कि भारत में द्वि-दलीय व्यवस्था विधानसभा और लोकसभा चुनाव के लिए मतदाताओं की पहली पसंद बनती जा रही है। भारत के लोकतंत्र में अब क्षेत्रीय आशा और आकांक्षा को ज्यादा स्थान नहीं मिल रहा है। विधान सभा चुनाव परिणाम इस बात के स्पष्ट संकेत है कि देश में केवल दो पार्टी-भाजपा और कांग्रेस राष्ट्रव्यापी स्वरूप के साथ चुनावी लड़ाई में दिखाई पड़ती हैं। उत्तर भारत की राजनीति व चुनावी लड़ाई में क्षेत्रीय पार्टियों का महत्व घट रहा है। राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा प्राप्त बसपा का ग्राफ काफी नीचे गिरा है। कोई भी दल 4 प्रतिशत वोट का भी आंकड़ा पार नहीं कर पाया है। दक्षिण में भी क्षेत्रीय पार्टी भारत राष्ट्र पार्टी-बीआरएस को बड़ी हार का सामना करना पड़ा है और केवल मिजोरम में ही क्षेत्रीय पार्टी को सत्ता मिली है। भाजपा के संस्कृतिक प्रखर राष्ट्रवाद के कारण क्षेत्रीय राजनीतिक उभार को बड़ा धक्का लगा है और तीन राज्यों में कांग्रेस द्वारा क्षेत्रीय दलों के साथ समझौता न करने से स्पष्ट है कि कांग्रेस भी क्षेत्रीय दलों की पक्षधर नहीं है।

- **वीरेंद्र कुमार जाटव,** दिल्ली

फास्ट ट्रैक अदालतें

पाक्सो कानून के अंतर्गत आने वाले अपराधों के लिए 2019 में फास्ट-ट्रैक अदालतों की स्थापना की गई थी ताकि सभी मामले एक साल में निपटाए जा सकें। लेकिन पिछले साल 31 जनवरी तक 2.43 लाख मामले इन अदालतों में पेंडिंग बताये गए। यह दावा एक शोधपत्र में किया गया है। यदि इसी गति से प्रकरणों की सुनवाई हुई तो विभिन्न प्रदेशों में पेंडिंग प्रकरणों की सुनवाई और निपटान में 21 से 30 साल तक लग सकते हैं। इन मामलों की पैरवी पर सरकार के करोड़ों रूपये खर्च हो सकते हैं। चिन्ता की बात है कि इतने सरकारी खर्च के बावजूद फास्ट ट्रैक अदालतों में भारी संख्या में मामले लंबित हैं। फास्ट ट्रैक अदालतों का गठन इसलिए किया गया था कि खासकर पाक्सो के मामलों में अपराधियों को फौरन कठोरतम सजा मिले जिससे समाज में उचित संदेश जाए। अपराधियों को तुरन्त सजा मिलने से अपराध घटाने में सहायता मिलती है। लेकिन अनेक न्यायिक सुधारों के बावजूद फास्ट ट्रैक अदालतों में लंबित मामलों की स्थिति चिन्ताजनक है। इसे ठीक करने के लिए इन अदालतों की संख्या बढ़ाना बहुत जरूरी हो गया है।

-**शकुंतला महेश नेनावा,** इंदौर

मोदी का आह्वान

उत्तराखंड में हुए निवेश सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि समाज के अमीर लोगों को विदेशों के बजाय शादियां भारत में ही करनी चाहिए। इससे हमारी अर्थव्यवस्था को एक नई गति मिलेगी। हमने देखा है कि अमीर वर्ग के कुछ लोग विदेश में शादी कर अपना रुतबा दिखाने का प्रयास करते हैं। इस प्रकार खर्च के माध्यम से उनका निवेश हमारे देश के बजाय अन्य देशों को मिलता है। शादी विवाह का कारोबार भारत में लगभग हजार करोड़ का हो गया है जिसमें विभिन्न लोगों को आजीविका प्राप्त होती है। विवाह के समय विभिन्न आध्यात्मिक, धार्मिक एवं सांसारिक संस्कारों को संपन्न कराने से सांस्कृतिक परिवेश विकसित होने के साथ ही किए जाने वाले खर्च से अर्थव्यवस्था को भी बल मिलता है। यदि प्रधानमंत्री के इस आह्वान में- वोकल फार लोकल को भी जोड़ दिया जाए तो सोने में सुहागे वाली स्थिति बन जाएगी। यदि शादी-विवाहों में स्थानीय उत्पादों के प्रयोग को बढ़ावा मिले तो समाज के गरीब लोगों को भी अमीरों की खुशी में थोड़ी खुशी मिलेगी। मोदी के आह्वान का व्यापक स्वागत होना चाहिए।

- **सुदर्शन सोराड़ी,** नानकमत्ता

पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से
responsemail.hindipioneer@gmail.com
पर भी भेज सकते है।

अस्पतालों में नर नारायण सेवा की भावना प्रबल हो: राष्ट्रपति

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि जिन अस्पतालों में नर सेवा, नारायण सेवा की भावना प्रबल हो, वहां मानवता के श्रेष्ठतम रूप का दर्शन होता है। मानवता की सेवा का यह भाव सराहनीय है। राष्ट्रपति सोमवार को लखनऊ के एक निजी अस्पताल के 27वें स्थापना दिवस समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए कर रहीं थी।

राष्ट्रपति ने हार्ट केयर के डॉक्टरों से अपील की कि समाज के जन-जन को स्वस्थ हृदय के बारे में जागरूक करें। उन्होंने कहा कि एक अस्पताल में 100, 200 व 500 का इलाज करते हैं लेकिन जनजागरूकता से हजारों को लाभान्वित कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि देशवासियों को कम दर पर अच्छी चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराएंगे और हम सभी मिलकर स्वस्थ व समृद्ध भारत का निर्माण करेंगे। इस मौके पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को भी याद किया। उन्होंने कहा कि परम श्रद्धेय अटल जी का लखनऊ के लोगों से गहरा रिश्ता था। आपने प्रतिनिधि के रूप में जहां अटल जी को चुना, वहीं देश को अद्भुत प्रधानमंत्री व भारत रत्न दिया। वे हमारे लोकतंत्र और लखनऊ के अनमोल ध्येय थे। राष्ट्रपति ने कहा कि आज वाराणसी की सुबह व अवध की शाम की तारीफ में बहुत कुछ लिखा जाता है। मैं सुबह वाराणसी और शाम को लखनऊ में हूं। यहां की तहजीब के किस्से बहुत लोकप्रिय हैं। मेरा जन्म स्थान ओडिशा है। हिंदी की गहरी जानकारी नहीं है, लेकिन गौर किया है कि यहां के लोग मैं कि जगह हम का इस्तेमाल करते हैं यानी एक व्यक्ति भी खुद को समूह से जोड़कर देखता है और यही भावना हमें भारतीय बनाती है। अलग धर्म, जाति, क्षेत्र राज्य व आस्था से जुड़े होने के बावजूद हमारी पहचान भारतीय ही है। इसके पूर्व अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक आदि मौजूद रहे। फाउंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष प्रो. एके श्रीवास्तव ने स्वागत भाषण दिया।

सरकार ने दिया स्वास्थ्य की आधारभूत संरचना के निर्माण को बल: राजनाथ

लखनऊ। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस अवसर पर कहा कि पहला सुख निरोगी काया। 140 करोड़ आबादी वाले भारत देश में यह बात और भी गहराई से लागू होती है, क्योंकि जितनी अधिक जनसंख्या होती है स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की संभावना भी अन्य देशों के मुकाबले उतनी ही बढ़ती जाती है। इसलिए 2014 से जब से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हमारी सरकार आई है तब से हम लगातार ऐसे काम कर रहे हैं जो हमारे देश को एक स्वस्थ राष्ट्र बना सके। उन्होंने कहा कि देश में 15 नए एम्स और बड़ी संख्या में मेडिकल कॉलेज के निर्माण की और कदम बढ़ाकर सरकार ने स्वास्थ्य की आधारभूत संरचना के निर्माण को बल प्रदान किया है। आयुष्मान भारत योजना के तहत देश के 12 करोड़ परिवारों को पांच लाख रुपए का सालाना स्वास्थ्य बीमा प्रदान किया गया है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु का लखनऊ हवाई अड्डे पर स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ राज्यपाल आनंदीबेन पटेल एवं रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

पूर्व राष्ट्रपति प्रणव मुखर्जी की जयंती पर कांग्रेस कार्यालय में अर्पित की गई पुष्पांजलि

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय लखनऊ में सोमवार को भारत के तेरहवें राष्ट्रपति भारत रत्न प्रणव मुखर्जी की जयन्ती पर पुष्पांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कांग्रेसजनों द्वारा प्रणव मुखर्जी को याद करते हुए उन्हें अपनी पुष्पांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर वक्ताओं द्वारा ईमानदार एवं स्वच्छ छवि के लिए जाने जाने वाले प्रणव मुखर्जी को याद करते हुए कहा गया कि देश के वित्तमंत्री, विदेश मंत्री, रक्षा मंत्री एवं योजना आयोग के उपाध्यक्ष के रूप में उनके द्वारा किए गए सराहनीय कार्यों को सदैव देश याद रखेगा। लम्बे समय के लिए देश की आर्थिक नीतियों को बनाने में उन्हें महत्वपूर्ण व्यक्ति के रूप में जाना जाता था। न्यूयार्क से प्रकाशित पत्रिका यूरोमनी के एक सर्वेक्षण के अनुसार 1984 में दुनिया के पांच सर्वोत्तम वित्त मंत्रियों में एक प्रणव मुखर्जी भी थे।

उन्हें 1997 में सर्वश्रेष्ठ सांसद का अवार्ड भी मिला था। इस अवसर पर उप्र कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष (प्रशासन) दिनेश कुमार सिंह, पूर्व विधायक राकेश राठौर, उप्र कांग्रेस विधि विभाग के चेयरमैन नितिन मिश्रा, पूर्व महासचिव शिव भगवान, डॉ. अरविन्द बहादुर सिंह, अमित मिश्रा आदि मौजूद थे।

भाजपा सतत जनता के बीच रहकर कार्य करने वाला राजनैतिक दल

- देश का वातावरण पूरी तरह से भाजपा के अनुकूल: केशव मौर्य
- दो दिवसीय विस्तारक प्रशिक्षण सम्पन्न

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

भारतीय जनता पार्टी का दो दिवसीय विस्तारक प्रशिक्षण वर्ग काशी, गोरखपुर एवं अवध क्षेत्र के विस्तारकों के प्रशिक्षण के साथ सोमवार को सम्पन्न हुआ। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक एवं प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने संगठनात्मक कार्ययोजना के धरातलीय क्रियान्वयन का विस्तारकों को प्रशिक्षण दिया। वर्ग में आईटी एवं सोशल मीडिया का प्रशिक्षण भी विस्तारकों को दिया गया। राजधानी लखनऊ के राज स्टेट मैरिज लॉन पारा में आयोजित विस्तारक प्रशिक्षण वर्ग में प्रदेश महामंत्री संजय राय, प्रदेश मंत्री अर्चना मिश्रा, क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा, सहजानंद राय उपस्थित रहे।

प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि लोकसभा चुनाव निकट है इसलिए अब कार्य की गति भी बढ़ानी होगी। भाजपा सतत जनता के बीच रहकर कार्य करने वाला एक राजनैतिक दल है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश विश्व की महाशक्ति बनने की ओर बढ़ रहा है। श्री पाठक ने कहा कि मोदी जी की भ्रष्टाचार के विरूद्ध देश को दी गई गारन्टी से विपक्षी दल बौखलाये हुए है और अपने.अपने भ्रष्टाचार और परिवारवाद को बचाने के लिए सब एक जुट हुए है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भ्रष्टाचार, परिवारवाद, जातिवाद, तुष्टीकरण, अशिक्षा और गरीबी के विरूद्ध है जबकि विपक्ष सिर्फ भाजपा और मोदी जी के विरूद्ध है। उन्होंने विस्तारकों से संवाद करते हुए कहा कि अपने परिश्रम, समर्पण एवं लगनशीलता के साथ प्रत्येक बूथ की मजबूती के लिए जुटकर काम करना है और प्रत्येक बूथ पर कमल खिलाने का लक्ष्य प्राप्त करना है। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि 2024 में तीसरी बार मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार बनने के साथ ही देश सौ वर्ष आगे बढ़ जाएगा। उन्होंने कहा देश का वातावरण पूरी तरह से भाजपा के अनुकूल है। उन्होंने कहा कि आज विपक्ष के पास न कोई नेताए न कोई नीति और न ही देश को आगे ले जाने का कोई विजन है। विपक्षी गठबंधन में जितने दल है उतने ही प्रधानमंत्री पद के दावेदार है। श्री मौर्य ने विस्तारकों से कहा कि हमें अपने कार्य क्षेत्र में लक्ष्य निर्धारित करके तथा समय का वर्गीकरण करके कार्य करना चाहिए जिससे कार्य सफल भी होगा तथा प्रभावी होगा। हम सभी को प्रदेश की सभी 80 लोकसभा सीटें जीतने के लक्ष्य के साथ काम करना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व की केन्द्र सरकार व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ नेतृत्व की प्रदेश भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी जन-जन तक पहुंचाने तथा बूथए मंडल, जिले के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं से सम्पर्क व समन्वय का काम प्राथमिकता के आधार पर करना है। प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने प्रशिक्षण वर्ग में विस्तारकों से संवाद करते हुए कहा कि प्रत्येक विस्तारक क्षेत्र में जाकर समन्वय स्थापित कर कार्यकर्ताओं को संगठन के अभियान एवं कार्यक्रमों में सक्रियता के लिए प्रेरित करने का काम करें तथा स्थानीय नागरिकों को संगठन की विचारधारा से जोड़ने का काम करें। उन्होंने कहा कि भाजपा की केन्द्र तथा प्रदेश सरकार की लोककल्याणकारी नीतियां बूथ तक पहुंचाने तथा लाभार्थियों से सम्पर्क की कार्ययोजना पर कार्य करना है। उन्होंने कहा कि सभी विस्तारक कार्यशाला मिले अनुभव के के आधार पर कार्य करे।

मायावती का कृत्य बसपा नीतियों के खिलाफ: फतेह बहादुर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

सामाजिक संस्था बहुजन भारत के अध्यक्ष एवं पूर्व आईएएस कुंवर फतेह बहादुर ने बसपा सांसद दानिश अली को पार्टी से निलंबित किए जाने के पार्टी प्रमुख मायावती के फैसले को दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। संस्था मुख्यालय पर हुई बैठक में पदाधिकारियों ने कहा कि बहुजन नायक कांशीराम ने दलितों, पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यकों को एकजुट करने और इन सभी वर्गों को जोड़कर बहुजन समाज स्थापित किया था लेकिन मायावती ने पार्टी के संस्थापक कांशीराम की मूल विचारधाराओं को किनारे कर दिया है। संस्था के अध्यक्ष

कुंवर फतेह बहादुर ने कहा कि दानिश अली को पार्टी से निकालने का मायावती का फैसला अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण एवं भर्त्सना योग्य है। उन्होंने कहा कि कांशीराम ने बसपा की स्थापना अनुसूचित जाति, जन जाति, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक समाज के सामाजिक एवं राजनीतिक मान-सम्मान की रक्षा तथा संवैधानिक अधिकार दिलाने के लिए की थी। संस्था के अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा सांसद ने लोकसभा में दानिश अली के धर्म तथा व्यक्तिगत तौर पर अपमानजनक, गाली गलौज की, जिसे पूरे देश ने देखा एवं सुना। इससे दानिश अली के मान सम्मान संवैधानिक अधिकारों का हनन हुआ लेकिन मायावती एवं बसपा अपने सांसद के इस अपमानजनक मामले में उनके साथ खड़ी नहीं दिखी जबकि ऐसे मौके पर पार्टी के लोगों को सबसे पहले आकर उनके साथ खड़ा होना चाहिए था।

उन्होंने कहा कि बसपा अध्यक्ष मायावती का यह कृत्य बसपा नीतियों के विरुद्ध है। बहुजन समाज एवं बसपा नेताओं तथा शुभचिंतकों को मायावती से जवाब मांगना चाहिए एवं उन्हें यह भी सोचना होगा की क्या मायावती पार्टी के संस्थापक कांशीराम द्वारा स्थापित बसपा के नेतृत्व के लिए सक्षम हैं या नहीं।

अभद्र टिप्पणी पर मिर्जापुर ईओ निलंबित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

महिलाओं के सम्मान और जनता के प्रति किसी भी तरह के दुर्व्यवहार पर जीरो टॉलरेंस की अपनी नीति के तहत योगी सरकार ने मिर्जापुर के अधिशासी अधिकारी को निलंबित कर दिया है। क्षेत्रीय नागरिकों और महिलाओं के विरुद्ध अभद्र टिप्पणी का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद सरकार ने कड़ा एक्शन लिया।

निदेशक नगरीय निकाय निदेशालय की ओर से इससे सबंधित आदेश जारी कर अधिशासी अधिकारी को स्थानीय निकाय निदेशालय से सम्बद्ध कर दिया गया है। उल्लेखनीय है की योगी सरकार ने महिलाओं की सुरक्षाए उनके सम्मान और स्वावलंबन के लिए मिशन शक्ति अभियान शुरू किया है। इसी क्रम में सरकार ने एक्शन लेकर उदाहरण प्रस्तुत किया। निदेशक द्वारा जारी आदेश के मुताबिकए नगर पालिका परिषद, अहरौरा मिर्जापुर के अधिशासी अधिकारी राम दुलार यादव के विरूद्ध सोशल मीडिया वाट्सएप ग्रुप में क्षेत्रीय नागरिकों एवं महिलाओं के विरुद्ध आपत्तिजनक टिप्पणी किए जाने का वीडियो वायरल हुआ है। अधिशासी अधिकारी राम दुलार यादव को प्रथम दृष्ट्या दोषी पाए जाने के कारण तात्कालिक प्रभाव से निलंबित करते हुए स्थानीय निकाय निदेशालय से सम्बद्ध कर दिया गया है। साथ ही अनुशासनिक कार्यवाही के लिए उप निदेशकए नगर निकाय निदेशालय विजेता को पदेन जांच अधिकारी नामित किया गया है।

हाईकोर्ट ने डीएम लखनऊ से मांगा जवाब

साल भर में कितने दिन बार एसोसिएशन रहा हड़ताल पर

विधि संवाददाता। लखनऊ

सरोजिनी नगर तहसील बार एसोसिएशन द्वारा आए दिन हड़ताल करने पर हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने सख्त रुख अपनाया है। पीठ ने लखनऊ के डीएम से पूछा है कि यह बार एसोसिएशन पिछले एक वर्ष में कितने दिन तक हड़ताल पर रहा और उसकी हड़ताल से तहसील के कामकाज पर क्या असर पड़ा। पीठ ने जिलाधिकारी को व्यक्तिगत हलफ़नामा दाखिल करने का आदेश दिया है। मामले की अगली सुनवाई चार जनवरी को होगी। जस्टिस विवेक चौधरी एवम जस्टिस मनीष कुमार की पीठ ने यह आदेश विनय कुमार शुक्ला की याचिका पर दिया है। याचिका में आरोप लगाया गया है कि सरोजिनी नगर तहसील की बार एसोसिएशन आए दिन हड़ताल पर रहती है और जिलाधिकारी भी बार की हड़ताल को स्वीकार कर लेते हैं। जिसकी वजह से उसके और उस जैसे तमाम वादकारियों के मुकदमों की सुनवाई व दाखिला नहीं हो पाता है। वही इस सुनवाई के दौरान यूपी बार काउंसिल के वकील सुभाष चंद्र पांडेय ने बताया कि सरोजिनी नगर बार काउंसिल की मान्यता 25 सितंबर 2021 को ही समाप्त की जा चुकी है। पीठ ने इस पर जिलाधिकारी को व्यक्तिगत हलफ़नामा दाखिल कर उपरोक्त जानकारी देने को कहा। साथ ही सरोजिनी नगर बार एसोसिएशन व इसके सचिव को नोटिस जारी करने का भी आदेश दिया है।

अयोध्या की मूर्तियों में भी दिखेगी मर्यादा पुरुषोत्तम की झलक

रामोत्सव 2024

- प्रदेश सरकार ने रामायण से जुड़ी हुई मूर्तियों के निर्माण के लिए देश-विदेश के कलाकार को किया आमंत्रित
- 108 चित्रों के जरिये श्रीराम से जुड़े विभिन्न प्रसंगों का होगा चित्रांकन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

अयोध्या के राजा श्रीराम के स्वागत को पूरी दुनिया बेताब है। 22 जनवरी 2024 को 500 वर्षों के उपरांत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के करकमलों से मर्यादा पुरुषोत्तम अपने दिव्य-भव्य मंदिर में विराजमान होंगे। इस दृष्टिगत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में 'नव्य अयोध्या' का निर्माण हो रहा है। सीएम का प्रयास है कि यहां पूरी दुनिया को पारंपरिक, सांस्कृतिक धरोहर से लेकर आधुनिकता की झलक देखने को मिले। इसके लिए योगी सरकार ने देश ही नहीं, बल्कि विदेश के कलाकारों को भी आमंत्रित किया है, जो अपनी मूर्तिकला और चित्रकला से मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम के जीवन को उकेरेंगे। साथ ही लोगों के दिलों और दिमाग पर भव्य उद्घाटन समारोह की अमिट छाप छोड़ेंगे।

योगी सरकार प्रभु श्रीराम के मंदिर उद्घाटन समारोह को जल, नभ और थल से भव्य रूप देने के लिए कई महत्वपूर्ण आयोजन करेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बीते दिनों उच्च स्तरीय बैठक में अधिकारियों को मूर्तिकला के जरिये प्रभु श्रीराम के जीवन के विभिन्न प्रसंगों का उल्लेख करने के निर्देश दिए थे क्योंकि हमारी मूर्तिकला पूरे विश्व में सबसे पुरानी कला है। यह कला लोगों को युगों-युगों तक इतिहास से जोड़ती आई है। ऐसे में मंदिर के उद्घाटन समारोह में आने वाली पीढ़ियों को युगों-युगों तक यादगार बनाने और कलाओं के संरक्षण-संवर्धन के लिए मूर्ति-शिल्प कला की कार्यशाला के आयोजन के निर्देश दिए थे। यही वजह है कि अयोध्या में मंदिर उद्घाटन के भव्य समारोह को इतिहास के काल खंडों में समृद्ध साक्ष्य के रूप में संजोने के लिए मूर्तिकला की कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। इसके लिए देश और विदेश के दिग्गज मूर्ति और शिल्प कलाकारों को आमंत्रित किया गया है। यह कलाकार रामायण परंपरा और प्रभु श्रीराम के जीवन पर आधारित विभिन्न प्रसंगों से जुड़ी हुई मूर्तियों का निर्माण करेंगे। वहीं इन मूर्तियों के जरिये प्रभु श्रीराम के संदेश को जन.जन तक पहुंचाने के लिए प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा।

देश ही नहीं, विदेशों में भी चित्रकला के माध्यम से पारंपरिक कलाओं को संरक्षित किया गया है। यह हमें प्राचील काल की विविधताओं और इतिहास से रूबरू कराता है। इन चित्रकलाओं में मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के आदर्श रूपों एवं रामायण से जुड़े विभिन्न प्रसंगों का चित्रांकन भी शामिल है। इसे ध्यान में रखते हुए योगी सरकार मंदिर उद्घाटन समारोह को चित्रकला के माध्यम से संरक्षित करेगी। इसके लिए उत्तर प्रदेश राज्य ललित कला अकादमी द्वारा ख्याति प्राप्त चित्रकारों का चित्रकला शिविर आयोजित कराएगा, जिसमें श्रीराम से जुड़े विभिन्न प्रसंगों को 108 चित्रों का चित्रांकन किया जाएगा। वहीं योगी सरकार अयोध्या के विभिन्न घाटों एवं स्थलों पर रामायण से जुड़ी कलाकृतियों की स्थापना के लिए दो करोड़ की धनराशि खर्च करेगी। इन कलाकृतियों के निर्माण की जिम्मेदारी उत्तर प्रदेश राज्य ललित कला अकादमी, लखनऊ को सौंपी गई है। राज्य ललित कला अकादमी की ओर से अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर के कलाकारों के जरिए कलाकृतियों का निर्माण किया जाएगा। साथ ही इन कलाकृतियों की आधुनिक रूप से साज सज्जा भी की जाएगी।

राम नगरी को जाम से मिलेगी निजात, मल्टी लेवल पार्किंग बनकर तैयार

- 282 चार पहिया और 309 दो पहिया वाहन एक बार में हो सकेंगे पार्क

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/ अयोध्या

रामलला के भव्य मंदिर का उद्घाटन होने के बाद अयोध्या में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। इसे देखते हुए योगी सरकार अयोध्या में ट्रैफिक इन्फ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने में जुटी हुई है। इसी क्रम में जिला कचहरी के बाहर मुख्य मार्ग पर अधिवक्ताओं व वादकारियों के वाहनों से लगने वाले जाम से अब नगरवासियों को निजात मिलने वाली है। राज्य स्मार्ट सिटी योजना अंतर्गत अयोध्या में कचहरी के बाहर मल्टी लेवल पार्किंग का निर्माण लगभग पूरा हो चुका है। मल्टी लेवल पार्किंग के बन जाने से अधिवक्ताओं और वादकारियों को अपने वाहन खड़ा करने के लिए सड़कों पर स्थान ढूंढने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी।

अयोध्या जनपद में कचहरी के बाहर मल्टीलेवल पार्किंग की आवश्यकता काफी लंबे समय से महसूस की जाती रही है, जिसके लिए कचहरी के पास ही मल्टी लेवल पार्किंग की बिल्डिंग बनकर तैयार हो गई है। बता दें कि 2007 में कचहरी में हुए बम ब्लास्ट कांड के बाद परिसर में दो पहिया और चार पहिया वाहनों की पार्किंग पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया गया था। जिला प्रशासन के अधिकारियों के अतिरिक्त किसी अन्य का वाहन कचहरी परिसर में दाखिल नहीं हो सकता था। इसके बाद अधिवक्ता और वादकारी सड़कों पर इधर-उधर वाहनों को खड़ा करने लगे, जिससे सड़क पर जाम की समस्या बढ़ती गई। इस समस्या का निदान करने के लिए अधिवक्ता संघ की ओर से कई बार शासन से मांग की जाती रही। अधिवक्ताओं की इस मांग को पूरा करने के लिए योगी सरकार ने राज्य स्मार्ट सिटी योजना के अंतर्गत 37.08 करोड़ की लागत वाली स्मार्ट वाहन पार्किंग एवं दुकानों का निर्माण कराने की जिम्मेदारी कार्यदायी संस्था सीएनडीएस उत्तर प्रदेश जल निगम अयोध्या को सौप दिया था। 20 मार्च 2022 को मल्टी लेवल पार्किंग की बिल्डिंग का निर्माण प्रारंभ हुआ। कार्य लगभग 96 प्रतिशत पूरा हो चुका है। इस मल्टी लेवल पार्किंग में 282 चार पहिया वाहन 309 दो पहिया वाहन 15 दुकान व एक कैंटीन की व्यवस्था की गई है। इस बिल्डिंग में चार लिफ्ट भी लगाई गई है। इसके अलावा ई-चार्जिंग पॉइंट भी बनाया गया। 15 दिसंबर तक निर्माण कार्य पूरा करने की समय सीमा दी गई थी। सीमा के अंदर निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चुका है। शीघ्र ही अधिवक्ता व विवादकारी अपने वाहन मल्टी लेवल पार्किंग में खड़ी कर सकेंगे करेंगे।

जरूरतमंदों को शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाया जाए: केशव

- उप मुख्यमंत्री ने जनता दर्शन में सुनी विभिन्न जिलों से आए लोगों की समस्याएं

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने अपने कैम्प कार्यालय पर विभिन्न जनपदों से आए लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं के त्वरित निस्तारण का आश्वासन दिया। उन्होंने जनसुनवाई के दौरान एक-एक व्यक्ति की समस्या को पूरी गम्भीरता से सुना तथा समस्याओं के निराकरण के लिए सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए हैं कि समस्याओं का निराकरण इस प्रकार किया जाए कि समस्याग्रस्त व्यक्ति पूरी तरह से संतुष्ट रहें और उन्हें दुबारा कहीं भटकना न पड़े और बार-बार चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने महिलाओं, दिव्यांगों, बुजुर्गों की समस्याओं व शिकायतों को सुना और उन्हें प्राथमिकता के आधार पर संबंधित अधिकारियों को त्वरित गति से निदान करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जनता दर्शन में भूमि विवाद, दुर्घटनाओं से संबंधित, अवैध कब्जे, शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास आवंटन, स्कूल निर्माण, भूमि पट्टा, कब्जा दिलाने, अतिक्रमण हटाने, सड़क बनवाने, बिजली, अभियुक्तों की गिरफ्तारी कराने, आदि से संबंधित विभिन्न समस्याएं प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए लोगों ने रखी। उप मुख्यमंत्री फरियादियों के पास खुद चलकर गए और एक एक व्यक्ति की समस्या को उनसे सीधे रू-ब-रू होकर सुना। जनता दर्शन मे 2 दर्जन से अधिक ज़िलों से कई सैकड़ा लोगों ने आकर अपनी समस्याएं रखी। उप मुख्यमंत्री ने समस्याओं के निस्तारण के बावत सम्बन्धित वरिष्ठ अधिकारियों व शासन के उच्चाधिकारियों से दूरभाष पर वार्ता भी की। उप मुख्यमंत्री ने फरियादियों को भरोसा दिलाते हुए कहा कि सरकार आपके साथ है, प्रभावी कार्रवाई करते हुए सबकी समस्या का समाधान हर हाल में किया जाएगा।

प्रकरणों को सम्बंधित अधिकारियों को सन्दर्भित करते हुए निर्देश दिए कि जनता की समस्याओं पर संवेदनशीलता से ध्यान दें।

संकल्प यात्रा के तहत लोधीपुर व सुभाषनगर में आयोजित किया गया कार्यक्रम

● उज्जवला योजना के अंतर्गत लाभान्वित लाभार्थियों को वितरित किये गए गैस चूल्हा

संवाददाता। शाहजहांपुर

नगर निगम के तत्वावधान में विकसित भारत संकल्प यात्रा को सफल बनाने हेतु नगर क्षेत्र के चयनित स्थल लोधीपुर में शासन द्वारा उपलब्ध कराई गई वैन वाहन के माध्यम से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर उपस्थित नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा ने जन-मानस की सुविधा हेतु भारत सरकार व उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विभिन्न प्रकार की योजनायें जैसे- पी0एम0 स्वनिधि योजना, स्वच्छ भारत मिशन (नगरीय) योजना, पीएम आवास योजना (शहरी), अमृत मिशन 2.0 योजना, मेरी कहानी मेरी जुबानी, स्मार्ट सिटी मिशन योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम उज्जवला योजना, पीएम मुद्रा योजना, स्टार्टअप योजना, स्टैंडअप इंडिया योजना, आयुष्मान भारत योजना, पीएम ई-बस सेवा योजना, पीएम भारतीय जन औषधि परियोजना, पीएम सौभाग्य योजना के अतिरिक्त विभिन्न प्रकार की योजनाओं के सम्बंध में अवगत कराया गया और इन योजनाओं से जुड़ने की अपील की गई। नगरआयुक्त ने मोदी की गारंटी वाली गाड़ी में अधिक से अधिक प्रतिभाग करने की अपील भी की जिससे सरकारी योजनाओं की अधिक से अधिक जानकारी प्राप्त हो सके और उसका सीधा लाभ मिल सके। साथ ही विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत भारत को एक नई दिशा में ले जाने के लिए अनुरोध किया गया। इसके उपरांत नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा द्वारा उज्ज्वला योजना योजना से लाभान्वित 04 लाभार्थियों को गैस चूले वितरित किये तथा लाभान्वित लाभार्थियों को शुभकामनाएं दी गयी। नगर आयुक्त ने सभी को हमारा संकल्प विकसित भारत के प्रति शपथ दिलाई गई। विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में सरकारी योजनाओं से सम्बंधित आमजन को जानकारी देने हेतु कैंपो का भी आयोजन किया गया, जिसमे जन-मानस द्वारा सरकारी योजनाओं के विषय मे जानकारी प्राप्त की गई। इस अवसर पर विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत क्विज का भी आयोजन किया गया। आयोजित क्विज में पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर दिए जाने वाले विजेता फिरोज जहाँ को नगर आयुक्त एवं क्षेत्रीय पाषर्द द्वारा टी शर्ट, कैलेंडर, उपहार एवं क्विज में प्रतिभाग करने वाले प्रतिभागियों को ऑनलाइन प्रमाण पत्र, कैलेंडर दिए तथा उत्साहवर्धन भी किया गया। इस अवसर पर नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा ने अतिरिक्त क्षेत्रीय मा0 पाषर्द रूपेश कुमार वर्मा, अपर नगर आयुक्त एस0के0 सिंह, उप नगर आयुक्त रश्मि भारती, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी राकेश कुमार सोनकर एवं अन्य अधिकारी कर्मचारीगण तथा जन-प्रतिनिधि व सरकारी योजनाओं से लाभान्वित लाभार्थियों द्वारा सक्रिय प्रतिभाग किया गया। संचालन रजनीश राठौर द्वारा किया गया।

निगम शाहजहांपुर के तत्वावधान में विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत नगर क्षेत्र के सुभाषनगर में दोपहर 2 बजे से वैन वाहन के माध्यम से विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में अपर नगर आयुक्त एस0के0 सिंह, उप नगर आयुक्त रश्मि भारती एवं नगर निगम के अन्य अधिकारी कर्मचारीगण तथा जन-प्रतिनिधि व लोगो ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर भारत सरकार और उ0प्र0 सरकार द्वारा जनहित में चलाई जा रही सरकारी योजनाओं के विषय मे विस्तारपूर्वक अवगत कराया गया। साथ ही वैन वाहन के माध्यम से जन-मानस को भारत सरकार व उ0प्र0 सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के विषय में जागरुक किया गया और अधिक से अधिक सरकारी योजनाओं से जुड़ने की अपील की गई। इस अवसर पर विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत विभिन्न प्रकार की सरकारी योजनाओं के कैम्प भी लगाए गए, जिसमे जनमानस द्वारा जानकारी ली गयी। अपर नगर आयुक्त एस0के0 सिंह द्वारा कार्यक्रम स्थल पर विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत सरकारी योजनाओं से सम्बंधित लगे कैम्प को भी देखा गया। सुभाषनगर में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत उज्जवला योजना से लाभान्वित 02 लाभार्थियों को गैस चूला वितरित किये गए। कार्यक्रम के समापन के समय अपर नगर आयुक्त एस0के0 सिंह द्वारा उपस्थित सभी को हमारा संकल्प विकसित भारत की शपथ दिलाई गई। आयोजित क्विज में पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर दिए जाने वाले विजेता अभय तिवारी को अपर नगर आयुक्त, वरिष्ठ भाजपा नेता राकेश मिश्र अनावा एवं क्षेत्रीय मा0 पाषर्द द्वारा टी शर्ट, कैलेंडर, उपहार एवं क्विज में प्रतिभाग करने वाले प्रतिभागियों को ऑनलाइन प्रमाण पत्र, कैलेंडर दिए तथा उत्साहवर्धन भी किया गया। इस अवसर पर मा0 पार्षद नवनीत, मा0 पार्षद पति नरेश मौर्य, अपर नगर आयुक्त एस0के0 सिंह, उप नगर आयुक्त रश्मि भारती, अधिशासी अभियंता सिविल आशीष त्रिवेदी एवं अन्य अधिकारी कर्मचारीगण तथा जन-प्रतिनिधि व सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

मिश्रित कक्षाओं पर डीएम खफा

संवाददाता। शाहजहांपुर

जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह ने परिषदीय प्राथमिक विद्यालय बाड़ूजई द्वितीय तथा माहमंद जलाल नगर का औचक निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने विद्यालय में चल रही मिश्रित कक्षाओं पर नाराजगी व्यक्त की। प्राथमिक विद्यालय महमंद जलाल नगर की प्रधानाध्यापिका सुम्बुल खान ने बताया कि यह मिश्रित कक्षाएं अध्यापकों की अनुपलब्धता की वजह से चलाई जा रही है। प्रधानाध्यापिका ने कक्षाओं के सुचारू रूप से संचालन हेतु कमरों की अनुपलब्धता से भी जिलाधिकारी को अवगत कराया, इस पर जिलाधिकारी ने कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी फंड के द्वारा भवन निर्माण हेतु निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने विद्यालय में पढ़ रहे बच्चों के शैक्षिक स्तर को जाचने हेतु उनसे प्रश्न भी पूछे। बच्चों ने पूरे आत्मविश्वास के साथ प्रश्नों के उत्तर दिए। जिलाधिकारी महोदय ने बच्चों से मिड डे मील, फल तथा दुग्ध वितरण के विषय में भी पूछा। डीएम ने शिक्षक उपस्थिति पंजिका का भी निरीक्षण किया। उन्होंने प्रधानाध्यापिका को छात्र उपस्थिति बढ़ाने हेतु निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने विद्यालय भवन के ऊपर हुए भवन निर्माण की जांच विनियमित क्षेत्र को सौंपने हेतु निर्देशित किया। विद्यालय परिसर में साफ सफाई रखने हेतु जिलाधिकारी ने प्रधानाध्यापिका को निर्देशित किया।

सरकारी स्कूलों में बच्चों की पिटाई का मामला

शाहजहांपुर। किला स्थित कम्पोजिट विद्यालय का है जहाँ दोपहर के समय बच्चे स्कूल में खेल रहे कि खेलते समय गेंद एक अध्यापिका के जा लगी।अध्यापिका इतनी गुस्से में आ गयी कि उसने करीब आधा दर्जन छात्रों को डंडे से जमकर पीटा। अभिभावक स्कूल पहुँचे तो अध्यापिका ने उनके सामने भी छात्रों को जमकर पीटा।यह देख अभिभावक आग बबूला हो गए और देखते ही देखते भीड़ जमा हो गयी।।सूचना पाकर थाना पुलिस से लेकर बेसिक शिक्षा अधिकारी रणवीर सिंह मौके पर पहुँचे।जहाँ स्कूल में आरोपी अध्यापिका को पुलिस अपनी हिरासत में लेकर थाने ले गयी।

जनपद स्तरीय खेल प्रतियोगिता में कंपोजिट विद्यालय दुलही ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

संवाददाता। लखीमपुर खीरी

जनपद स्तरीय क्रीड़ा एवम सांस्कृतिक प्रतियोगिता में कंपोजिट विद्यालय दुलही के बच्चों ने रमियाबेहड की तरफ से प्रतिभाग करते हुए बहुत अच्छे तरीके से लगातार अपनी उपस्थिति साबित की और सिद्ध किया कि विद्यालय हर क्षेत्र में समग्र उन्नत कर रहा है। बच्चों द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं में बहुत अच्छा प्रदर्शन किया। इन प्रतिभागियों में ब्लॉक स्तर से चयनित उत्कृष्ट प्रतिभागियों द्वारा प्रतिभाग किया गया । इस प्रतियोगिता के प्राथमिक स्तर में 200 मीटर दौड़ में अनामिका ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर सिल्वर मेडल जीता। जूनियर वर्ग लोकगीत व लोक नृत्य में विकास क्षेत्र की तरफ से प्रथम बार प्रतिभाग करते हुए कांस्य पदक प्राप्त किया। उच्च प्राथमिक विद्यालय दरेरी के छात्राओं ने अंताक्षरी प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्तकर किया। उच्च प्राथमिक विद्यालय मल्लबेहड की छात्रा नीतू ने 100 मीटर दौड़ में तृतीय स्थान प्राप्त किया।यह प्रतियोगिताएं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रवीण कुमार तिवारी के संयोजन में आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता का उद्घाटन सदर विधायक माननीय योगेश वर्मा जी द्वारा तथा समापन माननीय गृह राज्य मंत्री एवं खीरी सांसद अजय मिश्र टैनी जी के द्वारा किया गया। इस अवसर पर उच्च प्राथमिक विद्यालय दुलही के बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए गए मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों से सभी उपस्थित विशिष्टजन, माननीय विधायक श्रीनगर मंजू त्यागी जी, सांसद प्रतिनिधि संजय सिंह जीतू त्रिपाठी, आज के साथ-साथ, जिला क्रीड़ा अधिकारी, वित्त एवं लेखाधिकारी,खंड शिक्षा अधिकारीगण हृदय शंकर लाल श्रीवास्तव , देवेश राय, राकेश कुमार, गंगा प्रसाद गौतम, सुभाष वर्मा आदि, जिला समन्वयकगण, उच्च प्राथमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारी, प्राथमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारी, राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के पदाधिकारी ,और अटेवा के पदाधिकारीगण, महिला शिक्षक संघ के पदाधिकारी, शिक्षामित्र संघ, और अनुदेशक संघ के अलावा भारी संख्या में शिक्षक , उपस्थित रहकर उनकी प्रतिभागिता के लिए प्रोत्साहित किया। माननीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा ने कहा विभिन्न कौशलों के विकास हेतु इस प्रकार की प्रतियोगिताएं महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभा रही हैं। सरकार के द्वारा खेलों को बढ़ावा देने हेतु लगातार प्रयास किया जा रहा है उसका परिणाम भी दिखने लगा है।दुलही के बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम से प्रसन्न हो जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रवीण तिवारी जी के द्वारा छात्राओं को ? एक हजार का नगद पुरस्कार भी दिया गया। इन कार्यक्रमों में ब्लॉक पलिया , ओवरऑल चैंपियन रहा, द्वितीय स्थान पर लखीमपुर और तृतीय स्थान पर मितौली रहा।

एक दिवसीय रोजगार मेला 13 दिसंबर को

संवाददाता। लखीमपुर खीरी।

जिला सेवायोजन कार्यालय/मॉडल कॅरियर सेन्टर राजापुर द्वारा शासन के निर्देश पर 13 दिसंबर को जिला सेवायोजन कार्यालय, राजापुर में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। मेले में निजी क्षेत्र की कई कम्पनियाँ प्रतिभाग कर रही हैं।

उक्त रोजगार मेले में सभी शैक्षिक योग्यता अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकते है। निजी क्षेत्र की कम्पनियों का विवरण सेवायोजन एवं एनसीएस पोर्टल पर उपलब्ध है, आप सेवायोजन पोर्टल (sewayojan.up.nic.in) पर अपनी योग्यता अनुसार ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

प्रभारी जिला रोजगार सहायता अधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि मेले में प्रतिभाग करने के इच्छुक अभ्यर्थी उक्त तिथि को अपने बॉयोडाटा के साथ जिला सेवायोजन कार्यालय, राजापुर, ल0खीरी में प्रात: 10ः30 बजे प्रतिभाग कर सकते हैं। उक्त रोजगार मेले में कम्पनियों द्वारा अभ्यर्थियों की चयन प्रक्रिया नि:शुल्क रहेगी।

मानसी गुप्ता का मोहम्मदी महाविद्यालय में हुआ सम्मान समारोह

● उपजिलाधिकारी ने सम्मान पत्र मेडल और स्मृति चिन्ह देकर किया सम्मानित

● गोल्ड मेडल प्राप्त मानसी गुप्ता ने शिक्षकों और माता-पिता को किया समर्पित

संवाददाता। मोहम्मदी खीरी

महामहिम राज्यपाल से गोल्ड मेडल प्राप्त करने वाली मानसी गुप्ता और शिक्षक सम्मान समारोह मोहम्मदी महाविद्यालय में संपन्न हुआ जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में उप जिलाधिकारी डॉक्टर अवनीश कुमार रहे, विद्यालय के अध्यापकों ने मुख्य अतिथि सहित विद्यालय प्रबंध समिति का बैच लगाकर सम्मान किया उसके उपरांत विद्यालय की बालिकाओं ने सरस्वती वंदना की, लखनऊ विश्वविद्यालय की ब्रांच मोहम्मदी महाविद्यालय की बालिका मानसी गुप्ता ने एम ए अंग्रेजी में 77.70 अंक पाकर पूरे लखनऊ मंडल के विश्वविद्यालय में टॉप किया जिसमें महामहिम राज्यपाल ने मानसी गुप्ता को गोल्ड मेडल देकर सम्मानित किया, इसी क्रम में उप जिला अधिकारी और विद्यालय प्रबंध समिति ने मानसी गुप्ता को प्रशस्ति पत्र, मेडल , सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया सम्मान से अभिभूत मानसी गुप्ता ने सम्मान पाकर कहा कि विद्यालय के शिक्षक और माता-पिता के आशीर्वाद के कारण यह मुकाम हासिल किया, वहीं उप जिला अधिकारी डॉक्टर अवनीश कुमार ने कहा शिक्षा एक अमूल्य धरोहर है और यह हर ताले की चाबी है उन्होंने कहा बच्ची ने मोहम्मदी ही नहीं पूरे जनपद को गौरवान्वित किया है, मेरी शुभकामनाएं, सम्मान समारोह में विद्यालय के प्रधानाचार्य बीके पांडे, सचिन मल्होत्रा, कृष्ण मोहन शुक्ला, युवा प्रेस क्लब के अध्यक्ष मोहम्मद अब्बास नकवी, जिला सचालक अमित भसीन,विनोद श्रीवास्तव ,दिलीप श्रीवास्तव, डॉ सुभाष गुप्ता ने भी सभा को संबोधित किया, कार्यक्रम का संचालन अध्यापक चमन सक्सेना ने किया ,कार्यक्रम में सभी विद्यालयों के अध्यापकों को भी सम्मानित किया गया,

आठ मस्जिदों से लाउडस्पीकर उतरवाए नौ लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की गई

संवाददाता। बरेली

● अभियान के दौरान फरीदपुर में मो भूरे खां गौटिया और नूरी मस्जिद पर बिना अनुमति तेज आवाज में लाउडस्पीकर बजते पाए गए

धार्मिक और सार्वजनिक स्थानों पर बिना अनुमति तेज आवाज में लाउडस्पीकर बजाने वालों के विरुद्ध आज अभियाल चलाया गया इस दौरान फरीदपुर, आंवला, शेरगढ़, मीरगंज, बहेड़ी और नवाबगंज में 12 लाउडस्पीकर मस्जिदों से उतरवाए गएऔर मौलाना समेत नौ लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की गई। अभियान के दौरान फरीदपुर में मो भूरे खां गौटिया और नूरी मस्जिद पर बिना अनुमति तेज आवाज में लाउडस्पीकर बजते पाए गए जिसे ताहिर, मंजूर अली और मुतावल्ली गुलशेर बजा रहे थे पुलिस ने चारों लाउडस्पीकरों को उतरवाकर कब्जे में लिया और मुकदमा दर्ज किया वही आंवला में मोहल्ला नालापार कस्बा और मस्जिद से पुलिस ने दो लाउडस्पीकर कब्जे में लेकर मौलाना रजा हुसैन और असगर खां के विरुद्ध कार्रवाई की शेरगढ़ के ग्राम इस्लामनगर स्थित जामा मस्जिद पर इमाम मुब्बसिर बिना अनुमति के तेज आवाज में तीन लाउडस्पीकर बजा रहे थे पुलिस ने इसे कब्जे में लेकर उनके विरुद्ध कार्रवाई की इसके अलावा मीरगंज में कस्बा व अंडरपास के पास स्थित कपूर ताल वाली मस्जिद पर मौलाना साबिर हुसैन तेज आवाज में लाउडस्पीकर बजाते मिले पुलिस ने कब्जे में लेकर कार्रवाई की बहेड़ी में मो शाहजी नगर मियां वाली मस्जिद पर मो अय्यूब मस्जिद पर बिना अनुमति के लाउडस्पीकर तेज आवाज में बजा रहे थे उनके खिलाफ भी पुलिस ने कार्रवाई की उधर, नवाबगंज के ग्राम गरगईया में छोटी मस्जिद के मौलाना गुलाम साबिर लाउडस्पीकर तेज आवाज में बजा रहे थे पुलिस ने कब्जे में लेकर मुकदमा दर्ज किया

जिला जेल में सजा काट रहे कैदी की मौत

बरेली। सड़क दुर्घटना में गिरफ्तार कैदी की जिला जेल में हालत बिगड़ने पर इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया जहां पहुंचते ही डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।फतेहगंज पूर्वी थाना क्षेत्र के गांव बिलपुर निवासी 40 वर्षीय अर्जुन पुत्र रामचंद्र को किला जेल से जिला अस्पताल पहुंचते ही डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया अस्पताल में मौजूद मृतक की मां सुदामा देवी ने बताया कि अर्जुन चौत गोटिया निवासी एक पुलिस कर्मचारियों का ट्रक चलाता था सन 2019 मे भूता में ट्रक से एक दुर्घटना हो गई इसके बाद अर्जुन ट्रक छोड़कर फरार हो गया ट्रक के मालिक ने उसे समझौता करने के नाम पर अपने पास बुलाया और पुलिस के हवाले कर दिया पुलिस में उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया लगभग 1 साल बाद ट्रक के मालिक ने ट्रक को छुड़ा लिया लेकिन अर्जुन जेल में ही बंद था जहां से सुदामा देवी को फोन आया कि अर्जुन की तबीयत बिगड़ गई है।

अधिकारियों की अनदेखी से खनन माफियाओं के हौसले बुलंद

संवाददाता। संडीला(हरदोई)

● पचासों बीघा पशुचर जमीन खोद बनाए विशालकाय गड्ढे

क्षेत्र में तेजी से पनपे मिट्टी माफियाओं ने कोतवाली संडीला के अंतर्गत ग्राम आलमपरु, सेमराखेड़ा तथा पंजाबीखेड़ा में जमकर कहर ढाया है और अब तक पशुचर भूमि से सैकड़ों ट्रॉली मिट्टी यह खोद ले गए हैं। जिसके कारण सारे क्षेत्र में बड़े बड़े गड्ढे बन गए हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली संडीला के अंतर्गत ग्राम सभा आलमपुर क्षेत्र में पशुचर भूमि से प्रभावशाली खनन माफियाओं ने सैकड़ों ट्रॉली मिट्टी का खनन कर डाला। संबंधित क्षेत्र में जाने पर पचासों विशालकाय गड्ढे दिखाई पड़ते हैं जो हाल के समय में हुए अवैध खनन के स्पष्ट प्रमाएण हैं। यही नहीं इन खनन माफियाओं ने ग्राम सेमरा खेड़ा और पंजाबीखेड़ा में भी जमकर अवैध खनन किया है। सूत्रों का कथन है कि खनन माफियाओं का कार्य देर रात शुरू होता है। यह लोग जेसीबी और कई बार पॉकलैंड मशीन तक लेकर पहुंचते हैं और मिट्टी की जबरदस्त खुदाई शुरू हो जाती है। खनन माफियाओं के पास दर्जनों ट्रैक्टर ट्रॉलियां हैं जो मिट्टी की धुलाई का कार्य शुरू करती हैं। खनन माफिया द्वारा नगर के नवीन और निचले क्षेत्रों में प्रभावशाली लोगों द्वारा की जा रही सरकारी मानकों के विपरीत प्लॉटिंग की जमीनों को मिट्टी से भरने के लिए लाखों रुपए में मिट्टी भरने का ठेका लिया जाता है। आश्चर्य का विषय है कि हलका क्षेत्र में तैनात पुलिसकर्मियों को यह अवैध खनन कभी दिखाई नहीं पड़ता और न ही आज तक इस क्षेत्र में राजस्व विभाग अथवा खनन विभाग द्वारा कोई कार्रवाई की गयी है।

मिट्टी का अवैध खनन करने वाले लोगों को प्रभावशाली तथा सत्तारूढ़ नेताओं का प्रश्रय प्राप्त होना बताया जाता है। हालांकि क्षेत्रीय विधायक द्वारा प्रारंभ में इन माफियाओं के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की बात कही गयी थी लेकिन बाद में यह माफिया बेफिक्र होकर पुन: अपनी गतिविधियां को अंजाम देने में लग गए। खनन माफियाओं की अधिकारियों के ड्राइवरों से बेंहतरीन सेटिग है।

यदि शिकायत मिलने पर कोई अधिकारी मामले की जांच के लिए निकलता भी है तो उनके चालक महोदय पहले ही माफिया के लोगों को बता देते हैं कि साहब आ रहे हैं और जब तक अधिकारी पहुंचते हैं तब तक माफिया जेसीबी और ट्रैक्टर ट्रॉली लेकर दाएं बाएं हो जाते हैं। इस अवैध खनन के कारण पशुचर भूमि का अधिकांश भाग पशुओं के लिए निषप्रयोज्य हो गया है। साथ ही साथ पशुचर भूमि के बड़े हिस्से पर लोगों ने कब्ज़ा करके खेत भी बना लिए हैं। इसका दुषपरिणाम यह है कि पशु चारे के लिए या तो मारे मोर घूमते हैं और या दूसरों के खेतों में जाकर फसलें खराब करते हैं जिससे लोगों में आक्रोश उत्पन्न होना स्भाविक ही है।

क्विक न्यूज

ट्रैक्टर ट्रॉली को ट्रक ने मारी टक्कर, चालक की मौत, दो घायल

संडीला(हरदोई)। विवाह समारोह के लिए टेन्ट का सामान लादकर जा रही एक ट्रैक्टर ट्रॉली को ट्रक ने टक्कर मार दी जिससे ट्रैक्टर चालक समेत तीनों लोग बुरी तरह घायल हो गए। बाद में चालक की मौत हो गयी। बताया जाता है कि थाना बेनीगंज के अंतर्गत ग्राम हूसेपुर निवासी चन्द्रशेखर बेनीगंज से एक टेन्ट हाउस का सामान लादकर ग्राम बरगदिया जा रहा था। ट्रैक्टर चन्द्रशेखर ही चला रहा था जबकि उसका साथी सुमित कुमार और चचेरा भाई मुलायम ट्रैक्टर ट्रॉली पर बैठे थे। जब सीतापुर रोड पर ट्रैक्टर ट्रॉली ग्राम शिवलाल पुरवा के पास पहुंची तो सामने से आ रहे ट्रक ने इस ट्रैक्टर ट्रॉली को टक्कर मार दी जिससे ट्रैक्टर चालक चन्द्रशेखर तथा सुमित और मुलायम तीनों घायल हो गए। तीनों को अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टर ने चन्द्रशेखर को मृत घोषित कर दिया। हादसे में घायल सुमित कुमार की दशा चिंताजनक होने पर उसे ट्रॉमा सेंटर भेजा गया जबकि मुलायम का इलाज स्थानीय स्तर पर ही किया जा रहा है। इस हादसे की सूचना मिलते ही चन्द्रशेखर के घर में कोहराम मच गया। मृतक चन्द्रशेखर अपने दो भाईयों में सबसे छोटा था।

काम की तलाश में घर से निकले युवक की लाश मिली

बरेली । रविवार की दोपहर घर से काम की तलाश में निकले एक कारपेंटर युवक की लाश घर से दूर पाई गई पुलिस ने लाश को अज्ञात के रूप में जिला अस्पताल भेजा जहां घर वालों ने उसकी पहचान कर ली पुलिस ने उसको पोस्टमार्टम के लिए भेजा और जांच शुरू कर दी ।बारादरी थाना क्षेत्र के मोहल्ला जोगी नवादा स्थित जोशी टोला निवासी 32 वर्षीय सुनील गिरी गोस्वामी पुत्र मनु गिरी गोस्वामी की लाश आज सुबह बिथरी चौनपुर थाना क्षेत्र में बिचपुरी पुल के पास पाई गई जिला अस्पताल में मौजूद मृतक के छोटे भाई जितेंद्र उर्फछोटू ने बताया कि सुनील गिरी कारपेंटर का काम करता था और रविवार की सुबह काम की तलाश में घर से बाहर गया था लेकिन वह शाम तक घर वापस नहीं लौटा तो उसका इंतजार करने के बाद वह तलाश में भी जुट गया लेकिन देर रात तक उसका कुछ पता नहीं चला आज सुबह लोगों ने उसकी लाश को बिचपुरी गांव में पुल के पास देखा और घटना की जानकारी पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने पहचान न होने पर लाश को अज्ञात के रूप में जिला अस्पताल भेजा जहां आज सुबह पहुंचे घर वालों ने लाश की पहचान कर ली।

आरडीएसएस योजना के कार्यों के संपादन के लिए रहेगा शटडाउन, घोषित क्षेत्र में बाधित रहेगी विद्युत आपूर्ति

लखीमपुर खीरी। अधिशासी अभियंता (विद्युत) शैलेंद्र कुमार ने समस्त सम्मानित विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित करते हुए बताया कि विद्युत वितरण खंड प्रथम लखीमपुर के तहत आरडीएसएस योजना के कार्यों के संपादन के लिए विभिन्न घोषित क्षेत्र में 12 से 14 दिसंबर तक सुबह 11 बजे से शाम 05 बजे तक शटडाउन प्रस्तावित है। जिसके कारण विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने बताया कि 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र गढ़ी रोड एवं नई बस्ती के अंतर्गत 12 दिसंबर को निर्मल नगर (अंदर) व महाराज नगर (बगिया के पास), 13 दिसंबर को बेरी के पास आवास विकास, दुर्गापुरवा, सरदार नगर सैधरी और 14 दिसंबर को कांति विसेन बाग से सब्जी मंडी तक, सरदारनगर सैधरी, वीमार्ट के पास सुबह 11 बजे से शाम 05 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

17 दिसंबर को होगा पेंशनर दिवस

लखीमपुर खीरी। शासन के निर्देश पर पेंशन संबंधी समस्याओं के निस्तारण को हर वर्ष की तरह 17 दिसंबर को पेंशनर दिवस मनाया जाएगा। इसमें सभी विभागाध्यक्षों के साथ पेंशनर संगठनों के पदाधिकारी भी मौजूद रहेंगे। वरिष्ठ कोषाधिकारी अमित कुमार राय ने बताया कि पेंशनर दिवस के उपलक्ष्य में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता में 17 दिसम्बर दिन रविवार को प्रातः 11-30 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में फ्रपेंशनर दिवस फ्रका आयोजन होगा। कार्यक्रम में पेंशनरों एवं पेंशनर्स संगठन के पदाधिकारियों को पेंशन से सम्बन्धित अपनी-2 समस्याओं को रखने एवं सुझाव देने का अवसर दिया जायेगा, जिनका निराकरण/समाधान सम्बन्धित विभाग के कार्यालयाध्यक्षों द्वारा किया जायेगा। उन्होंने बताया कि पेंशनर्स की समस्याओं के निराकरण के लिए शासन ने पेंशनर दिवस मनाने के निर्देश दिए हैं। पेंशनर दिवस पर पेंशनर संगठनों के पदाधिकारी पेंशन संबंधी समस्याएं और पेंशन सुविधाओं को और बेहतर बनाने के लिए सुझाव देंगे।

विपणन विकास सहायता योजना - जागरूकता कार्यक्रम 14 को

लखीमपुर खीरी। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी डीके श्रीवास्तव ने बताया कि विपणन विकास सहायता योजना (एस0सी0एस0पी0) के तहत एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम 14 दिसंबर दिन बृहस्पतिवार को ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) भंसरिया कासिंग में 11.30 बजे आयोजित होगा। जनपद के विभिन्न विकासखण्डों के क्षेत्रों के बेरोजगार नवयुवकों-नवयुवतियों- पॉलीटेक्निक- आईटीआई से प्रशिक्षित/परम्परागत कारीगरों/उद्यम स्थापना में रूचि रखने वाले क्रियाशील व्यक्तियों को उक्त कार्यक्रम में आमंत्रित किया है।

भाकियू ने विभिन्न मांगों को लेकर किया प्रदर्शन

● कलेक्ट्रेट पहुंचकर डीएम और महामहिम राष्ट्रपति संबोधित ज्ञापन दिया है

संवाददाता। बरेली

भारतीय किसान यूनियन के बरेली जिलाध्यक्ष ने राष्ट्रपति को संबोधित जिला अधिकारी कार्यालय पर एसडीएम को ज्ञापन सोंपा , ज्ञापन के माध्यम से मांग की है कि प्रधानमंत्री की घोषणा के मुताबिक एमएसपी लागू करने को लेकर कमेटी के गठन की बात कही थी और कहा था कि किसान संयुक्त मोर्चा के प्रतिनिधियों को उसमे सामिल किया जाएगा जो नहीं हुआ।किसान आंदोलन के दौरान दर्ज मुकदमे को तत्काल प्रभाव से वापस लेने की बात को कहा गया था मुकदमे वापस लेने की सहमति उत्तर प्रदेश , उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश ,मध्य प्रदेश और हरियाणा सरकार को प्रदान की गई थी। अभी तक मुकदमे वापस नहीं हुए।शिक्षण संस्थानो में शिक्षक प्रणाली निशुल्क करने, इलाज की व्यवस्था निशुल्क कराने, छुट्टा आवारा पशुओं से किसानों को निजात दिलाने, किसान फसल बीमा में किसानों को अभिलंब भुगतान कराने, खाद की किल्लत से निजात दिलाने, किसानों को बिजली निशुल्क करने, किसानों को रोजगार देने, गांव की सड़कों की स्थिति ठीक करने उसे ठीक कराये , खतौनी में हो रही गलत हिस्सेदारी को टीक कराने , इफ्को प्रशासन को नियमित रूप से रोजगार प्रदान करना इत्यादि मांगो को लेकर माहमहिमा राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिला अधिकारी कार्यालय पहुंच कर दिया।जिलाधिकारी को संबोधित दिए गए अतिरिक्त ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई है कि कई बार समझौता होने के बाद भी भूदाताओ को उनका हक नहीं मिला उनका उनका हक दिलाने की मांग की है। ज्ञापन देने बालो में गजेंद्र सिंह यादव , पंकज शर्मा , चौधरी हरवीर सिंह , चौधरी शिशुपाल सिंह , ओमकार सक्सेना , महाराज सिंह , एडवोकेट मोहम्मद इकबाल आदि किसान मौजूद रहे।

धार्मिक स्थलों से उतरवाए गए लाउडस्पीकर व सिस्टम, दी चेतावनी

बरेली। फतेहगंज पश्चिमी सरकार की तरफ से एक बार धर्मिक स्थलों व अन्य स्थानों पर अवैध रुप से लगाए गए लाउडस्पीकरों को हटवाने को निर्देश जारी किया गया है ।सोमवार सुबह सीओ मीरगंज दीपशिखा सिंह की देखरेख में पुलिस द्वारा अभियान चलाया गया ।शासन के निर्देश पर कस्बे में सोमवार को धार्मिक व सार्वजनिक स्थलों पर अवैध रूप से लगे लाउडस्पीकर हटाने का अभियान चलाया गया। पुलिस की टीमें गांव-गांव गईं। जहां-जहां निर्धारित मानक से अधिक ध्वनि पाई गई वहां से लाउडस्पीकर और साउंड सिस्टम हटवा दिए गए। कुछ मामलों में रिपोर्ट भी दर्ज की गई है। सोमवार सुबह करीब पांच बजे से पुलिस टीमों ने अभियान चलाकर धार्मिक और सार्वजनिक स्थलों पर लगे लाउडस्पीकर और साउंड सिस्टम की ध्वनि को चेक किया। मानक से अधिक ध्वनि पाए जाने पर लाउडस्पीकरों को उतरवा दिया। थाना क्षेत्र के गांव इस्लामनगर,रसूला में धार्मिक स्थलों पर लगे लाउडस्पीकर को पुलिस ने उतरवा दिया। मानक से अधिक ध्वनि पाए जाने पर चेतावनी भी दी गई।

कार्यवाहक थाना प्रभारी ब्रहमपाल सिंह ने बताया कि शासन के निर्देश पर कस्बा व गांवो में जहां निर्धारित मानक से अधिक ध्वनि पाई गई उन धार्मिक स्थलों से लाउडस्पीकर व सिस्टम हटवा दिए गए।

प्रांतीय रक्षक दल का 75 वॉ स्थापना दिवस मनाया

बरेली। कल जनपद बरेली में मनाया गया प्रान्तीय रक्षक दल का 75 वा स्थापना दिवस। किन्तु अधिकारियों ने नहीं ली रुचि। जानकारी के अनुसार पीआरडी जवान ने बताया हर वर

हिन्दूवादी संगठनों ने लगाया नगर में गौमांस बिक्री का आरोप, सौंपा ज्ञापन

● मौन जुलूस निकाल मांस की दुकानों के सामने धरना देने की कही बात

संवाददाता। जालौन, उरई

नगर में गोमांस और गोमांस से बने खाद्य पदार्थों की बिक्री होने का आरोप लगाते हुए हिंदू संगठनों ने एसडीएम को ज्ञापन दिया। नगर में वधशाला न होने के बावजूद होटलों पर बड़े मांस की बिक्री होने का विरोध करते हुए उन्होंने मांस की दुकानों को बंद कराने की मांग की। एक सप्ताह में कार्यवाही न होने पर मौन जुलूस निकालकर मांस की दुकानों के सामने धरना देने की भी बात कही।

हिंदू युवा वाहिनी के निवर्तमान जिलाध्यक्ष राजासिंह सेंगर गधेला, गौसंदा संरक्षण शोध संस्थान के संस्थापक अनिल शिवहरे, गोरक्षा अभियान महिला इकाई की अध्यक्ष मधु पांडेय आदि ने नगर में गोमांस व गोमांस से बने खाद्य पदार्थों की बिक्री होने का आरोप लगाते हुए एसडीएम सुरेश कुमार को ज्ञापन दिया। जिसमें उन्होंने बताया कि नगर में एक भी पशुवधशाला नहीं है और न ही कोई लाइसेंस धारक है। इसके बाद भी बड़े पशुओं के मांस की लगातार बिक्री हो रही है। आरोप लगाया कि इन दुकानों पर गोमांस के साथ ही गोमांस से बने खाद्य पदार्थों की बिक्री हो रही है। जिससे हिंदू समाज के लोगों में रोष पनप रहा है।

इस संदर्भ में पूर्व तत्कालीन एसडीएम सना अख्तर ने टीम बनाकर चेकिंग कराई थी। लेकिन टीम ने होटलों में मिले मांस को बिना किसी लैब में भेजे ही चिकिन और मटन बता दिया। कहा कि नगर में लगभग 20 होटलों पर बिक रहे बड़े मांस एवं मांस से बने अन्य खाद्य पदार्थों की बिक्री बंद कराई जाए। यदि एक सप्ताह में इन होटलों को बंद नहीं किया गया तो हिंदू समाज के लोग एक सप्ताह के बाद द्वारिकाधीश मंदिर से जामा मस्मिद होते हुए तकिया मैदान तक मौन जुलूस निकालेंगे।

शिवकुमार इंटर कॉलेज मऊ में भव्य वार्षिकोत्सव का आयोजन

चित्रकूट। पंडित शिवकुमार इंटर कॉलेज मऊ में सोमवार को भव्य वार्षिकोत्सव का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक अविनाश चंद्र द्विवेदी एवं उप जिलाधिकारी राकेश कुमार पाठक ने सरस्वती पूजन करके किया। विद्यालय के बच्चों द्वारा भव्य और रोचक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम के माध्यम से शिक्षा, शराब ,शोषण, भ्रष्टाचार, एकता, देशभक्ति,व मनोरंजन आदि से संबंधित कार्यक्रम प्रस्तुत किये।

जिससे बच्चों को प्रोत्साहन के लिए उनको पुरस्कार भी विद्यालय संचालन समिति के पदाधिकारियों एवं अन्य प्रभावशाली व्यक्तियों द्वारा वितरित किए गए। पंडित शिवकुमार इंटर कॉलेज मऊ के वार्षिक उत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में मऊ-मानिकपुर विधायक अविनाश चंद्र द्विवेदी पधारे और बच्चों को प्रोत्साहित भी किया।

विशिष्ट अतिथि में उप जिलाधिकारी राकेश कुमार पाठक एवं जिला विद्यालय निरीक्षक संतोष कुमार मिश्र कार्यक्रम में उपस्थित हुए।विद्यालय परिसर में रंगारंग कार्यक्रम अविरल चार बजे तक चलता रहा।

पांच सूत्रीय मांगों को लेकर सिंचाई संघ का धरना

● एसडीएम को सौंपा मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन

संवाददाता। फतेहपुर

सिंचाई संघ ने पांच सूत्रीय मांगों को लेकर नहर कालोनी प्रांगण में धरना दिया। वक्ताओं ने सरकार से मांगों को पूरा किए जाने की आवाज उठाई। तत्पश्चात मुख्यमंत्री व सिंचाई मंत्री को संबोधित मांगों का ज्ञापन उप जिलाधिकारी को सौंपा। सोमवार को सिंचाई संघ ने राजस्व कर्मचारियों (सींच पर्यवेक्षक व सींचपाल) की मांगों को लेकर धरना दिया। धरने की अध्यक्षता नहर प्रखंड अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह गौर ने की।

तत्पश्चात मुख्यमंत्री को भेजे गये ज्ञापन में मांग की गई कि एक अप्रैल दो हज़ार पांच से नियुक्त संघ के सदस्यों को पुरानी पेंशन से आच्छादित किया जाये, एक अप्रैल दो हज़ार पांच के पूर्व सेवा में आये और बाद में विनियमित हुए अंशकालीन नलकूप चालकों, सींचपालों की विनियमितीकरण के पूर्व की सेवा पेंशनरी बेनीफिट हेतु अर्हकारी मानते हुए पुरानी पेंशन का लाभ दिया जाये। बिना पेंशन के सेवानिवृत्त हो गये ऐसे कर्मचारियों के मृतक आश्रित को मिलने वाली न्यूनतम पेंशन के सामान पुरानी पेंशन दिलाया जाये, संघ के सदस्यों सींचपाल, नलकूप चालकों, सींच पर्यवेक्षकों की सेवा नियमावली को शीघ्र प्रख्यापित कराया जाये। सिंचाई अंकन के उपरान्त खसरे के नकल के रूप में बनाई जाने वाली जमाबंदियों को बंद किया जाये। सींचपाल के रिक्त पदों पर नियुक्ति शीघ्र की जाये। व सींचपालों का न्यूनतम ग्रेड पे अट्ठाईस सौ व सींच पर्यवेक्षक का न्यूनतम ग्रेड पे बयालीस सौ किया जाये।

किसान नेता की गिरफ्तारी पर भड़का एसकेएम

फतेहपुर। किसान नेता युद्धवीर सिंह को अवैध हिरासत में लिये जाने के साथ ही यात्रा प्रतिबंध के अलावा एसकेएम के साथ हुए लिखित आश्वासन के उल्लंघन पर संगठन ने नाराजगी का इजहार किया। कलेक्ट्रेट पहुंचकर राष्ट्रपति को संबोधित एक ज्ञापन डीएम को सौंपकर प्रतिशोध की कार्रवाई से दूर रहने व आश्वासन पर अडिग रहने के लिए केंद्र सरकार को निर्देशित किए जाने की मांग की। सोमवार को संयुक्त किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अनुज सिंह की अगुवाई में पदाधिकारी कलेक्ट्रेट पहुंचे।

खंड शिक्षाधिकारी डकोर ने योगा एथलीट्स को किया सम्मानित

उरई, जालौन। योग और योगासना के क्षेत्र मे उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले ब्लॉक डकोर के छात्र छात्राओं को ब्लॉक संसाधन केंद्र मड़ोरा में बीईओ डकोर ज्ञान प्रकाश अवस्थी द्वारा सम्मानित किया।

महिला शिक्षक जालौन की वरिष्ठ उपाध्यक्ष वंदना श्रीवास्तव ने अपनी माता जी स्व.पुष्पा श्रीवास्तव की पुण्य स्मृति में 10 दिसंबर 2023 से इस पुरुस्कार की घोषणा की। उन्होंने बताया की अब से हर वर्ष 10 दिसंबर को योग एवं योगासना मे मंडल एवं प्रदेश के लिए चयनित योगा एथलेट्स को ये पुरुस्कार दिया जायेगा। इस वर्ष 7 बच्चों को ये पुरुस्कार दिया गया। जिसमें उन्हें एक सोलर लाइट एवं मोमेंटो प्रदान किया गया। डकोर ब्लॉक के यूपीएस अटरिया की छात्र मुस्कान ने इस वर्ष की उत्तर प्रदेश योगासना स्पोर्ट एसोसिएशन मे उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। यूपीएस अटरिया के गुड़िया, प्राची, प्रीती, अंजलि एवं आयुष प्रजापति ने योग प्रतियोगिता मे द्वितीय स्थान पाकर मंडलीय बाल क्रीड़ा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।इस अवसर पर महिला शिक्षक संघ की जिलाध्यक्ष सुश्री व्यंजना सिंह एवं डकोर ब्लॉक अध्यक्ष अरुणा सक्सेना ने बच्चों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया। एवं उत्तर प्रदेश योगासना स्पोर्ट चौंपियनशिप 2023 की गोल्ड मैडलिस्ट गौरी नायक को भी सम्मानित किया गया।

गैर इरादतन हत्या मामले में पुलिस ने पांच को दबोचा

चित्रकूट। चौकी प्रभारी सरैंया ने एक राय हो मारपीट कर गैर इरादतन हत्या के मामले के पांच नामजद आरोपियों को दबोचा है। ज्ञात है कि सात दिसम्बर को गढचपा मजरा डुडिया पुरवा के पहले पक्ष के ननकौवा पुत्र छितानी के भतीजे अमन (12) को दूसरे पक्ष के सुनील (12) पुत्र राम प्रसाद कोरी से विवाद हुआ था। दोनों पक्षों में लाठी-डंडे चलने से दोनों पक्षों को चोटें आई थी। पहले पक्ष के ननकौवा, संतलाल पुत्र छितानी व रज्जू पुत्र कुशल, श्रीमती सोनू पत्नी संगम कोरी को ज्यादा चोटें होने से जिला अस्पताल में भर्ती कराया। ननकौवा (45) पुत्र छितानी को जिला अस्पताल से बांदा रेफर किया था। इलाज दौरान ननकौवा की मृत्यु हो गई। मृतक के छोटे भाई संतलाल पुत्र छितानी ने मानिकपुर थाने में बलबा, मारपीट व गैर इरादतन हत्या का मामला राजकुमार समेत सात लोगों के खिलाफ दर्ज कराया था। चौकी प्रभारी सरैंया की टीम ने नामजद आरोपी राजकुमार, संतोष कुमार, ओमप्रकाश उर्फ राजा पुत्र चुनकाई, रामप्रसाद पुत्र वेजू, अनिल कुमार उर्फ सत्तू पुत्र रामप्रसाद कोरी निवासी डुडिया पुरवा को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से कुल्हाड़ी, डंडे व लाठी बरामद की। दो आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं। टीम में चौकी प्रभारी सरैंया यदुवीर सिंह, दीवान अवधेश कुमार व सिपाही रोहित सिंह यादव शामिल रहे।

विकसित भारत संकल्प यात्रा में सदर विधायक ने खनुवां में लगाई चौपाल

संवाददाता। जालौन, उरई

विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम खनुआं में केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी गई। विकासखंड के ग्राम पंचायत खनुवां में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत जन चौपाल का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि गौरीशंकर वर्मा ने ग्रामीणों को जनहित में चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी। एलईडी टीवी के माध्यम से भारत सरकार तथा प्रदेश सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यों की जानकारी दी गई।

बीडीओ प्रशांत कुमार ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना और उनके निस्तारण का आश्वासन दिया। सदर विधायक ने ग्रामीणों को शपथ दिलाई कि सभी मिलकर 2042 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाएंगे। वहीं इस अवसर पर कृषि विभाग द्वारा लोगों को उपज और फसल की पैदावार बढ़ाने के संबंध में जानकारी दी गई। वहीं, इस कार्यक्रम में कृषि विभाग, स्वास्थ विभाग, आंगनबाड़ी को छोड़कर अन्य किसी विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित न होने और न ही किसी विभाग का कोई स्टाल लगे होने से ग्रामीणों को इसका पूरा लाभ नहीं मिल सका। जिसकी चर्चा भी ग्रामीणों के बीच रही।

इस मौके पर प्रधान शिवकुमार, सचिव कुलदीप वर्मा मनोज बादल, संजीव तिवारी, ऋषि श्रीवास्तव, वैभव दुहौलिया, कुलदीप बुधौलिया यज्ञदीप, सुमित, नर्मदा गोस्वामी, रामसिया रजक, घनश्याम उदैनिया, मंयक पटेल, राशिद, राजकिशोर गोस्वामी, राधारमण द्विवेदी, कृष्णमुरारी दुबे, प्रधानाचार्य रामराजा निरंजन, अरविंद निरंजन, आंगनबाड़ी कार्यकत्री सर्वेश कुमारी, आराधना, संगीता गौर, मिथलेश, सुमन आदि मौजूद रहे।

क्विक न्यूज

नगर पालिका ने हटाईं अवैध होर्डिंग

मौदहा, हमीरपुर। नगर के सड़क किनारे अवैध रूप से लगाई गई होर्डिंग हटाने के लिए अभियान चलाकर नगर पालिका ने हटवा दिया। उच्च अधिकारियों के आदेश व नगर पालिका ने अपनी आय में इजाफा करने के लिये आज नगर में अवैध रूप से लगी सड़क किनारे लगी होर्डिंग हटाने के लिए नगर पालिका परिषद प्रशासन ने अपने कर्मचारियों की मदद से हटा कर उन्हें कब्जे में लिया गया है। साथ ही चेतावनी जारी कर दी है कि कोई भी अवैध रूप से होर्डिंग व बैनर नहीं लगायेगा। अधिशासी अधिकारी सुशील दोहरे ने बताया कि केवल निर्धारित जगहों पर ही होर्डिंग लगाया जा सकता है, मगर सर्वाधिक स्थानों पर किसी भी प्रकार की कोई भी होर्डिंग नही लगाई जा सकती है उसके लिए नगर पालिका प्रशासन से अनुमति लेना जरूरी है।

निदेशक ने किया इग्नू परीक्षा केंद्र का औचक निरीक्षण

पुखरायां, कानपुर, देहात। इग्नू क्षेत्रीय केंद्र लखनऊ की सहायक क्षेत्रीय निदेशक डॉ अनामिका सिंह ने सोमवार को कस्बा स्थित रामस्वरूप ग्राम उद्योग महाविद्यालय पुखरायां केंद्र का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंनें यहां पर संचालित सत्रांत परीक्षाओं का निरीक्षण किया। यहां पर व्यवस्थाएं चाक-चौबंद मिली। उन्होंने बताया कि इग्नू शिक्षा के उन्नयन के लिए अनेक् विश्वविद्यालय से ओएमयू साइन कर रहे हैं। बाजार मांग व विद्यार्थियों की आवश्यकता को ध्यान में रख प्रत्येक सत्र में कोई ना कोई नया कोर्स इग्नू द्वारा लांच किया जा रहा है।

जहानाबाद में विजय दिवस मनाएगा पूर्व सैनिक संगठन

फतेहपुर। भूतपूर्व सैनिक उत्थान समिति के अध्यक्ष विद्या भूषण तिवारी व महिला अध्यक्ष जागृति तिवारी ने बताया कि 16 दिसंबर को जब देश सेना के पराक्रम का 53वां विजय दिवस मना रहा होगा, उसी दिन संगठन जहानाबाद में भी जोर-शोर से विजय दिवस मनायेगा। जिसकी सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। अध्यक्ष श्री तिवारी व महिला अध्यक्ष ने बताया कि वर्ष 1971 को भारत-पाकिस्तान के 13 दिन के युद्ध के पश्चात 16 दिसंबर को पाकिस्तान सेना के लेफ्टीनेंट जनरल आमीर अब्दुल्ला खान नियाजी ने भारत के पूर्वी कमांड के जनरल आफीसर इन कमांड लेफ्टीनेंट जनरल जगजीत सिंह अरोड़ा के समक्ष 93 हजार सैनिकों के साथ पराजय स्वीकार करते हुए आत्मसमर्पण किया था। जो विश्व इतिहास की सबसे बड़ी विजय थी। इस युद्ध में जनपद के गार्डस मैन सरजू प्रसाद तिवारी, सिपाही छत्रपाल सिंह एसएससी बटालियन, गार्डस मैन हनुमंत बली सिंह 8 गार्डस रेजीमेंट, गार्डस मैन छेदा सिंह 4 गार्डस रेजीमेंट, सिपाही संतोष सिंह 14 कुमाऊं रेजीमेंट ने वीरता का परिचय देते हुए अपने सर्वोच्च प्रांणों का बलिदान दिया। जनपद के ही कैप्टन आरडीएस चौहान राजपूत रेजीमेंट ने पाकिस्तान के तमाम पोस्ट नष्ट करके जनपद का मान बढ़ाया था।

तालाबी जमीन पर कब्जे की एसडीएम से शिकायत

फतेहपुर। बहुआ विकास खंड की ग्राम सभा चुरियानी के प्रधान प्रतिनिधि ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर उप जिलाधिकारी सदर को एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें गांव के ही कुछ लोगों पर तालाबी जमीन पर कब्जा करके मकान बना लिये जाने व शेष जमीन पर पुनः कब्जा किए जाने का आरोप लगाया है। प्रधान प्रतिनिधि ने प्रकरण की जांच कराकर अवैध निर्माण को हटाये जाने की मांग की है। चुरियानी गांव की प्रधान सुनैना देवी शिवहरे के प्रतिनिधि वीरेंद्र शिवहरे के साथ ग्रामीण कलेक्ट्रेट आये और उप जिलाधिकारी सदर को ज्ञापन सौंपकर बताया कि गांव के ही ओम प्रकाश सिंह व शिव सिंह ने तालाबी नंबर की जमीन पर अवैध रूप से कब्जा करके घर बना लिया है। सार्वजनिक कुआं व सरकारी हैंडपम्प को भी अपनी बाउंड्री के अंदर कर लिया है। तालाबी नंबर की जो शेष भूमि पड़ी है उसमें भी कब्जा करके नवीन निर्माण करवा रहे हैं।

ताम्बेश्वर मंदिर पहुंच मार्ग पर बढ़ा अतिक्रमण

फतेहपुर। शहर के ख्यातिलब्ध शिव मंदिर ताम्बेश्वर मंदिर के बाहर नशे में धुत एक फार्चुनर सवार युवक ने भीख मांग रही अर्द्धविक्षिप्त वृद्धा को कुचल दिया। घटना को अंजाम देने के बाद वह वाहन समेत फ़रार होने में सफल रहा। वृद्धा को गंभीर चोटें आई हैं, जिसे आनन फ़ानन में ज़िला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस दौरान दो और लोग भी चुटहिल हुए है। बताते चलें कि उपरोक्त मंदिर के बाहर मुख्य मार्ग पर दुकानदारों ने इस क़दर अतिक्रमण कर रखा है। जिससे इस प्रतिष्ठित मन्दिर में पूजा-अर्चना को आने जाने वालों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। प्रायः जाम की समस्या भी बनीं रहती है। ख़ासकर सोमवार को श्रद्धालुओं की लगने वाली भारी भीड़ से दिक्कते और बढ़ जाती है। जहां प्रायः हादसे होते रहते हैं। मंदिर के बाहर ही एक ई-रिक्शा की एजेंसी खुलने से यातायात और प्रभावित हो जाता है।

पेज एक का शेष

संबंधित घटनाक्रम...

11 जुलाई 2023 : उच्चतम न्यायालय ने कहा कि वह अनुच्छेद 370 को निरस्त किए जाने को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर दो अगस्त से रोज सुनवाई शुरू करेगा।

दो अगस्त 2023 : उच्चतम न्यायालय ने अनुच्छेद 370 को निरस्त किए जाने को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई शुरू की।

पांच सितंबर 2023 : अदालत ने 23 याचिकाओं पर 16 दिन तक सुनवाई करने के बाद मामले पर फैसला सुरक्षित रखा।

11 दिसंबर 2023 : उच्चतम न्यायालय ने अनुच्छेद 370 को निरस्त किए जाने के सरकार के फैसले को बरकरार रखते हुए कहा कि केंद्र शासित प्रदेश में विधानसभा के लिए चुनाव अगले साल 30 सितंबर तक कराया जाए।

फैसले को...

इस बीच एक्स पर कहा कि पांच अगस्त 2019 को, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अनुच्छेद 370 को निरस्त करने का एक दूरदर्शी निर्णय लिया। तब से जम्मू-कश्मीर में शांति और सामान्य स्थिति लौट आई है। प्रगति और विकास ने घाटी में मानव जीवन को नए अर्थ दिए हैं। पर्यटन और कृषि क्षेत्रों में समृद्धि ने जम्मू, कश्मीर और लद्दाख के निवासियों की आय के स्तर को बढ़ाया है। आज उच्चतम न्यायालय के फैसले ने साबित कर दिया है कि अनुच्छेद 370 को निरस्त करने का निर्णय पूरी तरह से संवैधानिक था। शाह ने कहा कि अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधानों को समाप्त किए जाने के बाद गरीबों और वंचितों के अधिकार बहाल हुए हैं और अलगाववाद तथा पथराव अब अतीत की बातें हो गई हैं। पूरा क्षेत्र अब मधुर संगीत और सांस्कृतिक पर्यटन से गूंज रहा है और एकता के बंधन मजबूत हुए हैं। भारत के साथ जम्मू-कश्मीर की अखंडता मजबूत हुई है। जम्मू, कश्मीर और लद्दाख हमेशा हमारे देश का था और आगे भी रहेगा। शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार जम्मू, कश्मीर और लद्दाख में स्थाई शांति स्थापित करने और क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। चाहे वह नए प्रोत्साहनों के साथ स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देना हो, अत्याधुनिक शैक्षिक बुनियादी ढांचे का निर्माण करना हो या कल्याणकारी योजनाओं के साथ गरीबों को सशक्त बनाना हो, हम इस क्षेत्र के लिए अपनी पूरी ताकत लगाना जारी रखेंगे।

सुप्रीम कोर्ट...

डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आज़ाद पार्टी (डीपीएपी) के अध्यक्ष गुलाम नबी आज़ाद ने संविधान के अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को निरस्त करने को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले को दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण बताया, लेकिन कहा हमें इसे स्वीकार करना होगा। आजाद ने संवाददाताओं से कहा, यह (अदालत का फैसला) दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण है। जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि क्षेत्र के लोग शीर्ष अदालत की पांच न्यायाधीशों की पीठ द्वारा दिये गये फैसले से खुश नहीं हैं। दूसरी ओर, नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने कहा कि वह सुप्रीम कोर्ट के फैसले से निराशा हुई लेकिन हम निराश नहीं हैं। एक्स पर उमर अब्दुल्ला ने अनुच्छेद 370 को बहाल करने के लिए शीर्ष अदालत को समझाने में विफल रहने के लिए जम्मू, कश्मीर और लद्दाख के लोगों से माफी मांगी। उन्होंने कहा, दुर्भाग्य से, हम पांच न्यायाधीशों को मना नहीं सके और इसके लिए, मैं जम्मू-कश्मीर, लद्दाख और देश के उन लोगों से माफी मांगता हूं जो चाहते थे कि हम सफल हों। एनसी नेता ने कहा, हमारे प्रयास यहीं खत्म नहीं होंगे। अब्दुल्ला ने कहा, मैं श्रीनगर में अपने घर पर हूं और आपको संबोधित कर रहा हूं क्योंकि गेट पर ताला लगा दिया गया है और मुझे किसी से मिलने की इजाजत नहीं दी जा रही है।

पीडीपी प्रमुख और पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने लोगों से उम्मीद नहीं खोने का आग्रह किया, हालांकि उनकी पार्टी ने अपनी सभी राजनीतिक गतिविधियों को एक सप्ताह के लिए निलंबित कर दिया है। पीडीपी प्रवक्ता द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, अनुच्छेद 370 के मुद्दे पर भारत के सर्वोच्च न्यायालय के फैसले के मद्देनजर जम्मू-कश्मीर के लोगों के साथ एकजुटता दिखाने के लिए यह निर्णय लिया गया है। पार्टी के मुख्य प्रवक्ता सैयद सुहैल बुखारी ने एक बयान में कहा कि पार्टी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती अपने सार्वजनिक कार्यक्रम के तहत विभिन्न कार्यकर्ता सम्मेलनों को संबोधित करने वाली थीं और अगले कुछ दिनों में ऐसे कई सम्मेलन निर्धारित थे। पार्टी द्वारा कई अन्य राजनीतिक गतिविधियाँ भी निर्धारित की गईं। लेकिन अनुच्छेद 370 के मुद्दे पर भारत के सर्वोच्च न्यायालय के फैसले के मद्देनजर इस महत्वपूर्ण मोड़ पर अपने लोगों के साथ एकजुटता दिखाने के लिए, हमने अगले एक सप्ताह के लिए अपनी सभी राजनीतिक गतिविधियों को रद्द करने का फैसला किया है। जम्मू-कश्मीर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष जीए मीर ने कहा कि शीर्ष अदालत को राज्य का दर्जा बहाल करने के लिए एक समय सीमा देनी चाहिए थी और केंद्र शासित प्रदेश के स्थानीय लोगों के लिए नौकरियों और भूमि के लिए विशेष सुरक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए थी।

मोहन यादव...

यादव ने 2023 का चुनाव 13000 से ज्यादा वोटों से जीता है। तीन बार के विधायक व ओबीसी के प्रमुख नेता यादव को सीएम पद का दावेदार के रूप में नहीं देखा जा रहा था, हालांकि उन्हें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) का करीबी माना जाता है। राज्य की जनसंख्या में ओबीसी की संख्या 48 प्रतिशत से अधिक है। यादव को एक मुखर हिंदुत्ववादी नेता के रूप में देखा जाता है। यादव मंदिरों के शहर उज्जैन से मुख्यमंत्री बनने वाले पहले नेता हैं, जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले साल नवनिर्मित महाकाल लोक कॉरिडोर को समर्पित किया था। निर्वाचित मुख्यमंत्री के रूप में उनकी नियुक्ति मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में भगवा पार्टी द्वारा 230 में से 163 सीटें जीतकर सत्ता विरोधी लहर को सफलतापूर्वक हराने के 10 दिन बाद हुई है। अब, नवंबर में जिन पांच राज्यों में मतदान हुआ, उनमें से सिर्फ राजस्थान में ही मुख्यमंत्री की घोषणा नहीं हुई है। तेलंगाना में जीत हासिल करने वाली कांग्रेस ने रेवंत रेड्डी को शीर्ष पद पर बिठाया है और मिजोरम में नवोदित ज़ोरम पीपुल्स मूवमेंट ने प्रभावशाली जीत का दावा किया है और लालदुहोमा मुख्यमंत्री हैं। भाजपा अब मंगलवार को नवनिर्वाचित विधायकों के साथ बैठक के बाद राजस्थान के लिए नया मुख्यमंत्री चुनेगी। भाजपा ने 20 साल में पहली बार हिंदी पट्टी में मुख्यमंत्री पद के चेहरे के बिना चुनाव लड़ा था। इसके साथ ही 2003 में उमा भारती के मुख्यमंत्री बनने के बाद से बीजेपी ने चौथी बार ओबीसी नेताओं पर अपना भरोसा जताया है. भारती के बाद, मध्य प्रदेश ने भाजपा के दो और ओबीसी मुख्यमंत्री देखे - बाबूलाल गौर और चौहान।

अकेले अपनी...

जैसा कि दुनिया मोदी के नेतृत्व में भारत की प्रगति को देख रही है, कोई भी उनकी यात्रा को अकेलेपन और ताकत के मिश्रण पर विचार किए बिना परिभाषित नहीं कर सकता है। यह राजनीति के रंगमंच में सबसे बड़ा उदाहरण है, जहां सबसे प्रभावशाली भूमिकाएँ अक्सर उन लोगों द्वारा निभाई जाती हैं जो अकेले चलने का साहस करते हैं।

ज्ञानवापी सर्वेक्षण...

यह छठी बार है जब अदालत ने एएसआई को अपनी सर्वेक्षण रिपोर्ट दाखिल करने के लिए समय दिया है। इससे पहले अदालत ने एएसआई को छह सितंबर, पांच अक्टूबर, दो नवंबर, 17 नवंबर और 30 नवंबर को समय दिया था। पिछली बार 30 नवंबर को जिला अदालत ने एएसआई को 11 दिसंबर तक ज्ञानवापी परिसर की सर्वेक्षण रिपोर्ट सौंपने के लिए कहा था। अपने आवेदन में, एएसआई ने कहा था कि विभिन्न विशेषज्ञों द्वारा दी गई जानकारी को आत्मसात करने के लिए और अधिक समय की आवश्यकता है। एएसआई ने अपने आवेदन में कहा था कि उसके विशेषज्ञ पुरातत्वविदों, पुरालेखविदों, सर्वेक्षणकर्ताओं, भूभौतिकी विशेषज्ञों आदि द्वारा एकत्र किए गए विभिन्न प्रकार के आंकड़ों को संग्रहित करने की दिशा में काम कर रहे हैं। एएसआई ने दो नवंबर को अदालत को बताया कि उसने सर्वेक्षण पूरा कर लिया है, लेकिन सर्वेक्षण कार्य में उपयोग किए गए उपकरणों के विवरण के साथ रिपोर्ट संकलित करने में कुछ और समय लग सकता है। इसके बाद अदालत ने दस्तावेज जमा करने के लिए 17 नवंबर तक का अतिरिक्त समय दे दिया। लेकिन एएसआई के वकील ने तकनीकी रिपोर्ट उपलब्ध न होने के कारण फिर से 15 दिन और मांगे और जिला न्यायाधीश ने उसे 28 नवंबर तक अपनी रिपोर्ट सौंपने को कहा। एएसआई ने वाराणसी में काशी विश्वनाथ मंदिर के बगल में स्थित ज्ञानवापी परिसर का वैज्ञानिक सर्वेक्षण किया है ताकि यह पता लगाया जा सके कि क्या 17वीं शताब्दी की मस्जिद का निर्माण पहले से मौजूद किसी हिंदू मंदिर की संरचना पर किया गया था। अदालत ने पांच अक्टूबर को एएसआई को चार हफ्ते का और समय दिया था और कहा था कि सर्वेक्षण की अवधि इससे ज्यादा नहीं बढ़ाई जाएगी। इसने पहले चार अगस्त और छह सितंबर को समय सीमा को बढ़ाया था। सर्वेक्षण तब शुरू हुआ था जब इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने वाराणसी जिला अदालत के आदेश को बरकरार रखा और फैसला सुनाया कि यह कदम न्याय के हित में आवश्यक है और इस विवाद में हिंदू और मुस्लिम दोनों पक्षों को फायदा होगा। पूर्व की सुनवाई के दौरान, मस्जिद प्रबंधन समिति ने सर्वेक्षण पर आपत्ति जताई थी और आरोप लगाया था कि एएसआई बिना अनुमति के मस्जिद परिसर के तहखाने और अन्य स्थानों पर खुदाई कर रहा है और पश्चिमी दीवार पर मलबा जमा कर रहा है, जिससे संरचना के ढहने का खतरा पैदा हो सकता है। मस्जिद समिति ने कहा था कि एएसआई टीम मलबा हटाकर परिसर का सर्वेक्षण करने के लिए अधिकृत नहीं थी। उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ ज्ञानवापी मस्जिद प्रबंधन समिति ने उच्चतम न्यायालय का रुख किया था, लेकिन शीर्ष अदालत ने चार अगस्त को एएसआई सर्वेक्षण पर उच्च न्यायालय के आदेश पर रोक लगाने से इनकार कर दिया था। अपने आदेश में प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने, हालांकि, एएसआई से सर्वेक्षण के दौरान कोई ऐसा कार्य नहीं करने को कहा जिससे ढांचे को नुकसान हो। शीर्ष अदालत ने किसी भी तरह की खुदाई पर भी रोक लगा दी जबकि वाराणसी की अदालत ने कहा था कि यदि आवश्यक हो तो यह की जा सकती है।

महिला से दुष्कर्म के आरोपी को 24 घंटे के भीतर किया गिरफ्तार

कानपुर देहात। पुलिस अधीक्षक बीबीजीटीएस मूर्ति के निर्देशन में जनपद कानपुर देहात में महिला सम्बन्धी अपराधों पर नियन्त्रण की दिशा में घटनाओं की रोकथाम व खुलासे हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में, थाना रसूलाबाद पर वादिनी/पीडिता द्वारा दिनांक 10 दिसंबर को नामजद अभियुक्त अनिल कुमार उर्फ पप्पू पुत्र रामलाल उम्र करीब 55 वर्ष निवासी ग्राम भोलापुरवा थाना रसूलाबाद जनपद कानपुर देहात के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कराया गया था। जिसमें थाना पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए वांछित अभियुक्त अनिल उपरोक्त को मुखबिर की सूचना पर मात्र 24 घण्टे के अन्दर विषधन तिराहा रसूलाबाद से 11 दिसंबर को समय करीब 6.30 बजे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार शुदा अभियुक्त को नियमानुसार माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेजा जा रहा है।

सदर विधायक ने पीएम आवास पत्र देकर कराया शिशुओं का अन्नप्राशन

फर्रुखाबाद। विकसित भारत संकल्प यात्रा में विधायक व जिलाध्यक्ष ने पीएम आवास पत्र देकर शिशुओं का कराया अन्न प्रशन विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत जनपद फर्रुखाबाद की चारों विधानसभाओं के जसमई, पगा बाजार, बरौन, गुताशी, पखना, बराकेशव इकलहरा में कार्यक्रम आयोजित हुए जहां पर पार्टी के जिला अध्यक्ष सहितज नप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने सरकार की योजनाओं की जानकारियां दीं। सदर विधानसभा क्षेत्र के विकासखंड बढ़पुर के ग्राम गुताशी में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष रूपेश गुप्ता एवं मुख्य अतिथि सदर विधायक मेजर सुनील दत्त द्विवेदी ने पत्रों को प्रधानमंत्री आवास के स्वीकृति पत्र एवं नवजात शिशुओं का अन्नप्राशन व गर्भवती महिलाओं का गोद भराई की। मुख्य अतिथि मेजर सुनील दत्त द्विवेदी एवम् भाजपा जिला अध्यक्ष रूपेश गुप्ता ने कार्यक्रम को संबोधित किया। गर्भवती महिला स

जलवायु संकट के समाधान के लिए विश्व को भारत के नेतृत्व से उम्मीद : राष्ट्रमंडल महासचिव

भाषा। दुबई

राष्ट्रमंडल महासचिव पेट्रिशिया स्कॉटलैंड ने कहा है कि जलवायु संकट का समाधान प्रदान करने के लिए दुनिया भारत के नेतृत्व और बौद्धिक शक्ति पर उम्मीद लगाए बैठी है। यहां वार्षिक जलवायु सम्मेलन (सीओपी28) में पीटीआई-भाषा के साथ एक साक्षात्कार में स्कॉटलैंड ने कहा कि वह यह सोचकर ही खुशी हो रही है कि भारत क्या करने का फैसला करेगा। शिखर सम्मेलन में वार्ताकार गंभीर जलवायु प्रभावों की स्थिति को और बदतर होने से रोकने के लिए ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम करने के सर्वोत्तम तरीकों पर विचार-विमर्श कर रहे हैं। जीवाश्म ईंधन के इस्तेमाल को चरणबद्ध तरीके से समाप्त करने की बढ़ती मांग के बीच भारत से उनकी अपेक्षाओं के बारे में पूछे जाने पर स्कॉटलैंड ने कहा कि भारत को 1.4 अरब लोगों का पेट भरने के साथ उनका ख्याल रखना है , जो कि राष्ट्रमंडल कहे जाने वाले 56 देशों की लगभग आधी आबादी है।

स्कॉटलैंड ने कहा, मैं उम्मीद कर रही हूं कि भारत में अपनी स्थिति संभालने और नेतृत्व करने का साहस होगा और वह ऐसा कर सकता है। अन्य राष्ट्रमंडल देशों के साथ-साथ भारत से जो प्रतिभा आ रही है, वह हमें इस समस्या को हल करने में सक्षम बना सकती है। उन्होंने कहा, भारत पूरी तरह से आशा का प्रतिनिधित्व करता है...राष्ट्रमंडल कुछ सबसे आश्चर्यजनक समाधानों की पेशकश के लिए इसका आभारी है। उन्होंने उम्मीद जताई कि देश नेतृत्व की अपनी स्थिति बनाए रखेगा। स्कॉटलैंड ने इस बात पर जोर दिया कि दुनिया को उचित बदलाव की आवश्यकता है, जिसका अर्थ है निष्पक्ष और तार्किक तरीके से जीवाश्म ईंधन से नवीकरणीय ऊर्जा की तरफ बढ़ना। उन्होंने कहा, हम सभी स्वीकार करते हैं कि यह चुटकी बजाते ही नहीं हो सकता। हमें निष्पक्ष रूप से इसकी योजना बनानी होगी। भारत की प्रौद्योगिकी क्रांति पर प्रसन्नता जताते हुए उन्होंने कहा कि तेजी से विकसित हो रहे देश ने न केवल लाखों लोगों को गरीबी से बाहर निकाला है, बल्कि पश्चिमी देशों की तुलना में बहुत कम राशि खर्च करके चंद्रमा के दक्षिणी हिस्से तक भी पहुंच गया। उन्होंने कहा, जब नवोन्मेष की बात आती है तो भारत शानदार प्रदर्शन कर रहा है और दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था को शायद अन्य देशों की तुलना में अधिक यूनिकॉर्न मिले हैं। यूनिकॉर्न शब्द का इस्तेमाल ऐसी स्टार्टअप कंपनी का वर्णन करने के लिए किया जाता है जिसका मूल्य एक अरब अमेरिकी डॉलर या उससे अधिक है। राष्ट्रमंडल महासचिव ने कहा कि भारतीय जुगाड़ छोटे देशों और द्वीपीय देशों को प्रेरित कर रहे हैं।

सीओपी28 में मूल निवासी महिलाओं का नेताओं के लिए संदेश: हमारे काम को देखें, हमें सुनें

दुबई। फिलीपीन में अपने द्वीप से पत्तियों और बारिश का पानी लेकर आईं ग्रेस तालावाग ने यहां संयुक्त राष्ट्र जलवायु शिखर सम्मेलन के एक वार्ता कक्ष में अपने प्रतिनिधिमंडल और दर्शकों के लिए प्रार्थना और शुभकामनाएं दीं।जलवायु परिवर्तन से लड़ने के लिए आवश्यक लचीलेपन की जरूरत को दर्शाने के लिए वह जिन पौधों की पत्तियों को लेकर पहुंचीं थीं, उनमें बांस और जेड वाइन (एक प्रकार की बेल) शामिल थी। जेड वाइन उस आशा की प्रतीक है कि सीओपी28 वार्ता में वार्ताकार मूल निवासी लोगों की आवाज़ सुनेंगे - विशेष रूप से मूलनिवासी महिलाओं की, जो जलवायु परिवर्तन की कुछ चुनौतियों से निपटने के लिए मूल्यवान अंतर्दृष्टि साझा करने के लिए सम्मेलन में आई हैं। गुजरात से, जसुमतिबेन जेठाबाई परमार ने जलवायु परिवर्तन के साथ रासायनिक कीटनाशकों के बढ़ते उपयोग के लिए एक सुरक्षित विकल्प के बारे में विस्तार से बताया। नीम की पत्तियों, गोमूत्र और चने के आटे से बना जीवामृत्र , सदियों पुरानी प्रथाओं में निहित एक पर्यावरण-अनुकूल उपचार है।उन्होंने कहा, हमने अन्य विकासशील देशों के लिए अपना समाधान प्रस्तावित करने के लिए भारतीय प्रतिनिधिमंडल को प्रस्ताव दिया है, ए सदियों से हमारे लिए समाधान रहे हैं और जलवायु परिवर्तन के कारण अब पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक हो सकते हैं।

क्विक न्यूज

इंग्लैंड में ब्रितानी सिख व्यक्ति पर हमला करने के आरोप में 14-वर्षीय किशोर गिरफ्तार

लंदन। ब्रेटन की पुलिस ने 50 वर्ष से अधिक आयु के एक सिख व्यक्ति पर हमला करने के आरोप मे 14-वर्षीय एक किशोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने स्लाउ मे लड़को के एक समूह द्वारा सिख पुरुष पर हमला किए जाने से जुड़े घृणा अपराध की जांच के तहत किशोर को गिरफ्तार किया।थेम्स वैली पुलिस ने कहा कि किशोर को पिछले हफ्ते गिरफ्तार किया गया और बाद मे जमानत पर 15 फरवरी, 2024 तक रिहा कर दिया गया। स्लाउ पुलिस थाने मे तैनात जासूस कांस्टेबल होली बैक्सटर ने बताया कि मामले की जांच जारी है और उसने लोगो से अपील की है कि यदि उनके पास 21 नवंबर की इस घटना से जुड़ी कोई जानकारी है, तो वह उसे पुलिस को दे। उन्होने कहा, हम घृणा अपराध संबंधी सभी शिकायतो को गंभीरता से लेते है, क्योकि हम जानते है कि उनका व्यक्तिगत रूप से पीड़ितो और लक्षित समुदायो पर विनाशकारी प्रभाव पड़ता है। इस मामले के पीड़ित का नाम इंद्रजीत सिंह है। वह लैंगली मेमोरियल पार्क से गुजर रहा था, तभी लड़को का एक समूह उसके पास पहुंचा। एक आरोपी ने पीड़ित की दाढ़ी खीचने की कोशिश की और फिर सभी लड़को ने उसे घेर लिया और उसे लात मारी तथा जमीन पर घसीटा। इस हमले मे सिंह की तीन पसलियां टूट गईं और उसके हाथ मे सूजन एवं चोटे आईं।

भारतीय मूल की ब्रिटिश मीडिया दिग्गज साझा करेंगी अपना अनुभव

ब्रिटेन। इंद्राणी मुखर्जी की अनब्रोकन द अनटोल्ड स्टोरी अब अपनी ऑडियो बुक के रिलीज के साथ एक नया कदम उठाने जा रही है, जहां यह एक श्रव्य अनुभव श्रोताओं को ऑडिबलएइन और अमेज़ॅन पर खरीदने के लिए उपलब्ध होगा। यह ऑडियो बुक एक व्यक्तिगत आत्मकथा में न ही केवल नई जान फूंकती है, बल्कि इसकी आत्मीयता से दर्शक ऐसे जुड़ जाते है की उनमें एक अटूट भावनात्मक बंधन बन जाता है। ऑडियो बुक रिलीज के बारे में बोलते हुए इंद्राणी मुखर्जी ने साझा किया अनब्रोकन में मैंने अपनी असुरक्षाओं और अपने रिश्तों की जटिलताओं को दुनिया के सामने उजागर किया। अब इस ऑडियो प्रारूप म मैं श्रोताओं को उस अनुभवात्मक और गहन आंतरिक यात्रा में शामिल होने के लिए आमंत्रित करती हूं जिससे अनगिनत महिलाएं एक जुड़ाव महसूस करेंगी। मेरी इस यात्रा से मैं उन लोगों से जुड़ने की उम्मीद करती ह जिन्होंने विपरीत परिस्थितियों का सामना किया है ।

370 पर भारत के न्यायालय के फैसले का कोई कानूनी महत्व नहीं है: पाकिस्तान

इस्लामाबाद। पाकिस्तान ने सोमवार को कहा कि अनुच्छेद 370 पर भारत के उच्चतम न्यायालय के फैसले का कोई कानूनी महत्व नही है। इसके साथ ही उसने यह भी कहा कि अंतरराष्ट्रीय कानून भारत की 5 अगस्त, 2019 की एकतरफा और अवैध कार्वाइयो को मान्यता नही देता है। उच्चतम न्यायालय ने पूर्ववर्ती राज्य जम्मू कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 को रद्द करने के केंद्र सरकार के अगस्त 2019 के फैसले को बरकरार रखा, जिसने जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा दिया था। पाकिस्तान के कार्यवाहक विदेश मंत्री जलील अब्बास जिलानी ने कहा, अंतरराष्ट्रीय कानून 5 अगस्त 2019 को भारत द्वारा की गई एकतरफा और अवैध कार्वाइयो को मान्यता नही देता है। भारत के उच्चतम न्यायालय द्वारा न्यायिक अनुमोदन का कोई कानूनी महत्व नही है। कश्मीरियो को संयुक्त राष्ट्र के प्रासंगिक प्रस्तावो के अनुसार आत्मनिर्णय का अधिकार है। जिलानी ने इस्लामाबाद मे संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि भारत को कश्मीरी लोगो और पाकिस्तान की इच्छा के खिलाफ इस विवादित क्षेत्र की स्थिति पर एकतरफा निर्णय लेने का कोई अधिकार नही है। उन्होने कहा, पाकिस्तान जम्मू-कश्मीर के दर्जे पर भारत के उच्चतम न्यायालय द्वारा दिए गए फैसले को स्पष्ट रूप से खारिज करता है।

एशिया खाद्य सुरक्षा के महामारी-पूर्व के स्तर से पीछे : संयुक्त राष्ट्र खाद्य एजेंसी

बैंकॉक। संयुक्त राष्ट्र के खाद्य और कृषि संगठन (एफएओ) ने एशिया मे खाद्य सुरक्षा के अपने नवीनतम आकलन मे कहा है कि क्षेत्र मे भूख एक पुरानी समस्या बनी हुई है जहां कोविड-19 महामारी के पूर्व की तुलना मे 2022 मे 5.5 करोड़ से अधिक लोग कुपोषित थे। एफएओ की रिपोर्ट मे कहा गया है कि पर्याप्त भोजन से वंचित अधिकांश लोग दक्षिण एशिया मे है और महिलाओ को पुरुषो की तुलना मे कम भोजन मिल रहा है। एफएओ का अध्ययन खाद्य आपूर्ति, उपभोग और आहार ऊर्जा आवश्यकताओ पर केंद्रित है। इस क्षेत्र मे ऐसे अल्पपोषण से प्रभावित लोगो की हिस्सेदारी 2022 मे उससे एक साल पहले के 8.8 प्रतिशत से गिरकर 8.4 प्रतिशत हो गई। हालांकि, यह महामारी शुरू होने से पहले कुपोषित लोगो के 7.3 प्रतिशत से अधिक है, जब कुछ अर्थव्यवस्थाएं खस्ताहाल हो गईं और लाखो लोगो की आजीविका छिन गई। प्राकृतिक आपदाओ और खाद्य आपूर्ति मे व्यवधान, जो अक्सर जलवायु परिवर्तन से जुड़े होते है, ने उन दबावो को बढ़ा दिया है। एफएओ के आंकड़ो से पता चलता है कि इस क्षेत्र मे लोगो को मध्यम खाद्य असुरक्षा का सामना करना पड़ रहा है, भोजन प्राप्त करने की उनकी क्षमता अनिश्चित है और पैसे की कमी के कारण कभी-कभी कम या खराब भोजन करना पड़ता है।

शून्य नहीं नकारात्मक उत्सर्जन को लक्षित कर रहे हैं कुछ देश

दुबई। यहां चल रही सीओपी28 जलवायु वार्ता मे चर्चाओ के बीच यह सवाल भी उठ रहा है कि जब देश नकारात्मक उत्सर्जन के लक्ष्य पर बढ़ सकते है तो फिर शून्य कार्बन उत्सर्जन के वादे तक क्यो सीमित है? सीओपी28 जलवायु वार्ता मे देश जब अपने हरित गैस उत्सर्जन को कम करने के तरीको को लेकर उलझे दिख रहे है, डेनमार्क के नेतृत्व वाले देशो के समूह ने अंतिम लक्ष्य निर्धारित करने का निर्णय लिया है: यह लक्ष्य है वातावरण से वैश्विक तापमान वृद्धि (ग्लोबल वार्मिंग) के लिए जिम्मेदार कार्बन डाइऑक्साइड की उस मात्रा से कही अधिक को हटाना जिसका वे उत्सर्जन करते है। नकारात्मक उत्सर्जको का समूह (द ग्रुप ऑफ निगेटिव इमीटर्स) रविवार को डेनमार्क, फिनलैंड और पनामा द्वारा दुबई मे शुरू किया गया।

इस साल उल्काओं की शानदार बौछार देखने का सर्वश्रेष्ठ तरीका

भाषा। टूवूम्बा (आस्ट्रेलिया)

आसमान की खूबसूरती को निहारने वाले लोग खुश हैं क्योंकि उल्काओं की बौछार सप्ताह के अंत में अपने चरम स्तर पर होगी, और इस साल का यह घटनाक्रम काफी शानदार रहने वाला है। क्या आपने कभी टूटते तारों को आसमान से गिरते देखा है? यदि नहीं, तो अगली कुछ रातें खास रहने वाली हैं, क्योंकि साल की सर्वश्रेष्ठ उल्का बौछार जेमिनिड्स 14 दिसंबर की शाम से 15 दिसंबर की सुबह तक होने का अनुमान है। जेमिनिड्स उल्काओं का एक समूह है जो 13 दिसंबर के आसपास दिखाई देने वाली उल्का बौछार कराता है और इसकी उत्पत्ति मिथुन तारामंडल में होती है। इस साल उल्का बौछार ऐसे वक्त हो रही है जब जेमिनिड्स पृथ्वी के पूर्वी देशांतर से आसमान में सबसे ऊपर है। इसका मतलब है कि लोग इस साल आसमान में अद्भुत नजारा देख सकेंगे। उल्काओं को रात में आसमान के किसी भी हिस्से में देखा जा सकता है, लेकिन यदि आप उनकी गति की दिशा का पता लगाते हैं, तो वे हमेशा उस ओर इशारा करेंगे।

रूस ने मिसाइलों से कीव को निशाना बनाया

● यूक्रेन ने नाकाम करने का किया दावा

भाषा। कीव

यूक्रेन की वायुसेना ने दावा किया कि सोमवार तड़के रूस ने कीव को निशाना बनाकर आठ बैलेस्टिक मिसाइलें दागीं जिन्हें उसने नाकाम कर दिया। अधिकारियों ने हालांकि कहा कि विफल किए गए हमले में भी एक व्यक्ति छें लगने से घायल हो गया। यूक्रेन की राजधानी में तड़के चार बजे के बाद जोरदार विस्फोटों की आवाज सुनी गई जिसके बाद हवाई हमले के सायरन बजने लगे।यूक्रेन के गृह मामलों के मंत्री इहोर क्लिमेंको ने कहा कि पूर्वी कीव के दार्नित्स्की जिले में एक मिसाइल का मलबा गिरा जबकि राजधानी के अन्य इलाकों में धमाकों की वजह से एक मकान की खिड़कियां क्षतिग्रस्त हो गईं। यूक्रेन के ऊर्जा मंत्रालय के मुताबिक हमले की वजह से शहर के 120 मकानों की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। मंत्रालय के मुताबिक रूसी सैनिकों ने पिछले साल सर्दियों में जानबूझकर यूक्रेन की ऊर्जा प्रणाली को निशाना बनाया था जिसकी वजह से पूरे देश में बिजली की आपूर्ति बाधित हो गई थी। अभी दो सप्ताह पहले ही कीव पर हमले हुए थे और यूक्रेन के अधिकारियों का कहना था कि 2022 में रूस के हमले की शुरुआत के बाद से यह सबसे भीषण ड्रोन हमला था। यूक्रेन की वायु सेना ने कहा कि रूस ने राजधानी कीव को निशाना बनाने के लिए ईरान निर्मित 75 शाहिद ड्रोन का इस्तेमाल किया जिनमें से 74 को हवाई सुरक्षा प्रणाली द्वारा नष्ट कर दिया गया। रूस द्वारा सोमवार को राजधानी में हमला ऐसे समय किया गया है जब यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की अर्जेंटीना की यात्रा पर हैं। वह लातिन अमेरिकी देश के नव निर्वाचित राष्ट्रपति जेवियर मिलाई के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने गए हैं।

बाइडन ने जेलेंस्की को व्हाइट हाउस में आमंत्रित किया

वाशिंगटन। रूस के खिलाफ युद्ध में यूक्रेन की मदद करने के मकसद से और वित्तीय मदद मुहैया कराने के लिए संसद पर दबाव बनाने के अमेरिकी प्रशासन के प्रयासो के बीच अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेस्की को अपने आधिकारिक आवास एवं कार्यालय व्हाइड हाउस मे आमंत्रित किया है।व्हाइट हाउस ने रविवार को एक बयान मे कहा कि इस निमंत्रण का मकसद रूस के नृशंस हमले के खिलाफ अपना बचाव कर रहे यूक्रेन के लोगो के प्रति अमेरिकी समर्थन की अडिग प्रतिबद्धता को रेखांकित करना है।उसने कहा कि रूस यूक्रेन के खिलाफ अपने मिसाइल और ड्रोन हमले बढ़ा रहा है। ऐसे मे बाइडन और जेलेस्की यूक्रेन की तत्काल जरूरतो और इस महत्वपूर्ण क्षण मे अमेरिका के निरंतर समर्थन के महत्व पर चर्चा करेंगे।

भारतीय-अमेरिकी मेडिकल छात्रा ने मिस इंडिया यूएसए 2023 का ताज पहना

वाशिंगटन। अमेरिका के मिशिगन में मेडिकल की पढ़ाई कर रही छात्रा रिजुल मैनी को न्यू जर्सी में आयोजित वार्षिक प्रतियोगिता में मिस इंडिया यूएसए 2023 का ताज पहनाया गया।प्रतियोगिता के दौरान मैसाचुसेट्स की स्नेहा नांबियार ने मिसेज इंडिया यूएसए तथा पेंसिल्वेनिया की सलोनी राममोहन ने मिस टीन इंडिया यूएसए का खिताब जीता। भारत के बाहर लंबे समय तक चलने वाली भारतीय प्रतियोगिता इस वर्ष अपना 41वां वर्षगांठ मना रही है। इसकी शुरुआत न्यूयॉर्क स्थित भारतीय-अमेरिकी धर्मात्मा सरन और नीलम सरन नें वर्ल्डवाइड पेजेंट्सै के बैनर तले की थी।चौबीस-वर्षीया भारतीय-अमेरिकी मैनी एक मेडिकल छात्रा और मॉडल हैं।एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि वह एक सर्जन बनना चाहती हैं और हर जगह महिलाओं के लिए एक रोल मॉलड के रूप में काम रने की इच्छा रखती हैं।इस प्रतियोगिता में वर्जीनिया की ग्रीष्मा भट को पहली उपविजेता और नॉर्थ कैरोलिना की इशिता पाई रायकर को दूसरी उपविजेता घोषित किया गया।आयोजकों के मुताबिक, 25 से अधिक राज्यों के 57 प्रतिभागियों ने तीन अलग-अलग प्रतियोगिताओं- मिस इंडिया यूएसए, मिसेज इंडिया यूएसए और मिस टीन इंडिया यूएसए में भाग लिया। तीनों श्रेणियों के प्रतिभागियों को एक ही समूह द्वारा आयोजित मिस-मिसेज-टीन इंडिया वर्ल्डवाइड में भाग लेने के लिए सम्मानार्थ हवाई टिकट मिलेंगे।

पांच भारतवंशियों की मौत के मामले में ऑस्ट्रेलियाई व्यक्ति पर कई आरोप लगाए गए

मेलबर्न। ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न इलाके मे स्थित एक पब के बाहर पिछले महीने भारतीय मूल के दो परिवारो के पांच सदस्यो को वाहन से कुचलने के मामले मे सोमवार को 66 वर्षीय एक ऑस्ट्रेलियाई के खिलाफ कई अभियोग लगाए गए। मीडिया मे प्रकाशित खबरो मे यह जानकारी दी गई है। हादसे मे विवेक भाटिया (38), उनके बेटे विहान (11), प्रतिभा शर्मा (44), उनकी नौ साल की बेटी अन्वी और उनके पति जतिन कुमार (30) की मौत हो गई थी जबकि भाटिया का छोटा बेटा अबीर और पत्नी रुचि घायल हो गए थे ।

सार्वजनिक सूचना

आम जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि श्री पवन कुमार पुत्र श्री जगदीश प्रसाद(जीपीए धारक), ने ग्राम सिकंदरपुर, गली नंबर 5, ईस्ट रोहतास नगर, इलाका शाहदरा, दिल्ली-110032 में स्थित , पूरी संरचना के साथ निर्मित संपत्ति सं. 1/6411-ए, पुराना नंबर 1251/ए/1, एरिया परिमाप 26.1/2 वर्ग गज, खसरा नंबर 1984/229 में से, पंजीकृत जनरल पावर ऑफ अटॉर्नी दिनांक 23.07.2021के माध्यम से मालिक हैं श्रीमती शकुंतला देवी पत्नी श्री जगदीश प्रसाद के द्वारा निष्पादित जनरल पावर ऑफ अटॉर्नी दिनांक 23.07.2021है सभी व्यक्तियों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि श्री चंद्रपाल, श्री सचिन, श्रीमती रासी, श्री अजय और श्रीमती सरिता उक्त संपत्ति को एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट कंपनी लिमिटेड (पूर्व में फुलर्टन इंडिया क्रेडिट कंपनी लिमिटेड) के पास गिरवी रख दिया है। यदि किसी व्यक्ति के पास उक्त संपत्ति में कोई प्रभार/हित/अधिकार है या किसी भी प्रकार का विवाद है, तो कृपया अधोहस्ताक्षरी को नीचे दिए गए पते पर लिखित रूप में वर्तमान से 07 दिनों के भीतर सूचित करें।

श्रीमती प्रभुन लता, अधिवक्ता
एसजी एसोसिएट्स (लॉ फर्म)
एफएफ18, लोटस पॉन्ड प्लाजा, वैभव खंड, इंदिरापुरम, गाजियाबाद 201014
ईमेल:sgassociatespl@gmail.com,फोन 7011172764, 8130200837

PUBLIC NOTICE

Notice is hereby given that my client Rahul Simon Bunny is in process to purchase the Freehold Residential Flat No. LG-1 on Lower Ground Floor super area measuring 900 sq. ft Built on Plot No. 6/8 Situated at Sector-6 Vaishali Ghaziabad Tehsil & Distt. Ghaziabad (availing loan from Piramal Capital & Housing Finance Ltd) from Mansi Malhotra, who purchased the same from Digamber Prasad vide GPA, ATS and Will dated 16/6/2021

All person/s having any claim against or in respect of the said Property, or any part thereof, by way of sale, exchange, mortgage (equitable/registered or otherwise), gift, trust, inheritance, family arrangement, maintenance, bequest, partnership, possession, lease, sublease, tenancy, license, lien, charge, pledge, easement or otherwise howsoever, are hereby requested to notify the same in writing to us with supporting documentary evidence at the address mentioned below within 7 days from the date hereof, failing which the claim or claims, if any, of such person or persons will be considered to have been waived and/or abandoned. **Kamal Kant Gupta (Advocate)**
Unit No. FF-2, First floor, Mahaluxmi Metro Tower Sec-4, Vaishali, Gzb., U.P., Mob. 9810063351

PUBLIC NOTICE

It is to inform to the public at large that **Ms. Sonia** who is purchasing the First Floor, (Front Side RHS), part of Plot No. 4 and 4-A, New No. B-22, area measuring 177.25 Sq. Mtrs., out of Khasra No. 112/18, Block B, situated at village Palam, Madhu Vihar, Near Dwarka, Sector-III, Delhi; **from (1) Mr. Vinod Kumar Jain (2) Mrs. Anita Jain & (3) Mr. Dheeraj Gupta**, who are owners of the aforesaid property vide Authorization Slip (PM-UDAY) dated 16.07.2022, which is registered vide Document No.8347, at Sub-Registrar-IX, New Delhi/Delhi, on 16.07.2022; and same to be finance & mortgage by **Aditya Birla Housing Finance Limited**. To comply the requirements of BANK/NBFC, we give this public notice that if any Person having any type of claim / right / title / interest / creating mortgage over the said property, may inform in writing, at the address mentioned below, about his objections, within **07** days from today, failing which it shall be presumed that the said property is free from all type of Encumbrances, lien etc. **Lucem Legal LLP**
Plot No.136, (Basement) Uday Park, New Delhi-110049.Contact # 011-40046316

PUBLIC NOTICE

To be known to all, **SANDEEP SINHA S/o LATE SH.S.K.SINHA R/o FLAT NO.67-D,THIRD FLOOR,POCKET-A,SUKHDEV VIHAR,NEW DELHI-110025.Mutatee/Owner of DDA SFS Flat NO.67-D,Third Floor,Alongwith Scooter Garage, Pocket-A,CAT-II,Sukhdev Vihar,NEW DELHI-110025**,have applied for certified copies in DDA.The original documents i.e.**Allocation Letter, Demand-cum-allotment Letter,Possession Letter,NOC For Water And Electricity Connection, Site Possession Slip & Other Documents** of the above said flat has been lost.An F.I.R./NCR/LR NO.1213892/2023 dated 08/12/2023 to this effect has been lodged in P.S.Crime Branch,Delhi.Any person(s)claiming any right, interest,having any objection or found in possession of original documents,may write/contact with above named person at above Address/PhoneNo.9871595415 with in 15days from the date of publication of this notice. The person claiming any right,interest,objection with respect to this property,can personally inform or write to:**Deputy Director(LAB-Housing)-SFS or Director(LAB-Housing)-SFS, Delhi Development Authority,Vikas Sadan,New Delhi-110023**

PUBLIC NOTICE

This is to inform the general public that Mr. Ravi Sharma is the GPA Holder of Property Bearing No. G-82/B-3,(Adjoining Plot no. G-83), Area measuring 107 Sq. Yds., Out of Mustatil no. 8, Killa no.4, Situated in the Revenue Estate of Village Matiala Delhi State Delhi in the Abadi Known as Kiran Garden Extension, Jain Park, On Najafgarh Road, Uttam Nagar, New Delhi -110059. He acquired the above property through Notarized GPA dated 10.06.2014 and ATS & Will dated 10.07.2014 executed by Mr. Ram Niwas Gupta.

Mr. Ravi Sharma is now selling the Upper Ground Floor Without Roof Rights of the above said property to Mr. Santosh Kumar Chuabe & Ms. Poonam and further Mr. Santosh Kumar Chuabe & Ms. Poonam are currently in the process of mortgaging the aforementioned floor with SMFG India Home Finance Co., Our Client. Any objections or concerns regarding this transaction should be raised within a period of 07 days from the date of this public notice. Any objections submitted after the completion of this 07-day period will not be considered binding with respect to the said property or the interests of our client.

If anyone wishes to raise an objection, please do so within the stipulated 07-day period by contacting Law Veritas: North (Advocates & Legal Consultants) at Office No. 11, 1st Floor, Building No. A-44/A, Sector-16, Noida, Uttar Pradesh-201301; Landline(s):+910120-3101683 / 4562809; e-mail: accounts@lvnorth.in

दक्षिण चीन सागर में चीन की हालिया घटना के बाद फिलीपीन सेना के प्रमुख ने रोष जताया

मनीला। फिलीपीन सेना के प्रमुख ने सोमवार को कहा कि विवादित दक्षिण चीन सागर में सप्ताहांत में जब चीनी तटरक्षक जहाजों ने फिलीपीन की आपूर्ति नौका की घेराबंदी कर उस पर पानी की बौछारें कीं तथा हमला किया, उस समय वह आपूर्ति नौका पर सवार फिलीपीनी सुरक्षा बलों के साथ मौजूद थे। जनरल रोमियो ब्राउनर जूनियर ने एसोसिएटेड प्रेस (एपी) को टेलीफोन पर एक साक्षात्कार में बताया कि चीन विवादित जल क्षेत्र में अपनी आक्रामकता बढ़ा रहा है लेकिन उसकी इस तरह की कार्वाई फिलीपीनी सुरक्षा बलों को व्यस्त जलमार्ग में देश के क्षेत्रीय हितों की रक्षा करने से नहीं रोक पाएगी। चीन के 100 से अधिक सरकारी एवं मिलिशिया जहाजों ने विवादित स्कारबोरो शोल क्षेत्र के आसपास समुद्र में उस स्थान पर धावा बोल दिया जहां फिलीपीन नौसेना का जहाज दशकों से खड़ा है। ब्राउनर इसी जहाज का दौरा करने गए थे। उन्होंने कहा कि चीनी बेड़ा पिछले महीनों की तुलना में बहुत बड़ा है। शोल, रेतीले और चट्टानों से घिरा समुद्री क्षेत्र हैं, जहां प्रचुर मात्रा में मछलियां पाई जाती हैं। ब्राउनर ने समुद्री क्षेत्र में चीन की कार्वाई के बारे में कहा, यह पूरी तरह आक्रामकता है। मैंने देखा कि कितनी बार बड़े चीनी तट रक्षक और मिलिशिया जहाजों ने हमारा रास्ता रोका। उन्होंने हम पर पानी की बौछार कीं, फिर हमें टक्कर मारी। यह आक्रोशित और उकसाने वाला है। उन्होंने कहा, इसके लिए वास्तव में उच्च स्तरीय राजनयिक समाधान की आवश्यकता है। उन्होंने यह भी कहा कि फिलीपीन के सशस्त्र बल हमारे अभियान को जारी रखेंगे क्योंकि यह वैध है और हमारे सैनिकों तक आपूर्ति पहुंचाना तथा हमारे मछुआरों की रक्षा करना हमारा दायित्व है।

ब्रिटेन के पीएम सुनक ने कोविड प्रभावित परिवारों से माफी मांगी

लंदन। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने सोमवार को उन परिवारों से माफी मांगी, जिन्होंने कोविड -19 महामारी में अपने प्रियजनों को खो दिया। इसी के साथ उन्होंने इस सप्ताह शुरू हुई सार्वजनिक जांच में अपनी ओर से सबूत पेश किए। इसे अवैध प्रवासियों को निर्वासित करने की उनकी खांडा नीति पर संसद में होने वाले मतदान में संभावित विद्रोह को रोकने की कोशिश के तौर पर भी देखा जा रहा है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि वह रचनात्मक स्पष्टवादिता की भावना से कोविड जांच के लिए अपने साक्ष्य देना चाहते थे ताकि जब 2020-21 में वह चांसलर थे तब उससे सबक सीखा जा सके। कई बिंदुओं पर उन्होंने उस समय प्रधानमंत्री के रूप में बोरिस जॉनसन के निर्णय लेने के दबाव का भी बचाव किया। और कहा कि पहली कोविड लॉकडाउन अवधि के चरम के दौरान वह अपनी पत्नी अक्षता मूर्ति से भी अधिक अपने पूर्व बॉस से मिले थे।

PUBLIC NOTICE

This is to inform public in general that Kotak Mahindra bank Ltd has organized an auction in below mention respect of Vehicles.

VEHICLES FOR SALE

1) TATAMOTORS TACEGOLD REG. NO. DL1LAE9095-YOM-2021
2) TATAMOTORS TATAACE REG. NO. DL1LAJ9437-YOM-2023
3) EICHR_VECV E_1059 REG. NO. DL1LX4063-YOM-2016
4) TATAMOTORS TLPT1109FB REG. NO. HR55U5340-YOM-2014
5) TATAMOTORS TLPT1109FB REG. NO. HR55T5724-YOM-2014
6) TATAMOTORS TLPT1109FB REG. NO. HR55U7058-YOM-2014
7) TATAMOTORS TLPT1109FB REG. NO. HR55T6735- YOM-2014
8) PIAGGIO_GR PIAGGIO_GR REG. NO.DL51GD1696-YOM-2022
9) ASHOK_LEY AL4923FBT REG. NO.UP14GT6891-YOM-2018
10) EICHR_VECV PRO_2110 REG. NO.HR38AD0153-YOM-2022

UNDER HYPOTHECATION WITH M/S KOTAK MAHINDRA BANK IS UNDER SALE IN ITS "AS IS WHERE IS CONDITION" INTERESTED PARTIES CAN GIVE THEIR QUOTATIONS WITH IN 7 DAYS AT
BRANCH ADDRESS: KOTAK MAHINDRA BANK 3RD FLOOR, PLOT NO 7, SECTOR 125, NOIDA-201313 OR
CONTACT : RAMAN AHUJA
KOTAK MAHINDRA BANK LTD.
CONTACT NO. 8377988238
EMAIL-raman.ahuja@kotak.com

वजन कम करने और स्वस्थ भोजन करने की कोशिश में हर समय लगने वाली भूख का क्या करें?

भाषा। सिडनी

अमेरिका के संस्थापकों में से एक बेंजामिन फ्रैंकलिन का एक प्रसिद्ध कथन है कि मृत्यु और करों के अलावा कुछ भी निश्चित नहीं है। लेकिन मुझे लगता है कि हम एक और बात कि जब आप अपना वजन कम करने की कोशिश कर रहे होंगे तो आपको ज्यादा भूख लगेगी को निश्चितता की सूची में शामिल कर सकते हैं। वजह है बेसिक बायोलॉजी। तो यह कैसे काम करता है - और आप इसके बारे में क्या कर सकते हैं? हार्मोन हमारी भूख की भावना को नियंत्रित करते हैं।कई हार्मोन हमारी भूख और तृप्ति की भावनाओं को नियंत्रित करने में आवश्यक भूमिका निभाते हैं। सबसे महत्वपूर्ण हैं घ्रेलिन - जिसे अक्सर भूख हार्मोन कहा जाता है - और लेप्टिन। जब हम भूखे होते हैं, तो हमारे पेट से घ्रेलिन निकलता है, जो हमारे मस्तिष्क के हाइपोथैलेमस नामक हिस्से को सूचित करता है और हमें खाने के लिए कहता है।जब खाना बंद करने का समय होता है, तो हमारी आंत और वसा ऊतक जैसे विभिन्न अंगों से लेप्टिन सहित कुछ हार्मोन निकलते हैं, जो मस्तिष्क को संकेत देते हैं कि हमारा पेट भर गया है।

डाइटिंग इस प्रक्रिया को बाधित करती है

लेकिन जब हम अपना आहार बदलते है और वजन कम करना शुरू करते है, तो हम भूख बढ़ाने वाले इन हार्मोनो की कार्यप्रणाली को बाधित कर देते है। यह एक ऐसी प्रक्रिया को ट्रिगर करता है जो हमारे पूर्वजो तक जाती है। उनके शरीर ने इस तंत्र को अभाव की अवधि के अनुकूल होने और भुखमरी से बचाने के लिए एक प्रतिक्रिया के रूप मे विकसित किया।हमारी भूख को प्रबंधित करने वाले हार्मोन का स्तर बढ़ जाता है, जिससे हमे और अधिक भूख लगती है, जबकि हमे यह संकेत देने के लिए कि हमारा पेट भर गया है, वे अपने स्तर को कम कर देते है, जिससे हमे लगता ही नही कि हमारा पेट भर गया है।इससे हमारी कैलोरी की खपत बढ़ जाती है और हम कम हुआ वजन वापस पाने के लि

अमृत काल में देश एक लंबी छलांग लगाने जा रहा है : मोदी

भाषा। नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को विश्वास जताया कि भारत मौजूदा कालखंड में लंबी छलांग लगाएगा और उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी को इस तरह से तैयार करना होगा कि वह देश को नेतृत्व प्रदान करे तथा राष्ट्रीय हित को सर्वोच्च प्राथमिकता दे। विकसित भारत 2047: युवाओं की आवाज पहल की शुरुआत करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत की युवा शक्ति परिवर्तन की एजेंट और परिवर्तन की लाभार्थी दोनों है। उन्होंने कहा, किसी भी राष्ट्र के जीवन में इतिहास एक मौका देता है जब राष्ट्र अपनी विकास यात्रा में तेजी से प्रगति कर सकता है। भारत में अभी अमृत काल चल रहा है और यह भारत के इतिहास का वह कालखंड है जब देश एक लंबी छलांग लगाने जा रहा है। उन्होंने आस-पास के कई देशों का उदाहरण दिया जिन्होंने एक निर्धारित समय सीमा में इतनी लंबी छलांग लगाई कि विकसित राष्ट्र बन गए।उन्होंने कहा, भारत के लिए यही समय है, सही समय है। इस अमृत काल के प्रत्एक क्षण का उपयोग किया जाना चाहिए। प्रधानमंत्री ने एक ऐसी अमृत पीढ़ी बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया जो राष्ट्रीय हित को सर्वोपरि रखे। प्रधानमंत्री आजादी की 75वीं वर्षगांठ से 100वीं वर्षगांठ तक के सफर को अक्सर अमृत काल कहते हैं। उन्होंने शिक्षा और कौशल से आगे बढ़ने की जरूरत पर बल दिया और नागरिकों के बीच राष्ट्रीय हित और नागरिक भावना के लिए सतर्कता का आह्वान किया।प्रधानमंत्री ने कहा कि जब नागरिक अपनी भूमिका में अपना कर्तव्य निभाना शुरू कर देते हैं, तो

देश आगे बढ़ता है। उन्होंने जल संरक्षण, बिजली की बचत, खेती में कम रसायनों का उपयोग और सार्वजनिक परिवहन के उपयोग के माध्यम से प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण का उदाहरण दिया। उन्होंने शिक्षाविद समुदाय से स्वच्छता अभियान को नई ऊर्जा देने, जीवनशैली के मुद्दों से निपटने और युवाओं द्वारा मोबाइल फोन से परे दुनिया की खोज करने के तरीके सुझाने को कहा।उन्होंने कहा, पूरी दुनिया की नजर भारत के युवाओं पर है। युवा शक्ति परिवर्तन की वाहक भी है और परिवर्तन की लाभार्थी भी। प्रधानमंत्री ने कुलपतियों और संस्थानों के प्रमुखों से छात्रों के लिए आदर्श बनने का आह्वान किया।उन्होंने कहा, आपको अपने संस्थानों में दाखिला लेने वाले छात्रों के लिए आदर्श बनने की जरूरत है। देश की तेजी से बढ़ती आबादी में युवाओं की संख्या का उल्लेख करते हुए मोदी ने बताया कि भारत आने वाले 25-30 वर्षों तक कामकाजी उम्र की आबादी के मामले में अग्रणी बनने जा रहा है और दुनिया इस बात को समझती है।उन्होंने कहा, युवा शक्ति बदलाव की वाहक भी है और बदलाव की लाभार्थी भी है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि अगले 25 साल आज के कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में युवाओं के करियर के लिए निर्णायक होंगे।उन्होंने कहा कि ए युवा ही हैं जो भविष्य में नए परिवार और नया समाज बनाएंगे, उन्हें ही यह तय करने का अधिकार है कि एक विकसित भारत कैसा होना चाहिए।प्रधानमंत्री ने कहा कि इसी भावना के साथ सरकार देश के हर युवा को विकसित भारत की कार्ययोजना से जोड़ना चाहती है।विकसित भारत के निर्माण के लिए देश के युवाओं की आवाज को नीतिगत रणनीति में ढालने पर जोर देते हुए मोदी ने युवाओं के साथ अधिकतम संपर्क बनाए रखने वाले शैक्षणिक संस्थानों की भूमिका पर प्रकाश डाला। विकसित भारत 2047 का लक्ष्य भारत को स्वाधीनता के 100वें वर्ष 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनाना है। इस दृष्टिकोण में विकास के विभिन्न पहलुओं को शामिल किया गया है, जिनमें आर्थिक विकास, सामाजिक प्रगति, पर्यावरणीय स्थिरता और सुशासन शामिल हैं।

असम के मुख्यमंत्री ने की पीएम मोदी से मुलाकात

नई दिल्ली। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने सोमवार को यहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात कर राज्य से जुड़े कई मुद्दों पर चर्चा की।शर्मा ने प्रधानमंत्री को कामाख्या गलियारा परियोजना की आधारशिला रखने, जोरहाट में बीर लाचित बोड़फुकन की भव्य प्रतिमा राष्ट्र को समर्पित करने और दो मेडिकल कॉलेजों का उद्घाटन और आधारशिला रखने के लिए असम आने का निमंत्रण भी दिया।प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। शर्मा ने एक्स पर लिखा, मुझे आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मिलने का सौभाग्य मिला। उनके निरंतर मार्गदर्शन और नेतृत्व के लिए आभार व्यक्त किया और जन-समर्थक कार्यक्रमों के बारे में उन्हें जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री को असम आने और कामाख्या गलियारा परियोजना की आधारशिला रखने, जोरहाट में बीर लाचित की भव्य प्रतिमा समर्पित करने, तिनसुकिया मेडिकल कॉलेज का उद्घाटन करने और शिवसागर मेडिकल कॉलेज की आधारशिला रखने का निमंत्रण देना उनके लिए खुशी की बात है। उन्होंने कहा, इसके अलावा, मैंने 2024 में असम व्यापार सम्मेलन के आयोजन के लिए प्रधानमंत्री का मार्गदर्शन लिया। हमारा उद्देश्य इसे निजी निवेश आकर्षित करने और हमारी आर्थिक वृद्धि को गति देने के लिए एक मंच के रूप में स्थापित करना है।

क्विक न्यूज

शरद पवार ने कहा, प्याज निर्यात पर रोक के फैसले को वापस ले सरकार

नासिक। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के अध्यक्ष शरद पवार ने सोमवार को केंद्र सरकार से प्याज निर्यात पर लगाई गई पाबंदी को तत्काल हटाने की मांग करते हुए कहा कि सरकार किसानों की कड़ी मेहनत को नजरअंदाज कर रही है। सरकार ने हाल ही में प्याज के निर्यात पर अगले साल 31 मार्च तक के लिए रोक लगा दी है। सरकार ने यह कदम प्याज की घरेलू कीमतों को काबू में रखने और उपलब्धता बढ़ाने के मकसद से उठाया है। लेकिन प्याज उत्पादक किसान इस फैसले से खुश नहीं है और देश के कई हिस्सों में इसका विरोध कर रहे हैं। महाराष्ट्र के नासिक जिले में भी प्याज उत्पादक किसान इस फैसले को वापस लेने की मांग कर रहे हैं। पवार ने प्याज उत्पादन के लिए देशभर में अग्रणी नासिक जिले के चंदवाड गांव में किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि किसानों को एकजुट होकर अपनी मांग बुलंद करने की जरूरत है। उन्होंने कहा, इस मामले में नासिक रास्ता दिखा सकता है। पूर्व केंद्रीय कृषि मंत्री पवार ने कहा कि प्याज की खेती करने वाले छोटे किसान हैं और अच्छी फसल के लिए कड़ी मेहनत करते हैं। उन्होंने कहा कि कृषि मंत्री रहते समय उन्होंने कभी भी प्याज की कीमतों को नीचे लाने या उसके निर्यात पर रोक लगाने की कोशिश नहीं की थी। पवार ने कहा, केंद्र सरकार का प्याज निर्यात पर प्रतिबंध लगाने का फैसला तत्काल वापस लिया जाना चाहिए। इसके साथ ही अंगूर उत्पादक किसानों के लिए हालात प्रतिकूल होने का अंदेशा जताते हुए उन्होंने कहा कि बांग्लादेश ने अपने यहां अंगूर के आयात पर 160 रुपए का शुल्क लगा दिया है। इससे अंगूर उत्पादक किसानों की मुश्किलें बढ़ सकती हैं।

आरबीआई ने ऋण माफी पर अनधिकृत अभियानों को लेकर किया आगाह

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने जनता को प्रिंट मीडिया के साथ-साथ सोशल मीडिया मंच पर ऋण माफी की पेशकश से संबंधित भ्रामक विज्ञापनों को लेकर सोमवार को आगाह किया। आरबीआई की ओर से जारी बयान के अनुसार, उसने ऋण माफी की पेशकश करके उधारकर्ताओं को लुभाने वाले कुछ भ्रामक विज्ञापनों पर गौर किया है। ए संस्थाएं प्रिंट मीडिया के साथ-साथ सोशल मीडिया मंच पर भी ऐसे कई अभियानों को सक्रिय रूप से बढ़ावा दे रही हैं। ऐसी संस्थाओं द्वारा बिना किसी अधिकार के ऋण माफी प्रमाणपत्र जारी करने के लिए सेवाकानूनी शुल्क वसूलने की भी खबरें हैं। केंद्रीय बैंक ने कहा कि कुछ स्थानों पर कुछ लोगों द्वारा कर्ज माफी की पेशकश से संबंधित अभियान चलाए जा रहे हैं, जो अपने अधिकारों को लागू करने में बैंकों के प्रयासों को कमजोर करते हैं। आरबीआई ने कहा, ऐसी संस्थाएं गलतबयानी कर रही हैं कि बैंकों सहित वित्त संस्थानों का बकाया चुकाने की जरूरत नहीं है। ऐसी गतिविधियां वित्त संस्थानों की स्थिरता और सबसे अधिक जमाकर्ताओं के हित को कमजोर करती हैं। आरबीआई ने आगाह किया कि ऐसी संस्थाओं के साथ जुड़ने से सीधे तौर पर वित्तीय नुकसान हो सकता है। केंद्रीय बैंक ने कहा कि जनता को आगाह किया जाता है कि वे ऐसे झूठे व भ्रामक अभियानों का शिकार न बनें और ऐसी घटनाओं की शिकायत कानून प्रवर्तन एजेंसियों से करें।

राज्य सरकारों को आदिवासियों की संस्कृति और परंपरा अक्षुण्ण बनाए रखने पर ध्यान देने की जरूरतः मुंडा

नई दिल्ली। झारखंड समेत राज्यों में आदिवासियों के धर्मांतरण के मुद्दे पर केंद्र सरकार ने सोमवार को कहा कि यह राज्यों का विषय है और राज्य सरकार को इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि जनजातीय समुदायों के जीवन मूल्य, भाषा, संस्कृति और परंपराएं अक्षुण्ण रहें। केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री अर्जुन मुंडा ने लोकसभा में भारतीय जनता पार्टी के सांसद संजय सेठ के पूरक प्रश्न का उत्तर देते हुए यह बात कही। झारखंड से सांसद सेठ ने पूछा था कि क्या सरकार का ध्यान उनके राज्य में आदिवासियों के धर्मांतरण पर है। जवाब में मुंडा ने कहा, वैसे तो यह विषय राज्य सरकारों का है और राज्य सरकार को इन बातों का ध्यान रखना चाहिए कि तमाम समुदायों, खासकर जनजातीयों के जीवन मूल्य, भाषा, संस्कृति और परंपराएं अक्षुण्ण रहें। उन्होंने कहा कि सदस्य ने जो विषय उठाया है, उस तरह की शिकायतें कुछ राज्यों से आती हैं कि वहां इन बातों का ध्यान नहीं रखा जाता। मुंडा ने कहा कि केंद्र सरकार की ओर से जनजातीय शोध संस्थानों और राज्य सरकारों का ध्यान इस ओर दिलाया जाता है कि वे आदिवासियों की संस्कृति और परंपरा की जीवंत व्यवस्थाओं को बनाए रखने के लिए संवेदनशील रहकर काम करें, ताकि मूल उद्देश्य बना रहे।

टीएमसी नेता महुआ मोइत्रा ने लोकसभा से निष्कासन को उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी

नई दिल्ली। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की नेता महुआ मोइत्रा ने सोमवार को उच्चतम न्यायालय का रुख किया और लोकसभा से अपने निष्कासन को चुनौती दी। लोकसभा की आचार समिति ने उस रिपोर्ट को स्वीकार कर लिया जिसमें मोइत्रा को पैसे लेकर सवाल पूछने के मामले में अनैतिक एवं अशोभनीय आचरण का जिम्मेदार माना गया था। संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने आठ दिसंबर को हंगामेदार चर्चा के बाद लोकसभा में मोइत्रा के निष्कासन का प्रस्ताव पेश किया जिसे सदन ने ध्वनिमत से मंजूरी दे दी। चर्चा में मोइत्रा को खुद का पक्ष रखने का मौका नहीं मिला था। अपने निष्कासन पर प्रतिक्रिया देते हुए मोइत्रा ने इस फैसले की तुलना कंगारू अदालत द्वारा सजा दिए जाने से करते हुए आरोप लगाया कि सरकार लोकसभा की आचार समिति को, विपक्ष को झुकने के लिए मजबूर करने का हथियार बना रही है। इससे पहले, आचार समिति के अध्यक्ष विनोद कुमार सोनकर ने मोइत्रा के खिलाफ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद निशिकांत दुबे द्वारा दर्ज कराई गई एक शिकायत पर समिति की पहली रिपोर्ट सदन में पेश की थी। दुबे ने अक्टूबर में उच्चतम न्यायालय के वकील जय अनंत देहाद्राई की एक शिकायत के आधार पर आरोप लगाया था कि मोइत्रा ने उद्योगपति गौतम अडाणी और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर हमला करने के लिए कारोबारी दर्शन हीरानंदानी से नकदी और उपहार के बदले में लोकसभा में सवाल पूछे थे। हीरानंदानी ने 19 अक्टूबर को आचार समिति को दिए एक हलफनामे में दावा किया था कि मोइत्रा ने लोकसभा सदस्यों की वेबसाइट के लिए उन्हें अपना लॉग-इन आईडी और पासवर्ड दिया था।

भारत और वियतनाम की सेनाओं के बीच हनोई में 11 दिवसीय सैन्य अभ्यास शुरू

नई दिल्ली। दक्षिण चीन सागर में चीन की बढ़ती आक्रामकता से उत्पन्न चिंताओं की पृष्ठभूमि में भारत और वियतनाम के बीच बढ़ती रणनीतिक भागीदारी के तहत दोनों देशों की सेनाओं ने सोमवार को हनोई में 11 दिवसीय सैन्य अभ्यास शुरू किया। भारतीय सेना ने कहा कि अभ्यास का उद्देश्य सहयोगात्मक साझेदारी और पारस्परिकता को बढ़ावा देना है। इसने कहा, संयुक्त अभ्यास दोनों सेनाओं के बीच समझ और पारस्परिकता को बढ़ावा देने में मदद करेगा तथा मित्रवत सेनाओं के बीच रक्षा सहयोग को और मजबूत करेगा। बढ़ते रणनीतिक संबंधों के चलते भारत ने जुलाई में वियतनाम को अपना सेवारत युद्धपोत आईएनएस कृपाण उपहार में दिया था। आसियान (दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों का संगठन) के महत्वपूर्ण सदस्य वियतनाम का दक्षिण चीन सागर क्षेत्र में चीन के साथ क्षेत्रीय विवाद है। दोनों सेनाओं के बीच विनबैक्स-23 नामक सैन्य अभ्यास हनोई में 11 से 21 दिसंबर तक होगा। भारतीय दल में 45 कर्मी शामिल हैं जिनमें से 39 कर्मी बंगाल इंजीनियर ग्रुप की इंजीनियर रेजिमेंट से और छह आर्मी मेडिकल कोर से हैं। वियतनाम की सेना की तरफ से भी अभ्यास में 45 कर्मी भाग ले रहे हैं। विनबैक्स की शुरुआत 2018 में की गई थी और इसके तहत पहला संयुक्त सैन्य अभ्यास मध्य प्रदेश के जबलपुर में आयोजित किया गया था। यह भारत और वियतनाम में बारी-बारी से आयोजित किया जाने वाला वार्षिक प्रशिक्षण कार्यक्रम है।

सोनिया, राहुल को बताना होगा कि कांग्रेस सांसद साहू से जब्त की गई नकदी किसकी हैः नड्डा

भाषा। नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जे पी नड्डा के नेतृत्व में पार्टी सांसदों ने सोमवार को संसद परिसर में प्रदर्शन किया और आरोप लगाया कि झारखंड से कांग्रेस के एक राज्यसभा सदस्य से जुड़ी डिस्टिलरी कंपनी पर आयकर विभाग की छापेमारी के दौरान जब्त की गई नकदी से साबित होता है कि विपक्षी पार्टी भ्रष्टाचार में आकंठ डूबी हुई है।कांग्रेस सांसद धीरज प्रसाद साहू के परिवार के स्वामित्व वाली बौध डिस्टिलरी प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ आयकर अधिकारियों द्वारा तलाशी के दौरान 351 करोड़ रुपए जब्त किए जाने के बाद नड्डा ने कहा, यह आकंठ भ्रष्टाचार में डूबे इनके कारनामे का छोटा सा हिस्सा है। सोनिया गांधी और राहुल गांधी को जवाब देना होगा कि यह किसका पैसा है और इसे कैसे लूटा गया? महात्मा गांधी की प्रतिमा के पास तख्तियां लिए प्रदर्शन कर रहे सांसदों ने साहू की गिरफ्तारी की भी मांग की।आधिकारिक सूत्रों ने रविवार को कहा था कि देश में किसी भी जांच एजेंसी द्वारा एक कार्वाई में जब्त की गई अब तक की सबसे

ज्यादा राशि है।उन्होंने कहा, कांग्रेस पार्टी और भ्रष्टाचार एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। कांग्रेस भ्रष्टाचार, कमीशनखोरी और अपराधीकरण के लिए जानी जाती है। भ्रष्टाचार और कदाचार कांग्रेस की रीति-नीति हैं। उन्होंने कहा, वसूली इस बात का जीता जागता सबूत है कि कांग्रेस भ्रष्टाचार के जरिए लोगों की गाढ़ी कमाई जमा कर रही है। नड्डा ने कहा, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) चाहती है कि सोनिया गांधी, कांग्रेस और राहुल गांधी, जो बार-बार केंद्रीय जांच एजेंसियों पर कटाक्ष करते हैं और उनके खिलाफ आरोप लगाते हैं, भ्रष्टाचार के माध्यम से जमा किए गए इस लूट के पैसे पर जवाब दें। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए प्रतिबद्ध है।उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भाजपा तभी राहत की सांस लेगी जब सभी भ्रष्टाचारियों को सलाखों के पीछे डाल दिया जाएगा। हम लोगों को उनके गलत कामों के बारे में बताएंगे और उन्हें बेनकाब करेंगे। भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रकाश जावड़ेकर ने भी कांग्रेस पर निशाना साधा और कहा कि बड़े पैमाने पर नकदी जब्त होने से पूरा देश स्तब्ध है। उन्होंने कहा, मशीनें अब भी पिछले चार दिनों से (आयकर विभाग द्वारा जब्त) नकदी की गिनती कर रही हैं... यह अब 354 करोड़ रुपए से अधिक है और यह राशि 1000 करोड़ रुपए तक पहुंच सकती है।

उन्होंने कहा, यह कांग्रेस की एटीएम मशीन थी। यही कारण है कि उन्हें (साहू) कांग्रेस से बाहर नहीं किया गया है। हम इसकी निंदा करते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस इतनी बेशर्म हो गई है कि वह साहू को पार्टी से निकालने के बजाय उनका समर्थन कर रही है।लोकसभा में भाजपा सदस्यों ने सोमवार को सदन में नकदी जब्त किए जाने का मुद्दा भी उठाया।रांची से भाजपा सदस्य संजय सेठ ने शून्यकाल के दौरान यह मुद्दा उठाते हुए कांग्रेस से जवाब मांगा।कार्यवाही की अध्यक्षता कर रहे राजेंद्र अग्रवाल ने सदस्यों से राज्यसभा सदस्य का नाम नहीं लेने का आग्रह किया और उनसे समाचार पत्रों को सदन में लहराने से मना किया।

शराब कंपनी पर आयकर विभाग की छापेमारी छठे दिन भी जारी, अब तक 353 करोड़ रु बरामद

भाषा। भुवनेश्वर

शराब बनाने वाली ओडिशा की एक कंपनी के समूह से जुड़े विभिन्न स्थानों पर आयकर विभाग की छापेमारी लगातार छठे दिन सोमवार को भी जारी रही और अब तक कुल 353 करोड़ रुपए की बेहिसाब नकदी बरामद की गई है। देशभर में किसी जांच एजेंसी द्वारा महज एक कार्वाई के तहत बरामद की गई यह अब तक कि सर्वाधिक धनराशि है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। आयकर विभाग के अधिकारी बौध जिले में कांग्रेस सांसद के परिवार के स्वामित्व वाली बौध डिस्टिलरीज की सुदापाड़ा इकाई में पहुंचे, जहां केंद्रीय एजेंसी ने छह दिसंबर को अपना तलाशी अभियान शुरू किया था। अधिकारियों ने बताया कि संबलपुर, टिटलागढ़, सुंदरगढ़, बोलांगीर और भुवनेश्वर में भी छापेमारी की गई।उन्होंने कहा कि सूचना प्रौद्योगिकी पेशेवरों के साथ आयकर विभाग की टीम ने रविवार रात को जब्त नकदी की गिनती पूरी कर ली और अब बरामद दस्तावेजों पर ध्यान केंद्रित किया गया है। एक अधिकारी ने कहा, 353 करोड़ रुपए की बेहिसाब नकदी की गिनती की गई और इसे रविवार रात तक जब्त कर लिया गया। देश में यह किसी भी जांच एजेंसी द्वारा महज एक कार्वाई के तहत बरामद की गई अब तक कि सर्वाधिक धन राशि है। ओडिशा में विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने सोमवार को सत्ताधारी बीजू जनता दल (बीजद) और राज्य सरकार पर हमला तेज कर दिया और उन पर राज्य में अवैध शराब के व्यापार को बढ़ावा देने और काले धन का प्रसार करने का आरोप लगाया। भाजपा की ओडिशा इकाई के अध्यक्ष मनमोहन सामल ने एक्स पर लिखा, ओडिशा सरकार की आबकारी नीति राज्य में शराब माफिया के फलने-फूलने के लिए जिम्मेदार है। सरकार शराब कारोबारी को अनुचित लाभ पहुंचा रही है और बीजद उस काले धन से चुनाव लड़ रही है।

भारत की जैव अर्थव्यवस्था 80 अरब अमेरिकी डॉलर की हुई : मांडविया

भाषा। नई दिल्ली

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने सोमवार को कहा कि भारत की जैव-अर्थव्यवस्था पिछले आठ वर्षों में आठ गुना बढ़कर 10 अरब अमेरिकी डॉलर से 80 अरब अमेरिकी डॉलर हो गई है। उन्होंने रेखांकित किया कि आने वाले समय में जैव प्रौद्योगिकी चिकित्सा के लिए सबसे बड़ा आधार बनेगी। अहमदाबाद के विज्ञान भवन में बायोटेक्नोलॉजी : द पाथ ऑफ इनोवेशन ऐंड वेलनेस फॉर विकसित भारत नाम से आयोजित कार्यक्रम को ऑनलाइन माध्यम से संबोधित करते हुए मांडविया ने कहा कि भारतीय जैव प्रौद्योगकी उद्योग को 2025 तक 150 अरब डॉलर और 2030 तक 300 अरब डॉलर तक करने का लक्ष्य है। मांडविया ने कहा कि भारत वर्तमान में वैश्विक जैव प्रौद्योगिकी उद्योग में लगभग तीन प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ दुनिया में जैव प्रौद्योगिकी के लिए शीर्ष 12 गंतव्यों में से एक है। यह कार्यक्रम 10वें वाइब्रेंट गुजरात वैश्विक शिखर सम्मेलन के क्रम में आयोजित किया गया जिसमें गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल ने भी हिस्सा लिया। शिखर सम्मेलन जनवरी में गांधीनगर में गेटवे टू द फ्यूचर थीम के साथ आयोजित किया जाएगा। मांडविया ने कहा, यह उद्योग (जैव प्रौद्योगिकी) कृषि, पर्यावरण, औद्योगिक उत्पादन और कई अन्य क्षेत्रों में जटिल समस्याओं का समाधान खोजने का माध्यम बनेगा। इसके मद्देनजर भविष्य में अर्थव्यवस्था जैव प्रौद्योगिकी आधारित हो जाएगी।

सोरेन के खिलाफ लाभ के पद मामले में निर्वाचन आयोग की सिफारिश पर हो रहा है विचारः राज्यपाल

रांची। झारखंड के राज्यपाल सी. पी. राधाकृष्णन ने सोमवार को कहा कि राजभवन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ खनन पट्टे की अवधि बढ़ाने को लेकर लाभ के पद मामले में निर्वाचन आयोग की सिफारिश पर विचार कर रहा है।राज्यपाल ने यह भी कहा कि जिन लोगों ने गलत काम किया है और दोषी पाए गए हैं, उन्हें परिणाम भुगतना होगा।निर्वाचन आयोग ने पिछले साल अगस्त में उस याचिका पर राजभवन को अपनी राय भेजी थी, जिसमें मांग की गई थी कि सोरेन को खुद के लिए खनन पट्टा की अवधि बढ़ाने और चुनावी मानदंडों का उल्लंघन करने के लिए विधानसभा सदस्य के तौर पर अयोग्य घोषित किया जाए।राजभवन में एक कार्यक्रम के दौरान निर्वाचन आयोग की सिफारिश को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में राधाकृष्णन ने कहा, कुछ कठिनाइयां हैं।

आरएसएस ने अनुच्छेद 370 पर न्यायालय के फैसले का स्वागत किया

कहा-राष्ट्रीय एकता मजबूत होगी

भाषा। नई दिल्ली

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने सोमवार को कहा कि अनुच्छेद 370 को निरस्त करने संबंधी केंद्र के फैसले को उच्चतम न्यायालय द्वारा बरकरार रखे जाने से राष्ट्रीय एकता मजबूत होगी। आरएसएस के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने एक बयान में कहा कि संघ शुरू से ही संविधान के अनुच्छेद 370 का विरोध करता रहा है। उन्होंने कहा, उच्चतम न्यायालय द्वारा अनुच्छेद 370 समाप्त करने को वैधता प्रदान किया जाना स्वागत योग्य है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ इस निर्णय का स्वागत करता है। संघ शुरू से ही अनुच्छेद 370 का विरोध करता रहा है और इसने इस विषय पर कई प्रस्ताव भी पारित किए हैं तथा समस्त आंदोलनों में सहभागिता की है। यह निर्णय राष्ट्रीय एकता को मजूबत करेगा। आंबेकर ने कहा, अनुच्छेद 370 के कारण जम्मू कश्मीर में वर्षों से अन्याय सह रहे लोगों को इस निर्णय से मुक्ति मिली है। उच्चतम न्यायालय ने पूर्ववर्ती जम्मू-कश्मीर राज्य को विशेष दर्जा देने वाले संविधान के अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को निरस्त करने के केंद्र सरकार के फैसले को सर्वसम्मति से बरकरार रखा है। न्यायालय ने केंद्रशासित प्रदेश (जम्मू कश्मीर) का राज्य का दर्जा जल्द से जल्द बहाल किए जाने और अगले साल 30 सितंबर तक विधानसभा चुनाव कराने का निर्देश भी दिया है।

तमिलनाडु में आरएसएस के मुखपत्र के पूर्व संपादक की ट्रेन से कटकर मौत

चेन्नई। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की तमिल पत्रिका विजयबारथम के पूर्व संपादक सुंदर जोथी की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। संगठन ने सोमवार को यह जानकारी दी। जोथी (68) पत्रिका के पूर्णकालिक कर्मचारी थे और उनकी दृष्टि एवं श्रवण क्षमता कम थी। वह 10 दिसंबर की शाम को चेटपेट रेलवे स्टेशन के पास एक एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आ गए थे। एक बयान में यह जानकारी दी गई। सुंदर जोथी को संघ के कार्यकर्त्ता प्यार से जोथी जी कहकर बुलाते थे। जोथी ने एक दशक से अधिक समय तक तमिल में प्रकाशित होने वाली आरएसएस की आधिकारिक पत्रिका का नेतृत्व किया और प्रशासनिक कार्य भी संभाले। चार दशकों से अधिक समय तक प्रचारक रहे जोथी ने संगठन में विभिन्न पदों पर काम किया। जोथी स्वभाव से मिलनसार, स्पष्टवादी और तमिल एवं अंग्रेजी भाषा के अच्छे जानकार थे। आरएसएस का राज्य मुख्यालय चेन्नई के चेटपेट में स्थित है।

ई-मोबिलिटी को बढ़ावा देगा टाटा

मुंबई। टाटा पावर की कंपनी और भारत में अग्रणी ईवी चार्जिंग सॉल्यूशंस प्रोवाइडर्स में से एक टाटा पावर ईवी चार्जिंग सॉल्यूशंस लिमिटेड (टीपीईवीसीएसएल) ने कानपुर में छह रणनीतिक स्थानों पर 12 ईवी चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने के लिए कानपुर नगर निगम के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। यह सहयोग कानपुर में ईवी इन्फ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में क्रांति लाने के लिए एक अग्रणी पहल की शुरुआत का प्रतीक है। ये चार्जिंग स्टेशन शहर भर के प्रमुख बिंदुओं पर महत्वपूर्ण लोकेशंस पर कायम किए जाएंगे, शहर भर में कुल 12चार्जिंग पॉइंट होंगे। इस तरह, टाटा पावर का सुलभ और विश्वसनीय ईवी चार्जिंग बुनियादी ढांचा ईवी चार्जिंग स्टेशन स्थापित करनेऔर राज्य भर में ई-मोबिलिटी अपनाने में तेजी लाने की उत्तर प्रदेश सरकार की दूरदर्शी योजना का समर्थन करेगा। टाटा पावर के हैड - बिजनेस डेवलपमेंट (ईवी चार्जिंग) वीरेंद्र गोयल ने कहा, ''कानपुर नगर निगम के साथ हमारी साझेदारी हमारी उस यात्रा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जिसमें हमने देश भर में सस्टेनेबल मोबिलिटी संबंधी पहल को आगे बढ़ाने के लिए सरकारी और निजी दोनों संगठनों के साथ लगातार कई साझेदारियां कायम की हैं।

जजों के लिए सालाना संपत्ति की घोषणा अनिवार्य किया जाए

भाषा। नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राज्यसभा सदस्य सुशील कुमार मोदी ने सोमवार को कहा कि उच्च न्यायालयों और उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीशों के लिए सालाना संपत्ति की घोषणा करना अनिवार्य किया जाना चाहिए, जैसा कि मंत्रियों और नौकरशाहों द्वारा किया जाता है।उन्होंने इसे लागू करने के लिए मौजूदा कानून में संशोधन करने या एक नया कानून बनाने का सुझाव दिया।सदन में शून्यकाल के दौरान यह मुद्दा उठाते हुए भाजपा के वरिष्ठ सदस्य ने कहा कि प्रधानमंत्री सहित मंत्रियों और आईएएस तथा आईपीएस अधिकारियों जैसे नौकरशाहों को सालाना अपनी संपत्ति की घोषणा करनी होती है।उन्होंने कहा कि उच्चतम न्यायालय ने निर्देश दिया है कि जनता को विधानसभाओं और संसद के लिए चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों की संपत्ति के बारे में जानने का अधिकार है इसलिए उम्मीदवार इसकी घोषणा करते हुए एक हलफनामा भी दायर करते हैं।निर्वाचित होने के बाद जनप्रतिनिधियों को अपनी संपत्ति का ब्योरा देना होता है। उन्होंने कहा, सार्वजनिक पद पर आसीन

और सरकारी खजाने से वेतन ले रहे किसी भी व्यक्ति को अनिवार्य रूप से अपनी संपत्तियों का वार्षिक ब्योरा घोषित करना चाहिए, भले ही वह किसी भी पद पर हो। भाजपा सदस्य ने सुझाव दिया कि सरकार को या तो मौजूदा कानून में संशोधन करना चाहिए या उच्च न्यायालयों में न्यायाधीशों के लिए अपनी संपत्ति की घोषणा करना अनिवार्य बनाने के लिए एक नया कानून बनाना चाहिए।उन्होंने कहा कि एक मतदाता के रूप में जिस प्रकार किसी विधायक या सांसद की संपत्ति का विवरण जानने का अधिकार है, वादी को भी उसी प्रकार न्यायाधीशों की संपत्ति जानने का अधिकार है।उन्होंने कहा कि इससे न्यायिक प्रणाली में वादी का विश्वास फिर से पैदा होगा।उन्होंने कहा कि मई 1997 में उच्चतम न्यायालय की पूर्ण पीठ ने फैसला किया था कि सभी न्यायाधीश अनिवार्य रूप से अपनी संपत्तियों की घोषणा करेंगे। लेकिन बाद में एक पूर्ण पीठ ने इसे स्वैच्छिक बना दिया।सुशील मोदी ने कहा कि उन्होंने सुबह उच्चतम न्यायालय की वेबसाइट देखी और पाया कि संपत्ति घोषणा अनुभाग को 2018 से अपडेट नहीं किया गया है क्योंकि संपत्ति की घोषणा स्वैच्छिक कर दी गई है। भाजपा सदस्य ने कहा कि केवल पांच उच्च न्यायालयों ने ऐसी जानकारी प्रदान की है, और वह भी केवल कुछ न्यायाधीशों के बारे में।इस बीच, तृणमूल कांग्रेस के अबीर रंजन बिस्वास ने महिलाओं के खिलाफ अपराध के बढ़ते मामलों से निपटने की जरूरत पर बल दिया।उन्होंने कहा कि हाल ही में राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़ों से पता चलता है कि 2022 में महिलाओं के खिलाफ अपराध के 4.45 लाख से अधिक मामले हुए।उन्होंने कहा कि इसका मतलब है कि हर घंटे 51 प्राथमिकी दर्ज की जाती है।उन्होंने कहा, ... महिलाओं की सुरक्षा सर्वोपरि हो गई है। अधिकारियों के लिए यह जरूरी है कि वे इस पर ध्यान दें और पूरे देश में महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए मजबूत उपायों को लागू करें। तृणमूल कांग्रेस के सदस्य ने आगे कहा क

भारतीय युवाओं को आजमाने का मौका

●सिर्फ पांच मैच बाकी, दक्षिण अफ्रीका से मैच आज

भाषा। गक्बेरहा (दक्षिण अफ्रीका)

पहला मैच बारिश की भेंट होने की वजह से भारत के युवा खिलाड़ियों के पास से टी20 विश्व कप के लिए अपनी दावेदारी पुख्ता करने का एक मौका निकल गया लिहाजा भारतीय टीम प्रबंधन मंगलवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टी20 में मौसम साफ रहने की दुआ कर रहा होगा। डरबन में रविवार को मैच में टॉस भी नहीं हो सका और दूसरे मैच में भी बारिश का पूर्वानुमान है। अब जून में होने वाले टी20 विश्व कप से पहले भारत को इस प्रारूप में सिर्फ पांच मैच और खेलने हैं और टीम प्रबंधन के पास खिलाड़ियों को आजमाने के लिए बस इतने ही मैच बचे हैं। मौजूदा हालात में अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम के चयन का मुख्य आधार आईपीएल होगा। चयनकर्ताओं ने इस श्रृंखला के लिए 17 सदस्ईय टीम चुनी थी और अब यह संभव नहीं लग रहा कि बाकी दो मैचों में सभी 17 खिलाड़ियों को मौका मिल सकेगा। विश्व कप के ठीक बाद आस्ट्रेलिया के खिलाफ खेली गई टी20 श्रृंखला में शुभमन गिल टीम का हिस्सा नहीं थे। छह महीने बाद होने वाले टी20 विश्व कप में उनकी, सूर्यकुमार यादव और रिंकू सिंह की जगह तो लगभग तय है। यशस्वी जायसवाल और रूतुराज गायकवाड़ ने रन बनाए हैं लेकिन अगर रोहित शर्मा और विराट कोहली विश्व कप खेलते हैं तो इन दोनों युवाओं को आईपीएल में चमत्कारिक प्रदर्शन करना होगा। विश्व कप से पहले इसके बाद भारतीय टीम को सिर्फ अफगानिस्तान से घरेलू श्रृंखला खेलनी है। ऐसे में विश्व कप टीम के चयन का आधार आईपीएल ही रखने के लिए चयनकर्ता मजबूर होंगे। रिंकू की तरह जितेश वर्मा भी टी20 प्रारूप में अच्छे फिनिशर हैं। आस्ट्रेलिया के खिलाफ अच्छे प्रदर्शन के बाद वह इसे दोहराना चाहेंगे। दक्षिण अफ्रीकी पिचों की अतिरिक्त उछाल युवा भारतीय बल्लेबाजों के लिए चुनौतीपूर्ण हो सकती है। गेंदबाजी में अर्शदीप सिंह और जसप्रीत बुमराह का विश्व कप टीम में चयन तय है। इस श्रृंखला के लिए दीपक चाहर का चयन हुआ था लेकिन निजी कारणों से वह नहीं आ सके। कुलदीप यादव और रवि बिश्नोई स्पिन का मोर्चा संभालेंगे जबकि रविंद्र जडेजा विश्व कप के बाद ब्रेक पर हैं। भारत की ही तरह दक्षिण अफ्रीका के पास भी विश्व कप से पहले पांच ही मैच बचे हैं। पहले दो मैचों के लिए मार्को जेनसन और गेराल्ड कोत्जी का चयन हुआ है।

गावस्कर ने सीएसए से बारिश के दौरान ईडन गार्डन्स की तरह पूरा मैदान ढकने को कहा

नई दिल्ली। महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच बारिश के कारण पहला टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबला एक भी गेंद फेंके बिना रद्द होने के बाद क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) को सलाह दी है कि वे ईडन गार्डन्स से सीख ले।गावस्कर ने कहा है कि दक्षिण अफ्रीका के क्रिकेट बोर्ड को बारिश के दौरान ईडन की तरह पूरे मैदान को ढकना चाहिए जिससे कि नुकसान कम से कम हो।गावस्कर ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा, बोर्ड को पूरा मैदान ढकने की जरूरत है। कोई बहाना नही बनाया जाए। सभी (क्रिकेट बोर्ड को) को काफी पैसा मिल रहा है। कोई गलती नही करे। सभी क्रिकेट बोर्ड को काफी पैसा मिल रहा है। अगर वे कहते है कि ऐसा नही है तो वे झूठ बोल रहे है।उनके पास शायद बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) जितना पैसा नही हो। कोई समस्या नही। लेकिन प्रत्एक बोर्ड के पास इतना पैसा है कि पूरे मैदान को ढकने के लिए कवर खरीद सके। कोई का ईडन गार्डन्स फिलहाल देश का एकमात्र स्टेडियम है जहां बारिश की स्थिति मे पूरे मैदान को ढकने की सुविधा उपलब्ध है। सौरव गांगुली जब बंगाल क्रिकेट संघ (कैब) के अध्यक्ष थे तो उन्होने इससे जुड़ी पहल की थी।

तमिलनाडु, हरियाणा, राजस्थान और कर्नाटक सेमीफाइनल में पहुंचे

●विजय हजारे ट्रॉफी

भाषा। राजकोट

बाबा इंद्रजीत के शतक और विजय शंकर के अर्धशतक की मदद से तमिलनाडु ने सोमवार को यहां मुंबई को सात विकेट से हराकर विजय हजारे ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। तमिलनाडु पहले सेमीफाइनल में हरियाणा का सामना करेगा जिसने एक अन्य क्वार्टर फाइनल मैच में बंगाल को चार विकेट से हराया। दूसरा सेमीफाइनल कर्नाटक और राजस्थान के बीच खेला जाएगा। कर्नाटक ने विदर्भ को सात विकेट से जबकि राजस्थान ने केरल को 200 रन से हराया। तमिलनाडु के अनुभवी स्पिनर आर साई किशोर और आईपीएल में अपनी विशेष छाप छोड़ने वाले वरुण चक्रवर्ती ने तीन-तीन विकेट लिए और मुंबई को 48.3 ओवर में 227 रन पर समेटने में अहम भूमिका निभाई। मुंबई की तरफ से प्रसाद पवार ने 59 और शिवम दुबे ने 45 रन का योगदान दिया। इन दोनों ने केवल 12.4 ओवर में पांचवें विकेट के लिए 82 रन की साझेदारी की। इसके बाद तमिलनाडु के गेंदबाजों ने केवल 53 रन के अंदर छह विकेट लेकर मुंबई की पारी का अंत किया। पूर्व भारतीय कप्तान अजिंक्य रहाणे फिर से नहीं चल पाए और केवल एक रन बनाकर पवेलियन लौटे। इसके जवाब में तमिलनाडु किसी भी समय दबाव में नहीं दिखा जबकि उसका स्कोर एक समय तीन विकेट पर 103 रन था। इसके बाद इंद्रजीत (98 गेंद पर नाबाद 103 रन) और विजय शंकर (58 गेंद पर नाबाद 51 रन) ने 126 रन की अटूट साझेदारी करके टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया। इंद्रजीत ने अपनी पारी में 11 चौके जबकि विजय ने आठ चौके और एक छक्का लगाया। युजवेंद्र चहल ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला से पहले अच्छा प्रदर्शन करके 37 रन देकर चार विकेट लिए जिससे हरियाणा ने बंगाल को चार विकेट से पराजित किया। बंगाल की टीम शाहबाज अहमद के 100 रन के बावजूद निर्धारित 50 ओवर में 225 रन ही बना पाई। शाहबाज के बाद दूसरा बड़ा स्कोर अभिषेक पोरल का था जिन्होंने 24 रन बनाए। इसके जवाब में हरियाणा का स्कोर एक समय दो विकेट पर 14 रन था लेकिन अंकित कुमार (102) और अशोक मेनारिया (39) ने तीसरे विकेट के लिए 126 रन जोड़कर टीम को लक्ष्य तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई।

रियल कश्मीर ने गोकुलम केरल को 3-0 से हराया

श्रीनगर। रियल कश्मीर फुटबॉल क्लब (आरकेएफसी) ने अपने घरेलू दर्शकों के सामने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए आईलीग फुटबॉल प्रतियोगिता मे सोमवार को यहां गोकुलम केरल को 3-0 से पराजित किया। रियल कश्मीर ने शुरू से ही खेल पर दबदबा बनाए रखा। उसकी तरफ से पहला गोल नोहेरे व्रीजो ने 31वे मिनट मे किया। इस गोल की बदौलत रियल कश्मीर की टीम मध्यांतर तका-0 से आगे थी।

फ्रांस के खिलाड़ियों कोर्नेट और काजो को ऑस्ट्रेलियाई ओपन के लिए वाइल्ड कार्ड

पेरिस। फ्रांस के टेनिस खिलाड़ियो एलिस कोर्नेट और आर्थर कोजो को अगले महीने होने वाले ऑस्ट्रेलियाई ओपन के लिए वाइल्ड कार्ड दिया गया है। फ्रेंच टेनिस महासंघ ने सोमवार को यह घोषणा की। दुनिया की 116वे नंबर की खिलाड़ी 33 साल की कोर्नेट 19वी बार ऑस्ट्रेलियाई ओपन मे हिस्सा लेगी। वह अपने ही रिकॉर्ड मे सुधार करते हुए लगातार 68वे ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट मे खेलेगी। वह पिछले साल मेलबर्न मे पहली बार क्वार्टर फाइनल मे पहुंची थी जो किसी ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट मे उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है।

मोहन बागान, एएफसी कप में अभियान खत्म

माले (मालदीव)। अंतर क्षेत्रीय सेमीफाइनल मे दो बार जगह बनाने वाले मोहन बागान को सोमवार को माजिया स्पोर्ट्स एवं रीक्रिएशन के खिलाफ 0-1 से शिकस्त झेलनी पड़ी जिससे छह मैच मे तीन हार के साथ एएफसी कप फुटबॉल टूर्नामेंट मे उसका अभियान खत्म हो गया। माजिया की टीम को 40वे मिनट मे हसन रईफ ने बढ़त दिलाई जिसके बाद जुआन फर्नांडो के मार्गदर्शन मे खेल रही मोहन बागान की टीम बराबरी करने मे नाकाम रही।

आडवाणी की राष्ट्रीय स्नूकर में पीटर पॉल पर आसान जीत

चेन्नई। कई बार के विश्व चैंपियन और एशियाई खेलो के दो बार के स्वर्ण पदक विजेता पेट्रोलियम खेल संवर्धन बोर्ड (पीएसपीबी) के पंकज आडवाणी ने 103, 107 और 134 के ब्रेक की मदद से सोमवार को यहां 90वी राष्ट्रीय बिलियर्ड्स एवं स्नूकर चैंपियनशिप के राउंड रोबिन लीग चरण मे रेलवे खेल संवर्धन बोर्ड (आरएसपीबी) के पीटर पॉल के खिलाफ 4-0 की आसान जीत दर्ज की।

चिरंजीवी के चार विकेट

लखनऊ। मैन ऑफद मैच चिरंजीवी गुप्ता 4 विकेट एवं सत्यम यादव 3 विकेट की गेंदबाजी से अवध स्काई स्पोर्ट्स क्रिकेट अकादमी ने 19वीं बीबीडी सी डिवीजन क्रिकेट लीग के कम स्कोर के मुकाबले में एसआरके क्रिकेट अकादमी को 7 विकेट से हराया। पंडित रास बिहारी तिवारी स्टेडियम पर एसआरके क्रिकेट अकादमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 45 रन ही बना सका। जवाब में अवध स्काई स्पोर्ट्स क्रिकेट अकादमी ने 10 ओवर में 3 विकेट पर 46 रन बनाकर मैच जीत लिया।

भारत पांच देशों के टूर्नामेंट के लिए स्पेन रवाना

बेंगलुरू। भारतीय पुरूष और महिला हॉकी टीमे पांच देशो का टूर्नामेंट खेलने स्पेन रवाना हो गई जहां पुरूष टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह की नजरे टीम की एफआईएच रैंकिंग मे सुधार पर होगी जबकि महिला टीम की कप्तान सविता पूनिया अगले महीने होने वाले ओलंपिक क्वालीफायर से पहले सभी कमियो को दूर करने पर फोकस करेगी। दोनो टीमे 15 दिसंबर को स्पेन के खिलाफ अभियान का आगाज करेगी।

बड़े खिलाड़ी हैं कोहली, टेस्ट श्रृंखला में अहम होगी भूमिका : कैलिस

नई दिल्ली। दक्षिण अफ्रीका के महान हरफनमौला जाक कैलिस ने कहा कि दो मैचों की आगामी टेस्ट श्रृंखला में विराट कोहली का फॉर्म और दक्षिण अफ्रीकी पिचों की जानकारी भारत की सफलता के लिए अहम साबित होगी। भारत को सेंचुरियन में 26 से 30 दिसंबर तक और केपटाउन में तीन से सात जनवरी तक दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दो टेस्ट खेलने हैं जो आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप का हिस्सा होंगे। कैलिस ने स्टार स्पोटर्स से कहा , मुझे यकीन है कि वह दक्षिण अफ्रीका में शानदार प्रदर्शन करना चाहेगा। वह शानदार फॉर्म में है और भारत के लिए उसकी भूमिका अहम होगी। अगर उन्हें यहां जीतना है तो उसे अच्छा प्रदर्शन करना होगा। कोहली ने पिछले विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप चक्र में 30 पारियों में 932 रन बनाए। वह मौजूदा चक्र में एक शतक और एक अर्धशतक बना चुके हैं। वहीं वनडे विश्व कप में 765 रन बनाकर प्लेयर आफ द टूर्नामेंट रहे। कैलिस ने कहा , वह बहुत बड़ा खिलाड़ी है। दक्षिण अफ्रीका में खेल चुका है और काफी कामयाब रहा है। वह अपना अनुभव दूसरे खिलाड़ियों के साथ बांट सकता है। कोहली ने विदेश में लगाए गए 29 टेस्ट में से दो दक्षिण अफ्रीका में बनाए हैं। कैलिस ने कहा , यह भारतीय टीम अच्छी है लेकिन दक्षिण अफ्रीका को उसकी धरती पर हराना कठिन है।

इंग्लैंड ने भारत के खिलाफ टेस्ट के लिए हर्टले और बशीर की स्पिन जोड़ी को टीम में जगह दी

लंदन। इंग्लैंड ने भारत के खिलाफ अगले महीने होने वाली पांच टेस्ट की श्रृंखला के लिए 16 सदस्ईय टीम में चार विशेषज्ञ स्पिनरों को चुना है जिसमें टॉम हर्टले और बशीर की स्पिन जोड़ी भी शामिल है जिसे पदार्पण का इंतजार है।ऑफ स्पिनर हर्टले और बशीर दोनों इंग्लैंड लॉयन्स टीम का हिस्सा थे जिसने पिछले महीने संयुक्त अरब अमीरात में ट्रेनिंग की।समरसेट के लिए खेलने वाले 20 साल के बशीर ने इस साल जून में पदार्पण करने के बाद छह प्रथम श्रेणी मुकाबलों में 10 विकेट चटकाए हैं।टीम में शामिल दो अन्य विशेषज्ञ स्पिनर जैक लीच और लेग स्पिनर रेहान अहमद हैं। लीच पीठ की चोट उबर गए हैं। पिछले साल दिसंबर में पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट पदार्पण के दौरान पारी में पांच विकेट चटकाने वाले रेहान की टेस्ट टीम में वापसी हुई है। पिछली गर्मियों में काउंटी चैंपियनशिप के पांच मैच में 20.20 के औसत से 20 विकेट चटकाकर अपनी टीम को लगातार दूसरा खिताब दिलाने में मदद करने वाले गस एटकिंसन को भी पहली बार टेस्ट टीम में शामिल किया गया है। विश्व कप के बाद घुटने की सर्जरी कराने वाले बेन स्टोक्स टीम की अगुआई करेंगे लेकिन यह देखना होगा कि यह ऑलराउंडर गेंदबाजी करता है या नहीं। एशेज टीम में जगह बनाने में नाकाम रहे विकेटकीपर बल्लेबाज बेन फोक्स की टीम में वापसी हुई है।

आईसीसी अंडर 19 विश्व कप: भारत का पहला मुकाबला 20 जनवरी को बांग्लादेश से

दुबई। भारत आईसीसी अंडर 19 विश्व कप मे अपना पहला मैच 20 जनवरी को दक्षिण अफ्रीका के ब्लोमफोनटेन मे बांग्लादेश के खिलाफ खेलेगा। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने सोमवार को इस प्रतियोगिता का संशोधित कार्यक्रम जारी किया। पहले यह टूर्नामेंट श्रीलंका मे आयोजित किया जाना था लेकिन आईसीसी ने सरकारी हस्तक्षेप के कारण उसके क्रिकेट बोर्ड को निलंबित कर दिया और फिर अंडर 19 विश्व कप की मेजबानी दक्षिण अफ्रीका को सौप दी। इस कारण प्रतियोगिता का नया कार्यक्रम जारी करना पड़ा। भारतीय टीम को बांग्लादेश, आयरलैंड और अमेरिका के साथ ग्रुप ए मे रखा गया है। बांग्लादेश के बाद भारतीय टीम का सामना 25 जनवरी को ब्लोमफोनटेन मे आयरलैंड से होगा। वह अपना आखिरी लीग मैच इसी स्थान पर 28 जनवरी को अमेरिका से खेलेगी। टूर्नामेंट की शुरुआत 19 जनवरी को दो मैचो से होगी जिसमे आयरलैंड का सामना अमेरिका से और वेस्टइंडीज का सामना दक्षिण अफ्रीका से होगा। इस टूर्नामेंट मे कुल 16 टीम भाग लेगी जिन्हे चार ग्रुप मे बांटा गया है। प्रत्एक ग्रुप मे शामिल टीम इस प्रकार है। ग्रुप ए : भारत, बांग्लादेश, आयरलैंड, अमेरिका। ग्रुप बी: इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका, वेस्ट इंडीज, स्कॉटलैंड। ग्रुप सी: ऑस्ट्रेलिया, श्रीलंका, नामीबिया, जम्बिाब्वे। ग्रुप डी: अफगानिस्तान, पाकिस्तान, न्यूजीलैंड, नेपाल।

महिला क्रिकेट की प्रगति पुरूष क्रिकेट से अधिक हुई : गांगुली

नई दिल्ली। भारत के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली का मानना है कि भारत मे महिला क्रिकेट ने 2019 के बाद से पुरूष क्रिकेट की तुलना मे अधिक प्रगति की है। गांगुली ने जियो सिनेमा से कहा , भारत मे 2019 के बाद से महिला क्रिकेट ने काफी प्रगति की है , पुरूष क्रिकेट से भी अधिका पुरूष क्रिकेट हमेशा से अच्छी स्थिति मे था। महिला क्रिकेट ने जहां से यहां तक का सफर तय किया है, वह काबिले तारीफ है। एशिया कप जीतना , विश्व कप मे प्रदर्शन और राष्ट्रमंडल खेल मे उपविजेता रहना। हरमनप्रीत , स्मृति, रिचा, जेमिमा, शेफाली , सभी की प्रगति प्रभावी रही है। जब झूलन गोस्वामी ने संन्यास लिया तो लगा कि अगली तेज गेंदबाज कहां से आएगी लेकिन पिछले तीन साल मे रेणुका ठाकुर आई। महिला क्रिकेट के लिए यह बहुत अच्छी बात रही।

होल्डर, पूरन , मायर्स ने वेस्टइंडीज के केंद्रीय अनुबंध ठुकराए , टी20 खेलते रहेंगे

किंग्सटाउन। देश के केंद्रीय अनुबंध से कन्नी काटने वाले क्रिकेटरो की जमात मे वेस्टइंडीज के निकोलस पूरन, जैसन होल्डर्स और काइल मायर्स का नाम भी जुड़ गया जिन्होने 2023 . 24 सत्र के लिए अनुबंध ठुकरा दिया है। तीनो इस दौरान टी20 खेलने के लिए उपलब्ध रहेंगे। वेस्टइंडीज क्रिकेट बोर्ड ने एक विज्ञप्ति मे यह जानकारी दी। वेस्टइंडीज के केंद्रीय अनुबंध मे फिलहाल 14 पुरूष और 15 महिला खिलाड़ी है। वेस्टइंडीज पुरूष टीम के मुख्य चयनकर्ता डेसमंड हैंस ने कहा , हमे पता है कि हम किस दिशा मे जाना चाहते है। उन्ही खिलाड़ियो को अनुबंध की पेशकश की गई है जिन्हे हम भविष्य मे चाहते है। अगला टी20 विश्व कप हमारे देश मे हो रहा है और हम उसमे अच्छा प्रदर्शन करना चाहते है।

बीसीसीआई अंडर-16 प्रतियोगिता में द्रविड़ बनाम सहवाग : आर्यवीर और अन्वय आमने-सामने

विजयवाड़ा। लगभग एक दशक बाद भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के स्कोर कार्ड मे भारतीय क्रिकेट के दो दिग्गजो (वीरेंद्र) सहवाग और (राहुल) द्रविड़ के नाम दिखाई देगे। कर्नाटक और दिल्ली के बीच सोमवार से शुरू हुए विजय मर्चेंट ट्रॉफी राष्ट्रीय अंडर-16 प्रतियोगिता मे द्रविड़ और सहवाग आमने-सामने है। कर्नाटक की अंडर-16 टीम के कप्तान अन्वय द्रविड़ और दिल्ली के सलामी बल्लेबाज आर्यवीर सहवाग इस मैच मे अपनी राज्य टीमो का प्रतिनिधित्व कर रहे है। पहले दिन के खेल मे हालांकि जूनियर द्रविड़ का बल्ला नही चला और वह खाता भी नही खोल पाए जबकि जूनियर सहवाग 50 रन बनाकर खेल रहे है। पूर्व भारतीय कप्तान और वर्तमान मे मुख्य कोच द्रविड़ के छोटे बेटे है। वह टीम के विकेटकीपर भी है। सहवाग के बड़े बेटे आर्यवीर अपने पिता की तरह ही आक्रमक सलामी बल्लेबाज है। भारतीय क्रिकेटरो की अगली पीढ़ी के लिए यह साल अच्छा रहा है।

वेस्टइंडीज-इंग्लैंड टी20 श्रृंखला के साथ स्टॉप क्लॉक ट्रायल

दुबई। ओवरो के बीच मे लगने वाले समय को सीमित करने के लिए स्टॉप क्लॉक ट्रायल वेस्टइंडीज और इग्लैंड के बीच टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के साथ शुरू होगा। खेल की वैश्विक संचालन संस्था अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने सोमवार को यह जानकारी दी। ट्रायल की शुरुआत मंगलवार को बारबडोस मे वेस्टइंडीज और इंग्लैंड के बीच पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले के साथ होगी। आईसीसी ने बयान मे कहा कि स्टॉप क्लॉक से ओवरो के बीच लगने वाले समय को सीमित किया जाएगा। इसका मतलब है कि गेंदबाजी टीम को पिछला ओवर पूरा करने के 60 सेकेंड के भीतर अगले ओवर की पहली गेंद फेंकने के लिए तैयार होना होगा। पारी मे तीसरी बार ऐसा करने मे नाकाम रहने पर (दो चेतावनी के बाद) क्षेत्ररक्षण टीम के खिलाफ पांच रन की पेनल्टी लगाई जाएगी। आईसीसी के क्रिकेट महाप्रबंधक वसीम खान ने कहा, हमारा ध्यान अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के सभी प्रारूपो मे खेल की गति मे इजाफे के तरीके ढूंढने पर है।

गुरु गोविंद सिंह स्पोटर्स कॉलेज और लखनऊ एकादश का मैच बराबरी पर छूटा

लखनऊ। ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन के अध्यक्ष कल्याण चौबे की मौजूदगी में गुरु गोविंद सिंह स्पोटर्स कॉलेज और लखनऊ एकादश के बीच खेला गया मैत्री फुटबॉल मैच गोलरहित बराबरी पर खत्म हुआ। चौक स्टेडियम पर खेले गए इस मैच में निर्धारित समय में दोनों ही टीमें गोल दागने में असमर्थ रही। मैच की शुरुआत कल्याण चौबे ने फुटबॉल पर किक मारकर की। अपने समय के बेहतरीन गोलकीपर रहे कल्याण चौबे ने मोहन बागान से खेलने के साथ अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी भारत का प्रतिनिधित्व भी किया है। उन्होंने आज के मैच को बड़ी बारीकी से देखा और लखनऊ फुटबॉल को आगे बढ़ाने के लिए खिलाड़ियों को आश्वासन भी दिया। इस मौके पर लखनऊ फुटबॉल संघ से रजिस्टर महिला खिलाड़ियों ने भी मैच में भाग लिया जिनका मुकाबला बराबरी पर खत्म हुआ। मैच के बाद कल्याण चौबे राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों से भी मिले और मोहम्मद इमरान ए सुधीर कुमारए उमा खानए जायनाए मरियम को बेहतर खेल के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर पार्षद अनुराग मिश्रा अन्नूए क्रीड़ा भारती उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष एमएलसी इंजीनियर अवनीश कुमार सिंहए पूर्व हॉकी ओलंपियन सैयद अलीए लखनऊ फुटबॉल संघ के उपाध्यक्ष विनय सिंह व अन्य मौजूद रहे।

असद ने क्रिकेट को अलविदा कहा, चयनकर्ता बनना तय

कराची। पाकिस्तान के टेस्ट बल्लेबाज असद शफीक ने क्रिकेट के सभी प्रारूपो को अलविदा कह दिया चूंकि उन्हें महसूस हो रहा था कि खेल के लिए उनके जुनून मे कमी आई है। सैंतीस वर्ष के शफीक ने रविवार को यह ऐलान किया। उन्होने राष्ट्रीय टी20 चैम्पियनशिप मे कराची व्हाइट्स को खिताब दिलाने के बाद प्रेस कांफ्रेंस मे कहा , मुझे अब क्रिकेट खेलने को लेकर पहले सा रोमांच या जुनून महसूस नही हो रहा और अब अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलने के लिए फिटनेस का स्तर भी वैसा नही रह गया है। इसीलिए मैने खेल को अलविदा कहने का फैसला किया है। उन्होने यह भी कहा कि वह पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के वेतनभोगी राष्ट्रीय चयनकर्ता बन सकते है। उन्होने कहा , मुझे बोर्ड से करार मिला है और मै इस पर गौर कर रहा हूं। जल्दी ही इस पर हस्ताक्षर करूंगा। असद ने पाकिस्तान के लिए 2010 से 2020 के बीच 77 टेस्ट मे 4660 रन बनाए जिसमे 12 शतक और 27 अर्धशतक शामिल है। इसके अलावा उन्होने 60 वनडे और 10 टी20 मैच भी खेले है।

अभी नही पता कि क्या करूंगी: मेरीकोम

नई दिल्ली। ओलंपिक कांस्य पदक विजेता मुक्केबाज मेरीकोम ने आगामी वर्षो मे पेशेवर मुक्केबाज बनने की संभावना को खारिज नही किया है क्योकि यह अनुभवी मुक्केबाज आयु से जुड़ी सीमाओ के कारण अब एमेच्योर मुक्केबाजी मे चुनौती पेश नही कर सकती। राष्ट्रमंडल खेलो के 2022 मे हुए चयन ट्रायल के दौरान एंटीरियर क्रूसिएट लिगामेंट (एसीएल) की चोट के बाद से इस छह बार की विश्व चैंपियन मुक्केबाज ने प्रतिस्पर्धा पेश नही की है। उन्होने हालांकि अब तक संन्यास की घोषणा नही की है। नियमो के अनुसार 40 वर्ष से अधिक की उम्र की मुक्केबाज एमेच्योर वर्ग मे चुनौती पेश नही कर सकती और मेरीकोम अब 41 साल की है। पहले खेलो इंडिया पैरा खेलो मे सोमवार को यहां पदक विजेताओ को पदक देने के बाद मेरीकोम ने पीटीआई से कहा, अगर मै अपने दिल से कहूं तो मेरे मे अब भी कुछ करने की भूख है। अब भी प्रतिस्पर्धा करना चाहती हूं और अपने देश का प्रतिनिधित्व करना चाहती हूं। लेकिन इस साल से मै आयु सीमा के कारण प्रतिस्पर्धा नही कर पाऊंगी।

खेल मंत्री से मिले बजरंग और साक्षी, संजय सिंह को डब्ल्यूएफआई चुनाव लड़ने से रोकने का आग्रह किया

भाषा। नई दिल्ली

ओलंपिक पदक विजेता पहलवान बजरंग पूनिया और साक्षी मलिक सोमवार को खेल मंत्री अनुराग ठाकुर से मिले और उनसे एक बार फिर आग्रह किया कि भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व अध्यक्ष बृज भूषण शरण सिंह से जुड़े किसी भी व्यक्ति को राष्ट्रीय महासंघ के आगामी चुनाव लड़ने से रोका जाए। डब्ल्यूएफआई के बहुप्रतीक्षित चुनाव 21 दिसंबर को महासंघ की आम सभा की बैठक में होने हैं और इसी दिन नतीजों की घोषणा भी की जाएगी। बजरंग और साक्षी उन पहलवानों में शामिल थे जिन्होंने दो महीने तक बृज भूषण के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन की अगुआई की थी। भारतीय जनता पार्टी के सांसद बृज भूषण पर यौन उत्पीड़न के कई आरोप लगे हैं। तोक्यो ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता बजरंग के अनुसार उन्होंने अपना विरोध-प्रदर्शन वापस लिया था क्योंकि सरकार ने आश्वासन दिया था कि बृज भूषण से जुड़ा कोई व्यक्ति चुनाव नहीं लड़ पाएगा। बृज भूषण के विश्वासपात्र संजय सिंह और 2010 राष्ट्रमंडल खेलों की स्वर्ण पदक विजेता अनिता श्योराण डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष पद के लिए चुनौती पेश कर रहे हैं। बजरंग ने कहा, हां, आज हमने खेल मंत्री से मुलाकात की और उन्हें उनका वादा याद दिलाया कि बृज भूषण से जुड़ा कोई व्यक्ति डब्ल्यूएफआई चुनाव नहीं लड़ेगा। संजय सिंह उसका करीबी है और उसे चुनाव से हटना चाहिए या फिर हम जल्द ही अपनी भविष्य की कार्वाई पर फैसला करेंगे। हमने मंत्री को यह बता दिया है।उन्हें अनिता से कोई समस्या नहीं है क्योंकि वह पूर्व पहलवान है और खिलाड़ियों के हालात से वाकिफ है।हम चाहते हैं कि कोई पूर्व पहलवान डब्ल्यूएफआई का प्रभार संभाले जिसे कम से कम यह तो पता हो कि देश के लिए पदक जीतने के लिए क्या करना होता है। अनिता राष्ट्रमंडल खेलों की पदक विजेता हैं और पहलवानों की मांगों को समझती हैं। डब्ल्यूएफआई की पहला महिला अध्यक्ष बनने के लिए चुनौती पेश कर रहीं अनिता बृज भूषण के खिलाफ यौन उत्पीड़न के मामले में कथित तौर पर गवाह हैं। बृज भूषण पर यौन उत्पीड़न के कई आरोप लगे हैं और वह अभी जमानत पर हैं।

शतरंज चैंपियनशिप में भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगे गुकेश, एरिगेसी

चेन्नई। स्थानीय स्टार डी गुकेश सहित भारत के कुछ सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी यहां 15 से 21 दिसंबर तक होने वाली चेन्नई ग्रैंडमास्टर्स शतरंज चैंपियनशिप 2023 में खिताब के लिए चुनौती पेश करेंगे। तमिलनाडु खेल विकास प्राधिकरण द्वारा आयोजित टूर्नामेंट में आठ ग्रैंडमास्टर हिस्सा लेंगे जिसमें पांच अंतरराष्ट्रीय और तीन भारतीय ग्रैंडमास्टर हैं। यह टूर्नामेंट क्लासिकल प्रारूप में खेला जाएगा और राउंड रोबिन आधार पर सात दौर होंगे। सोमवार को यहां जारी आधिकारिक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार तमिलनाडु सरकार द्वारा प्रायोजित इस प्रतियोगिता की कुल इनामी राशि 50 लाख रुपए होगी। इस टूर्नामेंट के जरिए गुकेश और अर्जुन एरिगेसी को 2024 में होने वाले कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करने का मौका मिलेगा। चेन्नई के आर प्रज्ञानानंदा और विदित गुजराती पहले ही कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई कर चुके हैं जिससे मौजूदा विश्व चैंपियन डिंग लिरेन को चुनौती देने वाले खिलाड़ी का फैसला होगा। गुकेश और एरिगेसी के अलावा पी हरिकृष्णा, ईरान के परहाम माघसूदलू, अमेरिका के लेवोन अरोनियन, यूक्रेन के पावेल एल्जानोव, सर्बिया के एलेक्सांद्र प्रेदके और हंगरी के सुगिरोव सेनन टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगे।

हम 2030 एशियाई पैरा खेलों में 200 पदक जीत सकते हैं: ठाकुर

भाषा। नई दिल्ली

खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने सोमवार को यहां कहा कि भारत 2030 में होने वाले एशियाई पैरा खेलों में 200 पदक जीतने का लक्ष्य बना सकता है जो हाल में चीन में खेले गए खेलों से लगभग दोगुना होगा। भारत ने हांगझोउ पैरा एशियाई खेलों में 29 स्वर्ण पदक सहित 111 पदक जीते थे। अगले एशियाई पैरा खेल 2026 में जापान के आइची नागोया में खेले जाएंगे। ठाकुर ने पहले खेलो इंडिया पैरा खेलों के उद्घाटन के अवसर पर कहा, अगर हम 2022 के एशियाई पैरा खेलों में 111 पदक जीत सकते हैं तो हम 2030 के एशियाई पैरा खेलों में 200 पदक के लक्ष्य को हासिल कर सकते हैं। उन्होंने कहा, पहले खेलो इंडिया पैरा खेल देश के खेल पारिस्थितिकी तंत्र में नए आंदोलन की शुरुआत कर रहा है। यह सभी खिलाड़ियों को समान अवसर देने की दिशा में एक नया कदम है। खेलो इंडिया पैरा खेलों में 32 राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों और सेना खेल बोर्ड के 1400 से अधिक खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। इन खेलों का आयोजन 10 से 17 दिसंबर के बीच तीन स्थलों, इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम, जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम और कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में किया जाएगा। खिलाड़ी सात खेल एथलेटिक्स, निशानेबाजी, तीरंदाजी, फुटबॉल, बैडमिंटन, टेबल टेनिस और भारोत्तोलन में 276 स्वर्ण पदक के लिए अपना भाग्य आजमाएंगे। इन खेलों में शीतल देवी, भावना पटेल और प्रमोद भगत जैसे अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी भी भाग ले रहे हैं। इन खेलों में भाग ले रहे खिलाड़ियों के लिए नरेंद्र मोदी ने भी विशेष संदेश भेजा था।

जूनियर हॉकी :